CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

मुरादाबाद, सोमवार 13 अक्टूबर 2025 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 23 अंक 59 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

अधिकतम :29°C
न्यूनतम: 16°C

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com कार्तिक कृष्ण पक्ष 7 विक्रमी सम्वत् 2082 20 रबी उल सानी 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित


# हमारा दिल बड़ा है, पाकिस्तान से पूछिए क्या दिक्कत: मुत्ताकी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** अफगानिस्तान के विदेश मंत्री अमीर खान मुत्ताकी इन दिनों भारत के दौरे पर हैं। इस दौरान उन्होंने पाकिस्तान-अफगानिस्तान के बीच तनाव और भारत की अफगानिस्तान से बढ़ती नजदीकी से संबंधित कई सावलों के जवाब दिए।

नई दिल्ली में एक प्रेस वार्ता के दौरान अफगानिस्तान के विदेश मंत्री अमीर खान मुत्ताकी ने साफ किया कि उनके देश को पाकिस्तान या भारत के साथ किसी तरह की परेशानी नहीं है। जब उनसे पूछा गया कि क्या भारत से अफगानिस्तान की बढ़ती दोस्ती की वजह से पाकिस्तान ने तनाव बढ़ाया है, तो उन्होंने कहा कि ये सवाल पाकिस्तान से पूछिए। हमें तो कोई दिक्कत नहीं है, हमारा दिल बड़ा है। मुत्ताकी ने यह भी कहा कि अफगानिस्तान सभी पड़ोसी देशों के साथ शांति और सहयोगपूर्ण संबंध चाहता है, चाहे वो पाकिस्तान हो या भारत। उन्होंने क्षेत्रीय संबंधों में किसी तनाव को खारिज करते हुए कहा कि अफगानिस्तान का मकसद टकराव नहीं, बल्कि सहयोग है। मुत्ताकी ने पाकिस्तान के साथ चल रहे तनाव और तेहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) को लेकर बड़ा बयान दिया है।



**भारत-अफगानिस्तान की बढ़ रही नजदीकी पर खुलकर बोले अफगानिस्तान के विदेश मंत्री, कहा- अफगानिस्तान को पाक या भारत के साथ किसी तरह की परेशानी नहीं है**

## मुत्ताकी की प्रेस कॉन्फ्रेंस: महिला पत्रकार पहली लाइन में बैठीं

**नई दिल्ली।** अफगानिस्तान की तालिबान सरकार के विदेश मंत्री अमीर खान मुत्ताकी ने रविवार को दिल्ली में प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इसमें महिला पत्रकारों को भी बुलाया गया। प्रेस-कॉन्फ्रेंस में महिला पत्रकार पहली लाइन में बैठीं थीं। इससे पहले शुक्रवार को हुई प्रेस कॉन्फ्रेंस में महिला पत्रकारों को नहीं बुलाया गया था। इस पर विवाद भी खड़ा हो गया था। मुत्ताकी ने पिछली बार महिला पत्रकारों को न बुलाने पर सफाई भी दी। उन्होंने बताया कि यह सिर्फ तकनीकी कारणों से हुआ था। पिछली बार पत्रकारों की छोटी लिस्ट तैयार की गई थी, क्योंकि समय कम था। इसके अलावा कोई दूसरा इरादा नहीं था।

## अफगानिस्तान के विदेश मंत्री की आगरा यात्रा रद्द

**आगरा।** अफगानिस्तान के विदेश मंत्री अमीर खान मुत्ताकी की रविवार की आगरा यात्रा रद्द हो गई। श्री मुत्ताकी ताजमहल देखने के लिए रविवार को आगरा जाने वाले थे और उनका यह कार्यक्रम आठ अक्टूबर को तय हो गया था। उनकी आगरा यात्रा किस कारण रद्द हुई इसकी जानकारी सामने नहीं आई है। प्रशासन के अनुसार, उन्हें सिर्फ आगरा यात्रा का कार्यक्रम रद्द होने की सूचना मिली है। श्री मुत्ताकी रविवार सुबह आठ बजे दिल्ली से यमुना एक्सप्रेस वे होते हुए आगरा जाने वाले थे। 11 बजे आगरा पहुंच कर ताजमहल का दीदार करने वाले थे। इसके बाद दोपहर का खाना खाने के बाद उन्हें वापस दिल्ली आना था। करीब एक घंटे तक ताजमहल परिसर में रहना प्रस्तावित था।

## बंगाल मेडिकल छात्रा गैंगरेप केस, 3 आरोपी गिरफ्तार

**कोलकाता।** प. बंगाल के दुर्गापुर में मेडिकल स्टूडेंट से गैंगरेप केस में पुलिस ने 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया। 2 आरोपी अभी भी फरार हैं। सभी पास के गांव के रहने वाले हैं। पुलिस ने बताया कि आरोपियों के पास पीड़ित का मोबाइल था। इससे कॉल किया गया था। घटना कोलकाता से 170 किमी दूर दुर्गापुर के एक प्राइवेट मेडिकल कॉलेज के ठीक सामने 10 अक्टूबर की रात 8 से 10 बजे के बीच हुई। पीड़ित अपने दोस्त के साथ डिनर के लिए निकली थी। कैंपस गेट पर 3 युवक खड़े थे। पीड़ित के मुताबिक, युवकों ने उसका मोबाइल छीना, फिर बाल पकड़कर कैंपस गेट के सामने जंगल में घसीटकर ले गए। तीनों ने उसका रेप किया।

## संक्षिप्त समाचार

### पेंशनर आज करेंगे EPFO मुख्यालय के बाहर प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** देशभर के पेंशनर 13 अक्टूबर को यहां कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) मुख्यालय पर प्रदर्शन करेंगे। ईपीएस-95 राष्ट्रीय संघर्ष समिति ने रविवार को यह घोषणा की। समिति की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार सरकार ने बेंगलुरु में प्रस्तावित केन्द्रीय न्यास बोर्ड (सीबीटी) की बैठक को दिल्ली स्थानांतरित कर दिया है, जिससे पेंशनरों में असंतोष और बढ़ गया है। समिति के अनुसार न्यूनतम पेंशन 7,500 रुपये प्रतिमाह किए जाने की मांग लंबे समय से लंबित है। इसके अलावा पेंशनरों का कहना है कि डीए (महंगाई भत्ता) का पूरा भुगतान, उच्चतम न्यायालय के के फैसले के अनुसार पेंशन वृद्धि और उचित चिकित्सा सुविधाएं भी सुनिश्चित की जाएं। इस मुद्दे पर सरकार द्वारा अब तक कोई ठोस कदम न उठाए जाने से पेंशनरों में नाराज़गी बढ़ती जा रही है। पिछले एक महीने से देशभर के ईपीएफओ और जिलाधिकारी कार्यालयों के बाहर प्रदर्शन हो रहे हैं, लेकिन सरकार की ओर से इस पर कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है।

### भारतीय सेना का दल ऑस्ट्रेलिया रवाना

**नई दिल्ली।** भारतीय सेना के 120 जवानों का एक दल भारत-ऑस्ट्रेलिया संयुक्त सैन्य अभ्यास ऑस्ट्राहिड 2025 के चौथे संस्करण में भाग लेने के लिए ऑस्ट्रेलिया के पर्थ में इरविन बैरक के लिए शनिवार को रवाना हुआ। रक्षा मंत्रालय ने रविवार को एक बयान में कहा कि यह अभ्यास 13 से 26 अक्टूबर तक के लिए निर्धारित है। भारतीय सेना के इस दल का नेतृत्व गोरखा राइफल्स की एक बटालियन तथा अन्य सेनाओं और सेवाओं के जवान कर रहे हैं। वार्षिक अभ्यास ऑस्ट्राहिड 2025 का उद्देश्य दोनों देशों के बीच सैन्य सहयोग को बढ़ाना, अंतर-संचालन में सुधार करना और भाग लेने वाली सेनाओं को शहरी और अर्ध-शहरी इलाकों में उप-पारंपरिक युद्ध के क्षेत्र में रणनीति, तकनीक और प्रक्रियाओं का आदान-प्रदान करने के लिए एक मंच पर लाना है।

### विनट्रैक इंक प्रकरण में जांच शुरू, कस्टम दलाल निलंबित

**नई दिल्ली।** चेन्नई की फर्म विनट्रैक के प्रकरण में राजस्व विभाग द्वारा की गई प्रारंभिक तथ्यात्मक जांच रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई शुरू करते हुए विजिलेंस जांच शुरू कर चेन्नई में सीमाशुल्क विभाग के कई अधिकारियों को दूसरी जगह भेज दिया गया है और एक दलाल का सीमा शुल्क लाइसेंस निलंबित कर दिया गया है। अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) ने कहा है कि इस मामले की आगे की सतर्कता विभाग द्वारा जांच विधिवत शुरू करा दी गई है। इसकी रिपोर्ट 4-6 सप्ताह में आने की उम्मीद है, उसके बाद आगे की कार्रवाई की जा सकती है।

# ऑपरेशन ब्लू स्टार गलत था: चिदंबरम

## कहा: इंदिरा गांधी को जान देकर चुकानी पड़ी कीमत

कसौली (हिमाचल प्रदेश) वार्ता

**पूर्व गृह एवं** वित्त मंत्री पी. चिदंबरम ने 1984 में इंदिरा गांधी के नेतृत्व वाली सरकार के तहत ऑपरेशन ब्लू स्टार की आलोचना की और इसे गलत तरीका बताया। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने इस गलती की कीमत अपनी जान देकर चुकाई।

खुशवंत सिंह साहित्य महोत्सव 2025 में बोलते हुए, पूर्व केंद्रीय गृह और वित्त मंत्री ने कहा कि सिख पूजा स्थल से सेना को बाहर रखकर स्वर्ण मंदिर को पुन: प्राप्त करने के लिए ऑपरेशन ब्लैक थंडर सही तरीका था। पी. चिदंबरम ने कहा कि जून 1984 का ऑपरेशन ब्लू स्टार सेना, पुलिस, खुफिया और सिविल सेवाओं का एक संचयी निर्णय था। उन्होंने कहा कि यहां किसी भी सैन्य अधिकारी का कोई अनादर नहीं है, लेकिन वह (ब्लू स्टार) स्वर्ण मंदिर को पुन: प्राप्त करने का गलत तरीका था। कुछ साल बाद, हमने सेना को बाहर रखकर स्वर्ण मंदिर को पुन: प्राप्त करने का सही तरीका दिखाया। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि आप इसके लिए केवल इंदिरा गांधी को दोषी नहीं ठहरा सकते। चिदंबरम लेखिका हरिंदर बावेजा के साथ वे विल शूट यू, मैडम: माई लाइफ : कॉन्फ्लिक्ट पर एक चर्चा के दौरान एक सभा को संबोधित कर रहे थे। ऑपरेशन ब्लू स्टार 1 जून से 10 जून 1984 तक चला 10 दिनों का सैन्य अभियान था। 6 जून 1984 को, पंजाब में जरनैल सिंह भिंडरावाले के नेतृत्व में सिख उग्रवाद को रोकने के लिए तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के आदेश पर ऑपरेशन ब्लू स्टार के तहत भारतीय सेना ने स्वर्ण मंदिर में धावा बोला था।



**1984 ऑपरेशन ब्लू स्टार सेना, पुलिस, खुफिया और सिविल सेवाओं का संचयी निर्णय था**

### चिदंबरम के बयान पर कांग्रेस आलाकमान नाराज

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी. चिदंबरम के बयान (ऑपरेशन ब्लू स्टार) पर पार्टी के अंदर सियासी बवाल मच गया है। कांग्रेस के कई नेताओं ने उनके बयान को लेकर नाराजगी जाहिर की है। सूत्रों के मुताबिक, कांग्रेस आलाकमान भी उनके बयान से नाराज है। शीर्ष नेतृत्व से लेकर आम कार्यकर्ता तक उनके हालिया बयान से नाखुश हैं। सूत्रों के मुताबिक, कांग्रेस आलाकमान का कहना है कि वैसे वरिष्ठ नेता जिन्हें कांग्रेस ने सब कुछ दिया है, उन्हें सावधानीपूर्वक बयान देना चाहिए। बार-बार ऐसे बयान देना सही नहीं है। इससे पार्टी की फजीहत होती है। उन्होंने हाल ही में कुछ ऐसे बयान दिए हैं, जिनसे पार्टी को शर्मिंदगी उठानी पड़ी है।

### कांग्रेस का इतिहास कमजोरियों से भरा

**नई दिल्ली।** चिदंबरम के बयान पर केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने अपनी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि चिदंबरम पहले 26/11 पर विदेशी दबाव का खुलासा कर चुके हैं, अब यह बयान। कांग्रेस का इतिहास कमजोरियों से भरा है। बीजेपी प्रवक्ता आरपी सिंह ने कहा कि चिदंबरम ने सच्चाई कही।

## सीमा पर 2.82 करोड़ के सोने के साथ तस्कर गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** बीएसएफ ने रविवार को भारत-बांग्लादेश सीमा पर एक तस्कर को 2.82 करोड़ रुपये मूल्य के सोने के बिस्कुट के साथ गिरफ्तार किया। अधिकारियों को पश्चिम बंगाल में सीमा के पास स्थित मुस्लिमपारा गांव का एक व्यक्ति होरंदीपुर इलाके से बांग्लादेश से सोने की तस्करी करने की योजना बनाए जाने की सूचना मिली थी। ड्यूटी पर तैनात जवानों को अतिरिक्त सतर्कता बरतने और जाल बिछाने को कहा गया। सुबह लगभग छह बजे एक संदिग्ध व्यक्ति को घने बांस के झुरमुट के पीछे सावधानी से घूमते देखा और उसे पकड़ लिया गया।

# बिहार में एनडीए का सीट शेयरिंग का ऐलान

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) ने बिहार के विधानसभा चुनावों के लिए सीट बंटवारे की घोषणा कर दी है। भाजपा और जनता दल (यूनाइटेड) यानी जदयू दोनों 101-101 सीटों पर चुनाव लड़ेंगी। लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) को 29 सीटें मिली हैं। राष्ट्रीय लोक मोर्चा को छह सीटें दी गई हैं।

हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (हम) को भी छह सीटों पर चुनाव लड़ने का मौका मिला है। भाजपा महासचिव विनोद तावड़े ने एक्स पर लिखा, संगठित व समर्पित एनडीए... आगामी बिहार विधानसभा चुनाव के लिए एनडीए परिवार के सभी सदस्यों ने सौहार्दपूर्ण वातावरण में आपसी सहमति से सीटों का वितरण पूर्ण किया, जो कि इस प्रकार है। भाजपा -101 सीट, जदयू - 101 सीट, लोजपा (रामविलास) - 29 सीट, रालोमो- 6 सीट, हम-6 सीट। उन्होंने आगे लिखा, एनडीए के सभी दलों के नेताओं व कार्यकर्ताओं ने इस फैसले का खुशी से स्वागत किया है। सभी साथी कमर कस चुके हैं और बिहार में फिर से एनडीए सरकार बनाने के लिए संकल्पित हैं। इस बीच, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बिहार चुनाव के लिए भाजपा के मुख्यालय में मुख्य चुनाव समिति (सीईसी) बैठक में शामिल होने के लिए पहुंच गए हैं। इस बीच, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बिहार चुनाव के लिए भाजपा के मुख्यालय में सीईसी बैठक में शामिल होने के लिए पहुंच गए हैं। लोजपा (रामविलास) के प्रमुख चिराग पासवान ने एनडीए में सीट बंटवारे को लेकर कहा कि एनडीए परिवार ने सौहार्दपूर्ण वातावरण में बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के लिए सीटों का बंटवारा पूरा किया है।

**भाजपा-101, जदयू- 101, चिराग को 29, उपेंद्र कुशवाहा- मांझी 6-6 सीटों पर लड़ेंगे चुनाव**

# डीजीसीए ने इंडिगो पर लगाया 40 लाख का जुर्माना

**नई दिल्ली।** डायरेक्टोरेट जनरल ऑफ सिविल एविएशन (डीजीसीए) ने इंडिगो एयरलाइंस पर 40 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है।

पायलट ट्रेनिंग में अन-क्वालिफाइड फ्लाइट सिमुलेटर के इस्तेमाल करने की वजह से ये एक्शन लिया गया है। जांच में पाया गया कि करीब 1700 पायलटों की ट्रेनिंग कैटेगरी सी एयरपोर्ट्स जैसे कलिकट, लेह और काठमांडू हवाई अड्डों पर नियमों के अनुसार बताए गए सिमुलेटरों पर नहीं हुई। डीजीसीए ने 11 अगस्त 2025 को ट्रेनिंग डायरेक्टर को शो कॉज नोटिस जारी किया था।

**पायलट ट्रेनिंग सिमुलेटर इस्तेमाल न करने पर लिया एक्शन**

### जांच के निर्देश

**नई दिल्ली।** डीजीसीए ने रविवार को एयर इंडिया को निर्देश दिया है कि जिन बोइंग 787 विमानों में हाल ही में पीसीएम बदला गया है, उन सभी विमानों के रैम एयर टर्बाइन (आरएटी) की स्टोवेज (फिटिंग और कंडीशन) की दोबारा जांच की जाए। डीजीसीए का ये निर्देश एयर इंडिया के दो बोइंग 787 विमानों में हाल में हुई तकनीकी घटनाओं और एफआईपी के एयर इंडिया के सभी बोइंग 787 ड्रीमलाइनर विमानों को ग्राउंड करने की मांग की पर आया है।


# केरल फिर बना देश का रोल मॉडल राज्य

**तिरुवनंतपुरम।** केरल के कोट्टायम में 63 साल की स्वर्णम्मा रहती हैं। विधवा हैं। पूरा जीवन किराए के घर में रहीं। एक दिन जिला प्रशासन की टीम घर पहुंची। 10 लाख रुपये दिए, ताकि वो घर बनाएं और बचत करें। स्वर्णम्मा ने 6 लाख रुपये में 3 सेंट (1306 वर्ग फीट) जमीन खरीदी। जिस पर अब घर बन रहा है। स्वर्णम्मा जैसे केरल में 64 हजार परिवारों के 1.03 लाख लोग और हैं, जिन्होंने अत्यंत गरीबी में जीवन गुजारा।

अब उनकी जिंदगी बदल गई है। सरकार और सामाजिक भागीदारी से केरल एक बार फिर देश के लिए रोल मॉडल बनने जा रहा है। इस राज्य ने अपने यहां से 'अत्यंत गरीबी' खत्म कर दी है। इसकी आधिकारिक घोषणा एक नवंबर को होगी। इसी के साथ केरल ऐसा करने वाला देश और दक्षिण एशिया का भी पहला राज्य होगा। मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन के मुताबिक संयुक्त राष्ट्र के अनुसार जिनकी आय 158.10 रुपये प्रतिदिन से कम है, वो अत्यंत गरीब की कैटेगरी में आते हैं। केरल ने इस मानक से आगे भोजन, आय, स्वास्थ्य और आवास को आधार बनाया और इसे 'मानवीय गरिमा' नाम दिया। इसमें सामाजिक संगठनों की मदद अभूतपूर्व रही। केरल में 73 हजार माइक्रो प्लान बनाए, उन्हें उनकी जरूरत के अनुसार मदद की। इसकी सख्त मॉनिटरिंग की। हर पैसे और मदद का हिसाब लिया गया। केरल को अत्यंत गरीबी से बाहर निकालने की शुरुआत 2021 में हुई। राज्य सरकार ने 1300 सर्वेयर की टीम 14 जिलों में उतारीं। जिनके पास भोजन, स्वास्थ्य, आय और आवास नहीं थे, उन्हें चुनने का टास्क दिया गया। वार्डों/डिवीजनों से भागीदारी नामांकन, उप-समितियों द्वारा शॉर्ट लिस्टिंग, एक मोबाइल एप का इस्तेमाल करके साक्षात्कार और ग्राम सभाओं द्वारा अंत तक अंतिम सत्यापन किया गया।



**गरीबी खत्म की, ऐसा करने वाला दक्षिण एशिया का पहला राज्य, 73000 माइक्रो प्लान बनाए**

# आजम खां को वाई कैटेगरी सुरक्षा वापस मिली

## जेल से बाहर आते ही फिर मिली सिक्योरिटी

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ उनकी सुरक्षा में गार्ड एवं गनर उनके आवास पर तैनात कर दिए गए हैं

**रामपुर/लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के नेता और पूर्व कैबिनेट मंत्री आजम खां की सुरक्षा फिर से बहाल कर दी गई है। समाजवादी पार्टी के नेता को फिर से वाई श्रेणी की सुरक्षा प्रदान गई है।

शनिवार से ही उनकी सुरक्षा में तैनात गार्ड एवं गनर तैनात कर दिए गए हैं। इससे पहले कोर्ट से दोषी करार दिए जाने के बाद उनकी विधानसभा सदस्यता खत्म कर दी गई थी। उत्तर प्रदेश सरकार ने समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता आजम खान को दी गई 'वाई-श्रेणी' सुरक्षा वापस लेते हुए कहा था कि इसकी जरूरत नहीं थी। उन्हें लखनऊ स्थित सुरक्षा मुख्यालय से एक पत्र मिला था, जिसमें कहा गया था कि रामपुर से 10 बार विधायक रहे आजम खान को वाई-श्रेणी की सुरक्षा देने की कोई जरूरत नहीं है। वाई-श्रेणी की सुरक्षा के तहत आजम खां को तीन बंदूकधारी और सुरक्षाकर्मी दिए गए थे, जो उनके आवास पर चौबीसों घंटे तैनात रहते थे। आज़म खान ने 2022 के उत्तर प्रदेश चुनावों में रामपुर विधानसभा सीट से रिकॉर्ड 10वीं बार जीत हासिल की थी। विधायक बनने के बाद उन्होंने लोकसभा से इस्तीफा दे दिया था। अक्टूबर 2022 में, उत्तर प्रदेश विधान सभा सचिवालय ने आजम खान को सदन से अयोग्य घोषित करने की घोषणा की, जिसके एक दिन पहले ही अदालत ने उन्हें भड़काऊ भाषण के एक मामले में तीन साल की जेल की सजा सुनाई थी। लेकिन अब 23 महीने के बाद आजम खान जमानत से बाहर आए हैं। उनके जेल से बाहर आने के बाद उनसे मिलने वालों का तांता लगा हुआ है। समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने भी उनसे मुलाकात की थी। उन्होंने आजम खान के खिलाफ केस करने को लेकर भाजपा सरकार पर हमला बोला था। अब जिस तरह से लोग उनसे मुलाकात कर रहे हैं। उनकी सुरक्षा देखते हुए उत्तर प्रदेश प्रशासन ने फिर से वाई श्रेणी की सुरक्षा बहाल कर दी है। शनिवार को बंदूकदारी और गार्ड फिर से उनके आवास पर तैनात कर दी गई है।

## संक्षिप्त समाचार

### एनडीए कैडेट अंतरिक्ष की संदिग्ध मौत

**बहराइच।** उत्तर प्रदेश के बहराइच जनपद के नरैनापुर सुमेरपुर गांव के मूल निवासी 18 वर्षीय अंतरिक्ष कुमार सिंह की पुणे में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। शुक्रवार को उनका शव हॉस्टल के कमरे में छत के कुंडे से लटकता मिला। परिवार ने आरोप लगाया है कि प्रशिक्षण के दौरान एक सीनियर कैडेट द्वारा लगातार उत्पीड़न किया जा रहा था, जिसके चलते यह घटना हुई। अंतरिक्ष के पिता रवि प्रताप सिंह रक्षा सुरक्षा कोर में हवलदार के पद पर गुवाहाटी में तैनात हैं। परिवार पिछले कई वर्षों से लखनऊ के तेजीबाग में रह रहा है। परिवार को जैसे ही घटना की सूचना मिली, मां सीमा सिंह सेंगर, मामा पिंकू सिंह और चाचा रावेंद्र प्रताप सिंह लखनऊ से पुणे के लिए रवाना हो गए, वहीं पिता गुवाहाटी से निकल चुके हैं। अंतरिक्ष का चयन मई 2025 में भारतीय वायुसेना में हुआ था।

### एफपीआई ने किया 3,240 करोड़ रुपए का शुद्ध निवेश

**मुंबई।** विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने अक्टूबर में अब तक भारतीय पूंजी बाजार में 3,240 करोड़ रुपए का शुद्ध निवेश किया है। शुद्ध निवेश बाजार में लगाई गई राशि और निकाली गयी राशि का अंतर होता है। इस महीने एफपीआई ने जहां इक्विटी में बिकवाली जारी रखी है, वहीं डेट में उनकी जबरदस्त खरीद जारी है। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने अक्टूबर में शुद्ध रूप से 2,091 करोड़ रुपए की इक्विटी बेची है। वहीं डेट में उन्होंने 4,819 करोड़ रुपए का निवेश किया है। म्यूचुअल फंड से एफपीआई ने 82 करोड़ रुपए की शुद्ध निकासी की जबकि हाइब्रिड इनस्ट्रूमेंट्स में उनका निवेश 594 करोड़ रुपए बढ़ गया।

# मोदी सरकार ने आरटीआई को किया कमजोर: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि 20 साल पहले इसी दिन डा. मनमोहन सिंह की सरकार ने शासन में पारदर्शिता लाने के लिए 'सूचना का अधिकार' (आरटीआई) कानून लागू किया, लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने इसे कमजोर करने का काम किया है।

पार्टी ने आरोप लगाया कि मौजूदा सरकार ने सचाई छिपाने और अपनी कमजोरी जनता के सामने नहीं आने देने के लिए 'सूचना का अधिकार' कानून को सोची समझी रणनीति के तहत कमजोर किया। पार्टी ने कहा कि मोदी सरकार ने इस काम के लिए कानून में संशोधन तक कर डाला। दरअसल उनको डर था कि जनता से किए वादों की पोल खुल न जाए इसलिए सरकार ने कानून ही बदल दिया। कांग्रेस संचार विभाग प्रभारी जयराम रमेश ने रविवार को पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि आरटीआई का मकसद था कि शासन-प्रशासन को जो जानकारी है, वह जनता को भी मिले, लेकिन मोदी सरकार इस कानून को खत्म करने में लगी है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने देश की बागडोर संभालने के चार महीने में ही योजना आयोग खत्म कर दिया और अब उनकी योजना आरटीआई को खत्म करने की है। उनका कहना था कि सूचना आयुक्तों के पदों पर भर्ती नहीं हो रही है।

### खड़गे ने पूरण की पत्नी को पत्र लिखकर जताया शोक

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने हरियाणा कैडर के वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी वाई. पूरण कुमार के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की और कहा कि शोक की घड़ी में वह पीड़ित परिवार के साथ खड़े हैं। उन्होंने कहा कि जब हम चांद पर झंडा गाड़ कर गौरवान्वित हो रहे हैं, तो संविधान ने जिन लोगों पर जनता के दुख तकलीफ और पीड़ा से मुक्ति दिलाने का दायित्व सौंपा है, उनको भी सुरक्षित नहीं रख पा रहे हैं और यह शर्मनाक और चिंता का विषय है। खड़गे ने पूर्व आईपीएस अधिकारी की पत्नी अमनीत पी. कुमार को लिखे पत्र में कहा कि मैं पत्र को अत्यंत दुख और भावनात्मक व्यथा के साथ लिख रहा हूं।

## योगी ने की सरदार/150 यूनिटी मार्च अभियान की शुरुआत

# पटेल के जन्मदिन पर लेंगे नशामुक्ति का संकल्प

लखनऊ, वार्ता



■ 31 अक्टूबर को पूरे यूपी में कार्यक्रम होंगे, स्वदेशी मेले से लोकल फॉर वोकल को बढ़ाया जाएगा

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 31 अक्टूबर से 26 नवंबर तक चलने वाले सरदार/150यूनिटी मार्च अभियान की शुरुआत की। इस अवसर पर आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अभियान को जनता तक पहुंचाने के लिए सरकार और संगठन मिलकर पूरी ताकत से इस अभियान को चलाने का काम करेंगे।

मुख्यमंत्री ने पांच कालिदास मार्ग पर आयोजित संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के बारे में अवगत कराया जा रहा है। वह महान स्वतन्त्र सेनानी होने के साथ ही अखंड भारत के शिल्पकार भी हैं। पूरा देश हमेशा उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त करता है। उन्होंने कई रियासतों को अखंड भारत में मिलाने का काम किया था। श्री आदित्यनाथ ने कहा कि कुछ रियासतें ऐसे भी थीं, जो मनमानी करना चाहती थी लेकिन लौह पुरुष के सामने उनकी एक नहीं चली। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में 2014 से ही देशभर में रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। मोदी की अगुवैत में स्टैच्यू ऑफ़ यूनिटी का निर्माण किया गया है। सबसे बड़ी प्रतिमा गुजरात में स्थापित हो चुकी है। यह स्थल आज पूरे देश में पर्यटन का बड़ा केन्द्र बना हुआ है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूरे देश में कार्यक्रमों के आयोजन किए जा रहे हैं। नौजवानों के के लिए विभिन्न तरह के कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में सरदार/150यूनिटी मार्च का आयोजन किया गया है। योगी ने कहा कि सरकार ने यह भी निर्णय लिया है कि इसके तहत 10 किलोमीटर की पदयात्रा निकाली जाएगी। इसमें प्रदेश के कलाकरों को भी शामिल किया जाएगा। पदयात्रा के माध्यम से वह 150 किलोमीटर की यात्रा में सहभागी बनेंगे। युवाओं के लिए नशामुक्त भारत अभियान शुरू किया जाएगा। सरकार और संगठन मिलकर पूरे प्रदेश में स्वदेशी मेले का आयोजन किया गया है। इस मेले के माध्यम से सरकार लोकल फॉर वोकल अभियान को मजबूती से आगे बढ़ाने का काम किया जाएगा। स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के संकल्प को आगे बढ़ाने का काम किया जाएगा। इसको लेकर विधानसभा स्तर और लोकसभा स्तर पर कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

### सरदार पटेल रन फॉर यूनिटी में दौड़ी मुंबई, मंत्री ने दिखाई हरी झंडी

**लखनऊ/मुंबई।** एकता, भाईचारे और फिट इंडिया के संदेश के साथ रविवार सुबह मुंबई की सड़कों पर हजारों युवाओं ने दौड़ लगाई। सरदार पटेल रन फॉर यूनिटी मैराथन का शुभारंभ उत्तर प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री (अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज) दानिश आजाद अंसारी ने प्रात: छह बजे किया। मैराथन के 10, पांच और तीन किलोमीटर वर्गों में मुंबई के विभिन्न इलाकों से आए युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में युवाओं को संबोधित करते हुए मंत्री अंसारी ने कहा कि आज मुंबई की सड़कों से पूरे देश में एकता और भाईचारे का सशक्त संदेश गया है। हजारों युवाओं की भागीदारी यह साबित करती है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 'विकसित भारत 2047' का संकल्प अब जन आंदोलन बन चुका है।

# राकेश टिकैत ने मायावती की रैली पर उठाए सवाल

बहराइच, वार्ता



■ श्रावस्ती में आयोजित महापंचायत में शामिल हुए

भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश टिकैत रविवार को उत्तर प्रदेश के बहराइच जिले में पहुंचे, जहां उनका भव्य स्वागत किया गया। वह श्रावस्ती में आयोजित एक महापंचायत में भाग लेने जा रहे थे।

कार्यकर्ताओं ने उनका फूल मालाओं से स्वागत किया। इस अवसर पर पत्रकारों से बात करते हुए राकेश टिकैत ने बिहार चुनाव पर टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि अगर चुनाव में बेईमानी हुई, तो यह बेईमानों और पूंजीपतियों की सरकार होगी और अगर ईमानदारी से चुनाव हुआ, तो सत्ता पलट जाएगी। टिकैत ने तालिबान के विदेश मंत्री के बाघा बॉर्डर को खोलने के बयान का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि तालिबान नेता की बात सही है कि बाघा बॉर्डर खुलना चाहिए, ताकि किसानों के लिए परिवहन आसान हो सके। उन्होंने बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख मायावती द्वारा लखनऊ में आयोजित एक हालिया रैली पर भी सवाल उठाए। टिकैत ने कहा कि मायावती विपक्ष में हैं और विपक्ष को आपस में लड़ाने का काम कर रही हैं। आजम खान की रिहाई के मुद्दे पर बात करते हुए उन्होंने कहा कि जब उन पर भ्रष्टाचार का कोई आरोप नहीं मिला तो उन्हें बकरी और मुर्गी चोरी के आरोप में 23 महीने तक जेल में रखा गया।



सेंसेक्स 81790.12
निफ्टी 25077.65



सोना रु. 125230
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 180000
प्रति किलो



# महंगाई के आंकड़ों पर रहेगी निवेशकों की नजर

मुंबई, वार्ता

## सेंसेक्स व निफ्टी बढ़त के साथ बंद



बीते सप्ताह घरेलू शेयर बाजारों में लगातार दूसरी साप्ताहिक तेजी के बाद आने वाले सप्ताह में निवेशकों की नजर महंगाई के आंकड़ों के साथ कंपनियों के तिमाही परिणामों पर भी होगी। आने वाले सप्ताह में खुदरा महंगाई और थोक महंगाई के सितम्बर के आंकड़े जारी होने हैं। इसके अलावा कई दिग्गज कंपनियों की तिमाही परिणाम भी बाजार को प्रभावित कर सकते हैं।

बीते सप्ताह बाजार में तेजी रही। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 1,293.65 अंक (1.02 प्रतिशत) की छलांग लगाकर सप्ताहांत पर 82,500.82 अंक पर बंद हुआ। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी.50 सूचकांक भी 391.10 अंक यानी 1.75 फीसदी चढ़कर 25,285.35 अंक पर पहुंच गया। चौतरफा लिवाली के बीच मझौली और छोटी कंपनियां के शेयरों में भी भेजी रही। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 2.56 प्रतिशत और निफ्टी स्मॉलकैप-50 सूचकांक 1.43 प्रतिशत चढ़ा। बीते सप्ताह आईटी कंपनियों में जबरदस्ती तेजी रही। एचसीएल टेक्नोलॉजीज का शेयर 7.28 प्रतिशत चढ़ा।

इंफोसिस में 4.68 फीसदी, टीसीएस में 4.35 फीसदी और टेक मलहद्रा में 4.03 फीसदी की तेजी रही। इटरनल का शेयर 6.06 प्रतिशत की बढ़त में रहा। बजाज फाइनेंस में 3.44 प्रतिशत, मारुति सुजुकी में 2.98 प्रतिशत, कोटक महिंद्रा बैंक में 2.32 और भारतीय एयरटेल में भी 2.32 प्रतिशत की तेजी देखी गई। टाइटन का शेयर 2.29 प्रतिशत, सन फार्मा का 2.25 प्रतिशत, अल्ट्राटेक सीमेंट का 2.16 प्रतिशत, एचडीएफसी बैंक का 1.67 प्रतिशत और भारतीय स्टेट बैंक का 1.58 प्रतिशत की साप्ताहिक बढ़त में बंद हुआ। एलएंडटी के शेयर में 1.37 प्रतिशत, रिलायंस इंडस्ट्रीज में 1.36 और आईसीआईसीआई बैंक में 1.15 प्रतिशत की तेजी रही। वहीं टाटा मोटर्स का शेयर सबसे अधिक 5.16 फीसदी लुढ़क गया। ट्रेंट में 2.60 फीसदी, एशियन पेंट्स में 0.76, अडानी पोर्ट्स और एनटीपीसी दोनों में 0.70, और हिंदुस्तान यूनीलिवर में 0.60 फीसदी की गिरावट रही।

### धनतेरस से पहले सोने-चांदी की कीमतों में तूफानी तेजी

**नई दिल्ली।** धनतेरस से पहले सोने-चांदी की कीमतों में एक बार फिर उछाल आया है। 12 अक्टूबर को सरार्फा बाजारों में सोने और चांदी दोनों की कीमतों में भारी उछाल दर्ज किया गया। त्योहारों का मौसम चल रहा है, लेकिन सोने-चांदी की कीमतों में लगातार उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। आईबीजेए के अनुसार कीमतों में गिरावट कम और तेजी होने से सोने और चांदी की कीमतों ने रिकॉर्ड बना दिया है। चांदी की कीमत भी ऑल टाइम हाई पर है। आज 12 अक्टूबर 2025 को 24 कैरेट सोने का भाव 125230 रुपये प्रति 10 ग्राम है। चांदी की कीमतों की बात करें तो आज चांदी की कीमत 1,80,000 लाख रुपये प्रति किलाग्राम है। देश में फेस्टिव सीजन शुरू है। इस सीजन में लोग गोल्ड-सिल्वर की जमकर खरीदारी करते हैं। ऐसे में खरीदारों के लिए सोने-चांदी खरीदना महंगा हो गया है। धनतेरस-दिवाली पास है, इसलिए इस अवसर पर लोग खूब सोना-चांदी खरीदने का प्लान कर रहे होंगे। इनकी कीमतें लगातार घटती-बढ़ती है। देश के महानगरों दिल्ली में 24 कैरेट सोने का भाव 1,25,230 रुपये प्रति 10 ग्राम है, तो मुंबई में 1,25,080, चेन्नई में 1,25,460, कोलकाता में 1,25,460, जयपुर में 1,25,230, लखनऊ में 1,25,230, चंडीगढ़ में 1,25,230 और अहमदाबाद में 1,25,130 रुपये है। सोना-चांदी की कीमतों में उतार-चढ़ाव विभिन्न कारकों से प्रभावित होते हैं, जैसे वैश्विक सोने की मांग, विभिन्न देशों की मुद्राओं का मूल्य और ब्याज दरें आदि।



# दाल, खाद्य तेल, चीनी महंगे, चावल-गेहूं नरम

**नई दिल्ली।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में बीते सप्ताह चावल के औसत भाव में नरमी रही। गेहूं की कीमतों में भी गिरावट देखी गई। वहीं चीनी, खाद्य तेल और दालों के भाव बढ़ गए। घरेलू थोक जिंस बाजारों में सप्ताह के दौरान चावल की औसत कीमत 37 रुपए घटकर सप्ताहांत पर 3,774.53 रुपए प्रति क्विंटल पर रही। गेहूं भी 26 रुपए सस्ता होकर 2,849.28 रुपए प्रति क्विंटल के भाव बिका। आटे की कीमत चार रुपए उतरकर सप्ताहांत पर 3,314.32 रुपए प्रति क्विंटल पर रही। बीते सप्ताह सरसों तेल की औसत कीमत 33 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ी।

पाम ऑयल में भी 20 रुपए की तेजी रही। मूंगफली तेल 166 रुपए और सोया तेल 56 रुपए प्रति क्विंटल महंगा हुआ। सूरजमखी तेल की कीमत 91 रुपए और वनस्पति की 79 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ी। दाल-दलहनों में मसूर दाल की औसत कीमत में 14 रुपए प्रति क्विंटल की साप्ताहिक तेजी दर्ज की गई। चना दाल की कीमत दो रुपए और मूंग दाल की 30 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ गई। तुअर दाल 105 रुपए और उड़द दाल 82 रुपए प्रति क्विंटल महंगी हुई। गुड़-चीनी: सप्ताह के दौरान मीठे के बाजार में गुड़ के औसत भाव 31 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ गए। चीनी में भी 43 रुपए प्रति क्विंटल की तेजी रही। खाद्यान्नों के औसत थोक भाव शनिवार को इस प्रकार रहे। दाल-दलहन: दाल चना 7877.80 रुपए, मसूर काली 8144.80 रुपए, मूंग दाल 10108.98 रुपए, उड़द दाल 10453.79 रुपए, अरहर दाल 10525.29 रुपए प्रति क्विंटल। अनाज: गेहूं दड़ा 2849.28 रुपए और चावल 3774.53 रुपए प्रति क्विंटल। चीनी-गुड़: चीनी एस 4350.07 रुपए और गुड़ 5023.14 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल: सरसों तेल 17907.00 रुपए, मूंगफली तेल 17680.12 रुपए, सूरजमुखी तेल 15578.12 रुपए, सोया रिफाइंड 13802.48 रुपए, पाम ऑयल 12488.26 रुपए और वनस्पति 14532.62 रुपए प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

# जिहाद के जनक तालिबान को गले लगा रही बीजेपी: महबूबा

**श्रीनगर।** अफगानिस्तान के विदेश मंत्री आमिर खान मुत्तकी के भारत दौरे को लेकर जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती ने रविवार को भाजपा सरकार की आलोचना करते हुए उस पर तालिबान के साथ संबंध बनाते हुए भारत में मुसलमानों को निशाना बनाने का आरोप लगाया।महबूबा मुफ्ती ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट लिखा कि लव जिहाद, भूमि जिहाद, वोट जिहाद और गाय जिहाद के नाम पर भाजपा अपनी ही मुस्लिम आबादी को निशाना बना रही है और उन्हें बदनाम करने वाले नारे लगा रही है। इस बीच भारत, जो लोकतंत्र की जननी है, भाजपा के नेतृत्व में जिहाद के जनक तालिबान को गले लगा रहा है। महबूबा मुफ्ती ने मुस्लिम छात्रों के लिए छात्रवृत्ति वापस लेने के सरकार के फैसले की आलोचना की और इसे दोहरा मापदंड बताया। उन्होंने एक्स पर लिखा- भारत ने अफगानिस्तान के पुनर्निर्माण के लिए हर तरह की सहायता देने का फैसला किया है, जिसमें अफगान छात्रों के लिए शैक्षिक छात्रवृत्ति भी शामिल है। अफगानिस्तान के साथ अच्छे संबंध बनाए रखना रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण हो सकता है, लेकिन इससे एक स्पष्ट विरोधाभास पैदा होता है कि भारत की अपनी मुस्लिम आबादी, जिसने देश की पहचान और प्रगति में योगदान दिया है, उसे बुनियादी अधिकारों और अवसरों से वंचित किया जा रहा है। मुस्लिम छात्रों के लिए छात्रवृत्ति वापस लेना इस आंतरिक दोहरे मापदंड को उजागर करता है।

### पत्नी की हत्या कर पति ने खुद भी दे दी जान

**फतेहपुर।** पति ने अवैध संबंध के शक में गोली मारकर पत्नी की हत्या कर दी। इसके बाद खुद की भी जान ले ली, घटना शनिवार रात की है। युवक 2 सप्ताह पहले ही दिल्ली से घर लौटा था। घटना की जानकारी पर पुलिस अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर जांच-पड़ताल की। जिले के गाजीपुर थाना क्षेत्र के लम्हेटा गांव में मुकेश निषाद (35), पत्नी गुड़िया देवी (30) के साथ रहता था। परिवार में 3 मासूम बेटिया हैं। मुकेश दिल्ली में रहकर कोई काम करता था। थानाध्यक्ष गाजीपुर हनुमान प्रताप सिंह सूर्यवंशी ने बताया कि त्योहारों के कारण मुकेश 2 सप्ताह पहले ही गांव लौट आया था। थानाध्यक्ष के अनुसार मुकेश को शक था कि उसकी पत्नी के अवैध संबंध पड़ोसी युवक से हैं। इसे लेकर दंपति के बीच कई दिनों से विवाद चल रहा था।

# हर विभाग में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार: सपा

लखनऊ, वार्ता



■ डा. लोहिया के सपने को साकार करने का संकल्प लिया

सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने रविवार को डा. राम मनोहर लोहिया की पुण्यतिथि पर उनको नमन किया। उन्होंने गोमतीनगर स्थित लोहिया पार्क पहुंचकर डा. राम मनोहर लोहिया की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के बाद बीजेपी पर जुबानी हमला बोला।

अखिलेश यादव ने आरोप लगाया कि भाजपा द्वारा प्रस्तुत एनसीआरबी के आंकड़ों के अनुसार महिलाएं बड़े पैमाने पर असुरक्षित हैं। भाजपा अपनी नाकामी छिपाना चाहती है। उत्तर प्रदेश में सबसे अधिक उत्पीड़न और अन्याय लगातार हो रहा है, हर विभाग में भ्रष्टाचार है। जिन विभागों को उत्तर प्रदेश के लोगों को सुविधाएं और सहायता प्रदान करनी चाहिए, उनके नौ साल के शासन के दौरान हर विभाग में भ्रष्टाचार व्याप्त है। सपा मुखिया ने अफगानिस्तान के विदेश मंत्री आमिर खान मुत्तकी की पत्रकार वार्ता में महिला पत्रकारों की एंट्री बैन होने के सवाल पर कहा कि इस पर हम कुछ नहीं कह सकते, यह भारत सरकार की विदेश नीति का मामला है। उन्होंने आरोप लगाया कि बीजेपी अपनी नाकामी छुपाना चाहती है। उन्होंने आरोप लगाया कि उत्तर प्रदेश में भ्रष्टाचार हर विभाग में बहुत ज्यादा ही हो रहा है। एक लेखपाल के पास 100 करोड़ की संपत्ति होना इस सरकार की असल तस्वीर दिखाती है। थाने में शिकायतें नहीं लिखी जा रही हैं और सरकार कानून व्यवस्था दुरुस्त होने की बात करती है। उन्होंने आरोप लगाया कि जेपीएनआईसी को बेचने की कोशिश उत्तर प्रदेश सरकार कर रही है, लेकिन मेरे रहते ऐसा नहीं हो पाएगा। यह सरकार विकास कार्य को खत्म कर बर्बाद करने में लगी है।

नेताजी मुलायम सिंह यादव के समय जो पार्क बना था, तब एक भी पेड़ नहीं काटा गया, यही समाजवादी सोच है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार जातिवाद के आधार पर अधिकारियों की तैनाती कर रही है। कई जिलों में पीडीए का अधिकारी तक नहीं है। यह सरकार आरक्षण छीनने का काम कर रही है, बाजार को विदेशी कंपनियों के हवाले कर रही है और स्वदेशी की बात करती है, असल में यह मन से विदेशी है। उन्होंने आरोप लगाया कि डा. लोहिया का सपना समाज में समानता और न्याय था।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# पीसीएस परीक्षा शांतिपूर्वक सम्पन्न

## हाईवे पर लगा जाम, भारी पुलिस बल तैनात

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** उत्तर प्रदेश लोकसेवा आयोग की पीसीएस की प्रारंभिक परीक्षा जनपद के 22 परीक्षा केन्द्रों पर शांतिपूर्वक सम्पन्न हुई। हालांकि परीक्षा खत्म होने पर केन्द्रों के बाहर एवं बैराज हाईवे पर जाम लग गया।

प्राप्त समाचार के अनुसार पीसीएस की प्रारंभिक परीक्षा दो पारियों में हुई। पहली पारी की परीक्षा 9:30 बजे से 11:30 बजे तक व दूसरी पाली दोपहर 2:30 साढ़े 4:30 बजे तक हुई। परीक्षा केन्द्रों में प्रवेश से पहले परीक्षार्थियों की जांच की गई। एएसपी सिटी ने कई परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया और वहां तैनात



पुलिस बल को परीक्षा के सुचारू व शांतिपूर्ण संचालन के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिये। जनपद में तैनात सभी पुलिस क्षेत्राधिकारियों ने भी परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। परीक्षा सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में हुई। कहीं से भी कोई नकारात्मक खबर



नहीं मिली है। हालांकि परीक्षा के लिए कुल 9624 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, लेकिन काफी संख्या में परीक्षार्थी परीक्षा देने के लिए नहीं पहुंचे।

दूसरी तरफ परीक्षा छूटने के बाद मुख्य मार्गों पर जाम लग गया। बैराज हाईवे पर लम्बा जाम लगा रहा। जाम में काफी देर तक वाहन फंसे रहे।

## खेत में घुसी कार बड़ा हादसा टला

**बिजनौर।** ट्रैफिक पुलिस की लापरवाही के कारण नाबालिग बच्चे दुपहिया व चौपहिया वाहन चलाकर अपनी व दूसरों की जान जोखिम में डाल रहे हैं। आज सुबह सिरधनी रोड पर कार चला रहे एक नाबालिग बच्चे की नादानी से बड़ा हादसा होने से बच गया। स्थानीय मौहल्ला मिर्दगान के दो नाबालिग बच्चे (आयु 12-13 वर्ष) कार से सिरधनी रोड पर सैर कर रहे थे। जब यह बच्चे कार लेकर सिरधनी रोड से कृष्णा कॉलेज की तरफ मुड़े तभी सामने से एक ट्रैक्टर आ गया। कार चला रहा नौसीखियां बच्चा ट्रैक्टर देखकर घबरा गया। उसने जैसे ही कार को पीछे की तरफ मोड़ने की कोशिश की। दूसरी तरफ से आ रही एक अन्य कार से उसकी कार टकराकर खेत में जा घुसी। गनीमत रही कि किसी को चोट नहीं लगी। दोनों बच्चे कार को मौके पर छोड़कर फरार हो गए।

## बसपा के वफादार नेता अखिलेश को मिला ईनाम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** बसपा के पुराने व वफादार नेता अखिलेश हितैषी को एक बार फिर उनकी ईमानदारी का ईनाम मिला है। उन्हें फिर से जिला अध्यक्ष बनाया गया है।



### एक बार फिर बनाए गए जिलाध्यक्ष

प्राप्त समाचार के अनुसार बसपा हाईकमान ने मुरादाबाद मंडल की कमेटियों का पुनर्गठन किया है। जिसमें निष्ठावान नेताओं को अहम जिम्मेदाररियां दी गई है। इसकी सबसे खासबात यह है कि पार्टी के पुराने व वफादार नेता अखिलेश हितैषी को उनकी ईमानदारी का ईनाम देते हुए जिलाध्यक्ष बनाया गया है। अखिलेश हितैषी बसपा से लम्बे समय से जुड़े हुए है। उन्हें जो जिम्मेदारी दी जाती है, उसको वह पूरी ईमानदारी के साथ अंजाम तक पहुंचाते है। लखनऊ रैली में भी उनके कुशल नेतृत्व की वजह से भारी भीड़ लखनऊ पहुंची थी। वह पार्टी के अनुशासित एवं मधुर व्यवहार रखने वाले नेता है। उनकी समाज में अच्छी पकड़ है। उन्हें जिलाध्यक्ष बनाए जाने से जरूर पार्टी को फायदा होगा। जब से वह जिलाध्यक्ष बनाए गए थे, तब से पार्टी कार्यकर्ता व पदाधिकारी सक्रिय है। बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने का काम किया जा रहा है।

# बसपा के मजबूत नेता राजेन्द्र को मिली मंडल की जिम्मेदारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** बसपा के मजबूत नेता एवं अपनी कार्यशैली से समाज में पकड़ रखने वाले राजेन्द्र कुमार सिंह को बसपा हाईकमान ने एक बार फिर बड़ी जिम्मेदारी सौंप दी है। उन्हें मुदादाबाद मंडल की जिम्मेदारी देते हुए पार्टी के सभी काम समय से पूरा कराने के निर्देश दिए गए है।



### मुरादाबाद मंडल में पार्टी के सभी काम समय से पूरा कराने के निर्देश

प्राप्त समाचार के अनुसार बसपा ने आज अपनी कमेटियों का पुनर्गठन किया है। जिसमें कविराज सिंह व जितेन्द्र सागर को जिला प्रभारी बिजनौर बनाया गया है। इसके अलावा मुरादाबाद मंडल की अलग-अलग टीमें बनाई गई है। जिसमें एक टीम में ग्राम हर्रा निवासी युवा नेता नाजिम अलवी व रोहताश सिंह को रखा गया है। यह दोनों केवल बिजनौर जनपद में पार्टी के काम देखेंगे।

सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि हाल ही में पार्टी में वापसी कर दोबारा मजबूत शुरूआत करने वाले राजेन्द्र सिंह को मुरादाबाद मंडल की जिम्मेदारी दी गई है। वह पूरे मुरादाबाद मंडल में पार्टी के सभी कार्य समय से पूरा कराएंगे। मुरादाबाद मंडल की टीम में उनके साथ अमरोहा के जाफर मलिक, मुरादाबाद के रणविजय सिंह एवं मुरादाबाद के ही अरूण कुमार उर्फ टिंकू को रखा गया है। पूर्व सांसद मुनकाद अली एवं पूर्व सांसद गिरीशचंद्र जाटव को भी मुरादाबाद मंडल की जिम्मेदारी दी गई है। इसके अलावा ब्रह्मपाल सिंह व संजय सैनी को बिजनौर विधानसभा का प्रभारी बनाया गया है। महेन्द्र सिंह एड. (अमरोहा) एवं डीपी सिंह को नजीबाबाद विधानसभा का प्रभारी बनाया गया है। विजयपाल सिंह व डॉ. मनोज पाल को नगीना विधानसभा क्षेत्र का प्रभारी बनाया गया है। अमर सिंह प्रधान व मुजम्मिल अहमद को बढ़ापुर विधानसभा का प्रभारी बनाया गया है। राजवीर सिंह व मुकेश जाटव को धामपुर विधानसभा का प्रभारी बनाया गया है। लखवीर सिंह व नसीमुद्दीन को नहटौर विधानसभा का प्रभारी बनाया गया है। चेतराम सिंह व अजय कुमार सागर को चांदपुर एवं काके रवि व परम सिंह प्रधान को नूरपुर विधानसभा का प्रभारी बनाया गया है। कामेन्द्र सिंह व बिजेन्द्र कश्यप का जनपद बिजनौर के भाईचारा संगठन का जिला संयोजक बनाया गया है।

गौरतलब है कि राजेन्द्र कुमार सिंह बसपा के मजबूत स्तंभ है। उनकी सर्वसमाज में मजबूत पकड़ है। वह दलित समाज के लोकप्रिय नेता है। मुस्लिम समाज में भी उनका मजबूत दखल है। उन्हें मुरादाबाद मंडल की जिम्मेदारी दिए जाने से पार्टी को बड़ा फायदा होगा। वह संगठन चलाने का तजुर्बा रखते है। पिछले दिनों हुई लखनऊ रैली में भारी भीड़ जुटाने में भी उनका अहम योगदान रहा था। जिसका उन्हें ईनाम मिला है।

# अकबराबाद के शातिर बदमाश आसिफ कुरैशी को दबोचा

### महिला सहित तीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** कोतवाली देहात पुलिस ने अकबराबाद के शातिर बदमाश आसिफ कुरैशी को दबिश के दौरान भागने पर गिरफ्तार किया। दबिश के दौरान पुलिस के कार्य में बाधा डालने के आरोप में महिला सहित तीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

प्राप्त समाचार के अनुसार थाना कोतवाली देहात में तैनात उपनिरीक्षक जुगेन्द्र तेवतिया ने तहरीर दी थी कि वह पुलिस टीम के साथ न्यायालय से जारी सम्मन की तामील कराने के लिए ग्राम अकबराबाद में अभियुक्त आसिफ कुरैशी पुत्र रशीद के घर गए थे। इस बीच आसिफ के साथ मौजूद



अभियुक्तगण नजाकत पुत्र शमीम, मौहम्मद अकरम उर्फ राहुल पुत्र कालू उर्फ काले एवं एक अज्ञात महिला ने पुलिस टीम के साथ अभद्रता की और पुलिस टीम को सरकारी कार्य करने से रोक कर हिस्ट्रीशीटर बदमाश आसिफ कुरैशी को छत के रास्ते भागने में मदद की। लेकिन पुलिस टीम ने सतर्कता बरतते हुए छिप कर भाग रहे आसिफ कुरैशी को गिरफ्तार कर लिया। जबकि अन्य अभियुक्तगण मौके का फायदा उठा कर भाग गए। कोतवाली देहात पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा अपराध संख्या 215/2025 धारा 221, 224, 132, 121 (2), 121 (2), 352, 351 (3), 118 (1) व 109 (1) बीएनएस में रिपोर्ट दर्ज की है। गिरफ्तार आसिफ कुरैशी का लम्बा आपराधिक इतिहास है। उसके खिलाफ गौवध अधिनियम एवं गैंगस्टर अधिनियम में रिपोर्ट दर्ज है।

## ई-रिक्शा की टक्कर से बुजुर्ग की मौत

**किरतपुर।** ई-रिक्शा चालक ने सड़क पर पैदल जा रहे एक बुजुर्ग को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से वृद्ध गंभीर रूप से घायल होकर गिर पड़ा, जबकि रिक्शा चालक भी हल्का चोटिल हो गया। राहगीरों की मदद से दोनों को तत्काल सीएचसी में पहुंचाया गया, जहां चिकित्सक ने वृद्ध को मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान मौहल्ला अम्बेडकर निवासी सोम सिंह (82) पुत्र छुट्टन के रूप में हुई है। वहीं ई-रिक्शा चालक शाहबाज पुत्र इकबाल, निवासी मौहल्ला बागबान बताया गया है। घटना रविवार सुबह करीब ग्यारह बजे स्टेशन चौराहे के पास हुई, जब शाहबाज अपनी ई-रिक्शा लेकर बाजार की ओर आ रहा था। पुलिस ने ई-रिक्शा चालक को प्राथमिक उपचार के बाद हिरासत में ले लिया है।

## एक नजर

### टैंकर में आग लगने से हड़कंप मचा

**नजीबाबाद।** नगर के हरिद्वार मार्ग पर साहनपुर के समीप बीती रात हाईवे पर एक तेल के टैंकर में शार्ट सर्किट से भीषण आग लग गई। आग लगने से हड़कंप मच गया तथा हाईवे पर वाहनों को दोनों ओर से रोक दिया गया। सूचना मिलने पर काफी मशक्कत के बाद फायर ब्रिगेड ने आग बुझाई। शनिवार को रात करीब नौ बजे पंजाब के संगरुर निवासी चालक गुरदीप सिंह पुत्र गुरुपाल सिंह तेल टैंकर संख्या पीबी 10 जेवाई-7427 में तेल लेकर रूद्रपुर से देहरादून जा रहा था, जब यह टैंकर नजीबाबाद में हरिद्वार मार्ग पर साहनपुर पुलिस चौकी के समीप पहुंचा, तो अचानक शार्ट सर्किट से टैंकर में आग लग गई। आग ने एक दम विकराल रूप धारण कर लिया। जिससे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। सूचना मिलने पर सीओ नितेश प्रताप सिंह व थाना प्रभारी राहुल कुमार ने मौके पर पहुंचकर हाईवे पर दोनों ओर से सुरक्षा की दृष्टि से वाहनों का आवागमन रूकवा दिया। सूचना मिलते ही फायर स्टेशन के इंचार्ज केएस जादौन ने अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचकर काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग से टैंकर का अगला हिस्सा केबिन बुरी तरह से जल गया। जिससे लाखों रुपए का नुकसान हो गया।

### गैराज में आग लगने से स्कूटी व पाट्र्स जले

**नजीबाबाद।** एक ऑटो गैराज में अचानक भीषण आग लग जाने से कई स्कूटी व उनके पाट्र्स आग में जल गए। नगर के कोटद्वार मार्ग पर रेहान अहमद का बाइक ऑटो गैराज के नाम से प्रतिष्ठान है। उक्त ऑटो गैराज में अचानक आग लग गई। आग इतनी भयंकर थी कि गैराज में खड़ी कई बाइक, स्कूटी व पाट्र्स आग में जल गये। सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड ने मौके पर पहुंचकर किसी तरह से आग पर काबू पाया। जब तक फायर ब्रिगेड की टीम ने आग बुझाई आग से लाखों रुपए का नुकसान हो चुका था। ऑटो गैराज में आग लगने से क्षेत्र में हड़कम्प मच गया।

### मौहम्मद आसिफ प्रचार मंत्री बने

**नजीबाबाद।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन नवाब नजीबुद्दौला शाखा के अध्यक्ष मोनू टाटा ने संगठन को मजबूत बनाने के लिए व्यापारी मौहम्मद आसिफ को प्रचार मंत्री बनाते हुए उन्हें मनोनयन पत्र भेंट किया। मोनू टाटा ने कहा कि उनका व्यापार संगठन व्यापारियों की समस्याएं जानकर उन्हें लगातार हल कराने का काम कर रहा है। इस मौके पर नफीस अहमद, सिताब खान, बाबर खान, शानू खान, वकील, मौहम्मद रफी, आशु आदि मौजूद रहे।

### कीटनाशक के सेवन से हालत बिगड़ी

**नहटौर।** प्राप्त समाचार के अनुसार नहटौर क्षेत्र के गांव कोकापुर निवासी अनुज (40 वर्ष) पुत्र यशपाल ने अपने घर में रखी खरपतवार नाशक दवाई का सेवन कोल्ड ड्रिंक पीने के चक्कर में कर लिया। बताया जाता है कि खरपतवार नाशक दवाई बोतल में रखी हुई थी, जिसको वह कोल्ड ड्रिंक समझकर पी गया। खरपतवार नाशक दवाई पीने से उसकी हालत बिगड़ गई। उसे आनन फानन में परिवार के लोगों ने सीएचसी नहटौर में भर्ती कराया। चिकित्सा अधिकारी डॉ. आशीष आर्य का कहना हैं कि अनुज को सीएचसी में भर्ती कराया गया है। खरपतवार नाशक दवाई पीने की बात बताई गई थी। उपचार के बाद उसे भेज दिया गया है।

# मेक्स सिटी कॉलोनी का उद्घाटन

### विधायक पद के भावी उम्मीदवार मौहम्मद सलमान ने काटा फीता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** बढ़ापुर विधानसभा क्षेत्र से आसपा के भावी उम्मीदवार मौहम्मद सलमान ने मेक्स सिटी कॉलोनी का फीता काट कर उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि इससे विकास के लिए नए पंख लगेंगे।

प्राप्त समाचार के अनुसार हाईवे मार्ग सरवनपुर से जलालाबाद बाईपास पर मेक्स सिटी कॉलोनी के मालिक व विधानसभा बढ़ापुर से आजाद समाज पार्टी से विधायक पद के भावी उम्मीदवार मौहम्मद सलमान ने फीता काट कर उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि इस कॉलोनी के



विकसित होने से क्षेत्र का विकास होगा। उन्होंने कहा कि नजीबाबाद क्षेत्र तरक्की कर रहा है और जलालाबाद भी इसमें शामिल है।

इस अवसर पर पूर्व प्रधान आफताब अंसारी, डॉ. इश्तियाक अंसारी, रफीक अहमद, मौहम्मद फारूख, गुफरान उस्मानी, सम्राट टेलर जाकिर हुसैन, आफताब आलम सिद्दीकी, एलआरएस कॉलेज के प्रबंधक संजीव कुमार आदि भी उपस्थित थे।

## अवैध खनन का वीडियो वायरल होते ही अधिकारियों में मचा हड़कंप

### तहसीलदार ने दो ट्रैक्टर ट्रालियों को मिट्टी सहित पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हल्दौर।** क्षेत्र के गांव कान्हा नंगला में खनन माफियाओं द्वारा जेसीबी मशीन से मिट्टी का अवैध खनन किए जाने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने से विभागीय अधिकारियों में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही प्रशासन हरकत में आया और मौके पर पहुंचे तहसीलदार ने दो ट्रैक्टर-ट्रालियों को मिट्टी सहित पकड़कर थाने भिजवाया।

गांव कान्हा नंगला जंगल क्षेत्र में लंबे समय से कुछ माफिया जेसीबी मशीनों के माध्यम से अवैध रूप से मिट्टी की खुदाई कर रहे थे। ग्रामीणों ने इस संबंध में मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 पर शिकायत भी दर्ज कराई थी, लेकिन खनन कार्य नहीं रुका। शनिवार देर रात सोशल मीडिया पर मिट्टी से लदी ट्रैक्टर-ट्रालियों का वीडियो वायरल होते ही प्रशासन सक्रिय हो गया।

रविवार सुबह तहसीलदार आशीष सक्सेना पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे तो खनन कर रहे ठेकेदार व मजदूर ट्रैक्टर छोड़कर फरार हो गए। तहसीलदार ने दो ट्रैक्टर-ट्रालियों को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई के लिए थाने भेज दिया।

ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में निरंतर अवैध खनन होने से सरकारी भूमि को नुकसान पहुंच रहा है और पर्यावरण पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। उन्होंने प्रशासन से खनन माफियाओं पर कठोर कार्रवाई की मांग की है।

## बसपा के दिग्गज युवा नेता नाजिम अल्वी को मिली मंडल कोऑडिनेटर की जिम्मेदारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** बसपा हाईकमान द्वारा बनाई गई नई कमेटियों में पार्टी के दिग्गज युवा नेता एवं मुस्लिम चेहरा नाजिम अल्वी को मुरादाबाद मंडल का कोऑडिनेटर बनाते हुए जनपद बिजनौर की जिम्मेदारी दी गई है।



### बुरे वक्त में भी पार्टी का साथ नहीं छोड़ा

गौरतलब है कि धामपुर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम हर्रा निवासी दिग्गज युवा नेता नाजिम अहमद अल्वी ने बुरे वक्त में भी पार्टी का साथ नहीं छोड़ा। जब पार्टी को छोड़ कर नेता जा रहे थे, तो वह बसपा में ही डटे रहे। वह शुरूआत से ही बसपा में है। एक लम्बा अरसा उन्हें पार्टी के लिए कार्य करते हुए हो गया। बसपा भले ही सत्ता में न रही हो और सत्ता जाए हुए लम्बा वक्त हो गया है, लेकिन नाजिम अल्वी ने बसपा का दामन नहीं छोड़ा। उनका कहना है कि बसपा अध्यक्ष मायावती की सोच हमेशा से सकारात्मक रही है। वह सर्वसमाज को साथ लेकर चलने में विश्वास रखती है। उन्होंने कहा कि सत्ता तो आती और जाती रहती है। लेकिन हमें इससे कोई मतलब नहीं है। उनके लिए पार्टी महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि दलित, मुस्लिम व पिछड़ा समाज एक बार फिर प्रदेश में बसपा की सरकार बनाने जा रहा है।

# विशाखापट्टनम पुलिस पहुंची धामपुर

### बदनाम सुनार की दुकान पर दबिश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** नगर का सराफा बाजार एक बार फिर से सुर्खियों में है। आज आंध्र प्रदेश के विशाखापट्टनम पुलिस ने धामपुर में दबिश देकर फल चौक स्थित एक नामचीन बदनाम सुनार की दुकान पर कार्रवाई की। पुलिस अपने साथ चोरी के सोने का आरोपी लेकर पहुंची थी। बताया जा रहा है कि आरोपी ने इसी दुकान पर चोरी का माल बेचने की बात कबूल की थी।

मगर जब पुलिस आरोपी को लेकर दुकान पर पहुंची, तो सुनार ने आरोपी को पहचानने से साफ इंकार कर दिया। जिसके बाद पुलिस टीम को बिना किसी कार्रवाई के वापस लौटना पड़ा। यह पूरा घटनाक्रम देखते ही देखते बाजार और मौहल्ले में चर्चा का विषय बन गया।

सूत्रों के अनुसार 24 अगस्त को विशाखापट्टनम (आंध्र प्रदेश) में बड़ी चोरी की वारदात हुई थी। मामले की जांच के दौरान पुलिस को धामपुर के मौहल्ला पक्काबाग निवासी शाहिद का नाम सामने आया। पुलिस ने शाहिद को हिरासत में लेकर पूछताछ की, तो उसने बताया कि चोरी के जेवर धामपुर के एक प्रसिद्ध सुनार को बेचे थे। इसके बाद विशाखापट्टनम पुलिस की टीम दरोगा मांजू बात राणा के नेतृत्व में धामपुर पहुंची। टीम ने जब शाहिद की निशानदेही पर फल चौक स्थित सुनार की दुकान पर दबिश दी, तो सुनार ने पुलिस से उलझते हुए कहा "मैं इस व्यक्ति को नहीं जानता।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, पुलिस और सुनार के बीच कुछ देर तक तीखी नोकझोंक भी हुई। कहा जा रहा है कि आरोपी सुनार एक हिंद. वादी संगठन से जुड़ा हुआ है और इसी प्रभाव का इस्तेमाल करते हुए उसने पुलिस पर रौब झाड़ने की कोशिश की। सूत्रों का कहना है कि पुलिस अब सुनार का वारंट जारी कराने की तैयारी में है, ताकि उसे विधिवत हिरासत में लिया जा सके।

मध्य प्रदेश, उत्तराखंड के बाद अब आंध्र प्रदेश पुलिस की कार्रवाई ने धामपुर के सराफा बाजार को फिर से बदनाम कर दिया है। लोगों का कहना है कि जब नगर का नाम बार-बार चोरी और धोखाधड़ी जैसे मामलों में जुड़ने लगे, तो इससे पूरे शहर की छवि पर धब्बा लगता है।

अब सबकी निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि क्या पुलिस सुनार तक पहुंच पाएगी या यह मामला भी अन्य की तरह ठंडे बस्ते में चला जाएगा।

# सपा सरकार में होगा विकास: जाकिर

## डॉ. लोहिया की पुण्यतिथि पर विचार गोष्ठी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** सपा जिला अध्यक्ष शेख जाकिर हुसैन ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के नेतृत्व में सरकार बनने के बाद प्रदेश का विकास होगा और पीडीए को सम्मान व न्याय मिलेगा। किसी के साथ नाइंसाफी नहीं होगी।

प्राप्त समाचार के अनुसार सपा के जिला कार्यालय पर समाजवादी चिंतक एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानी डॉ. राम मनोहर लोहिया की पुण्यतिथि श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें समाज और देश के विकास में डॉ. लोहिया के योगदान और उनके विचारों की प्रासंगिकता पर गहन चर्चा की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष ने की। जबकि संचालन जिला महासचिव धनंजय सिंह यादव ने किया।

जिला अध्यक्ष शेख जाकिर हुसैन ने कहा डॉ. राम मनोहर लोहिया केवल एक विचारक या नेता नहीं थे, बल्कि वह समाज के हर वर्ग के लिए उम्मीद और मार्गदर्शन का स्रोत थे। उन्होंने हमेशा कमजोर और पिछड़े वर्गों के अधिकारों के लिए संघर्ष किया। उनके विचार आज भी हमारे



समाज और राजनीति के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। हमें डॉ. लोहिया के बताए रास्ते पर चलते हुए पार्टी को आगे बढ़ाना होगा और मिशन 2027 को साकार करने के लिए पूरी ताकत और समर्पण से काम करना होगा। उनके आदर्शों को आगे बढ़ाते हुए समाज में समानता, शिक्षा और रोजगार के अवसर सुनिश्चित करना हमारा मुख्य लक्ष्य होना चाहिए।

विचार गोष्ठी में विभिन्न वक्ताओं ने डॉ. लोहिया के जीवन और उनके विचारों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि आज के समय में भी उनके विचार दलगत राजनीति, सामाजिक न्याय और नागरिक अधिकारों के लिए अत्यंत प्रासंगिक हैं।

कार्यक्रम के उपस्थित सभी नेताओं ने मिलकर डॉ. राम मनोहर लोहिया जी को नमन किया और उनके योगदान को याद किया।

इस अवसर पर डॉ. रहमान, प्रभा चौधरी, मदनलाल सैनी एड., राधा सैनी, कमलेश भूईयार, बीके कश्यप, कृपा रानी प्रजापति, अखलाक पप्पू, मनोज राजपूत, अफजाल उल हक, डॉ. योगेंद्र चौधरी, रामचंद्र भूईयार, नमन प्रधान, काशिफ खान, संजय पाल, मुबाशिर हुसैन मानू, शिवम कश्यप, सोनू सैनी, गौरव कुमार, कासिम कुरैशी, मौहम्मद इरफान, अत्ताउल्लाह हसन, सईद सलमानी, सईद प्रधान, मौहम्मद रिजवान, अब्दुल वहाब, अंकुर सैनी, अहमद खिजर खान आदि उपस्थिति थे।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

'शाह टाइम्स'

की शत-प्रतिशत गारंटी

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

मोबाइल नम्बर:- 9927777377

samiullah.bijnor@gmail.com

# जांच में वीरूवाला में अवैध खनन की पुष्टि

## एक नजर

### इलेक्ट्रॉनिक की दुकान में चोरी

**नहटौर।** नूरपुर मार्ग पर चक मोड़ के पास जाहिद अंसारी का मकान है। मकान में रोड किनारे एक दुकान बनी है, जिसमें गांव चक गोवर्धन निवासी रोहित कुमार ने इलेक्ट्रॉनिक की दुकान करता हैं। बताया जाता हैं कि मकान में पीछे की ओर बने कमरे में एक छोटी खिड़की लगी हुई है। अज्ञात चोर खिड़की तोड़कर अंदर घुस गए। मकान में कमरों को खंगाला गया। उसके बाद दुकान में घुस गए। दुकान से तार के बंडल, एमसीबी, चेंज ओवर आदि कीमती सामान चोरी कर लिया गया। मकान में पीछे की ओर लगा दरवाजा भी तोड़ दिया गया। इसके अलावा मौहल्ला अफगानान में पठानो वाली मस्जिद के सामने एक मोबाईल की दुकान के ताले तोड़कर भी चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया। दुकान स्वामी की ओर से पुलिस से शिकायत की गई।

### हिन्दू सुरक्षा सेवा संघ की मासिक बैठक



**धामपुर।** हिन्दू सुरक्षा सेवा संघ की मासिक बैठक नगर अध्यक्ष धामपुर सन्नी सैनी की अध्यक्षता में राधा इंटर कॉलेज धामपुर में संपन्न हुई। बैठक को संबोधित करते हुए सभी वक्ताओं ने संगठन की संख्या बल वृद्धि हेतु जनपद में सदस्यता अभियान चलाने का आह्वान किया और सभी को एकजुट कर सनातन हित में कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया। बैठक में पहुंचे मुख्य अतिथि प्रदेश संगठन महामंत्री अवधेश शर्मा ने कहा कि सभी कार्यकर्ताओं को आपसी मतभेद भुलाकर हिंदुत्व के लिए कार्य करना चाहिए। हिन्दू सुरक्षा सेवा संघ पूर्णत: एक हिंदू संगठन है जो हिंदुओं को एकजुट कर उनके हितों की रक्षा के लिए सदैव तत्पर है। संचालन जिला उपाध्यक्ष अमित यादव के द्वारा किया गया। बैठक में जिला महामंत्री मनोज चौहान, टिंकू विश्वकर्मा, जिला मंत्री प्रशांत यादव, हिमांशु कुमार, जिला उपाध्यक्ष गुरजीत सिंह, तहसील अध्यक्ष चांदपुर सोनू कुमार, नगर अध्यक्ष किरतपुर अंकुर गिरी, ब्लॉक अध्यक्ष किरतपुर देवेंद्र सैनी, आकाश राजपूत, राहुल सूर्यवंशी, विशाल ढाका, मोहित कुमार, प्रज्वल सिसोदिया, तुषार चौहान, प्रसू सिसोदिया, जितेंद्र चौहान, राजवीर सिंह, रवि गिरी, नितिन चौहान, सुरेंद्र कुमार, प्रशांत सागर, पुनीत राजपूत, दुष्यंत कुमार, परविंदर कुमार, सोहित कुमार, सौरभ कुमार, पप्पू सिंह, ऋषिपाल सैनी, सुधांशु कुमार, अंकित कुमार, मोहित कुमार, अभय राजपूत, सानू कुमार, देवेंद्र सिंह, योगेश सिंह, आकाश त्यागी, राजू सिंह, रतिराम सिंह आदि सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### रसोइया संगठन ने प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा




**अफजलगढ़।** क्षेत्रीय रसोईयों द्वारा प्रगतिशील रसोईया संगठन जनपद बिजनौर के नेतृत्व में प्रदर्शन कर अपनी विभिन्न मांगों को लेकर थाना अध्यक्ष के माध्यम से उत्तर प्रदेश सरकार को एक आठ सूत्रीय मांग पत्र सौंपा। क्षेत्रीय रसोईयों द्वारा मानदेय और स्कूलों को मर्जर कर बंद कर देने को लेकर प्रदेश सरकार के विरूद्ध सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से पैदल मार्च कर प्रदर्शन करते हुए थाना परिसर पहुंचकर मुख्यमंत्री के नाम थाना अध्यक्ष के माध्यम से थाने में मौजूद एसएसआई श्रीपाल सिंह को आठ सूत्रीय मांग पत्र सौंपा कर बताया कि देश में उत्तर प्रदेश सबसे बड़ा राज्य है, लेकिन सबसे कम मानदेय रसोईयों को दिया जाता है। वह भी लगभग तीन माह से रसोईयों को नहीं मिल रहा है। इससे पूर्व भी मानदेय किश्तों में दिया गया था। देश के अन्य राज्यों पाडेचेरी, तमिलनाडू, लक्षद्वीप, केरल आदि का उदाहरण देते हुए बताया है कि उक्त राज्यों में नौ हजार से उन्नीस हजार रुपए तक मानदेय मिलता है। एक ही देश दो प्रकार का कानून क्यों है। केन्द्र व राज्य सरकारों को रसोईयों को न्यूनतम वेतन 26 हजार मानदेय दिया जाए। 27 हजार विद्यालय मर्जर कर बन्द किये गये है यह गरीब बच्चों को शिक्षा से वंचित करना है, इसे वापस लिया जाए। उन्होंने कहा कि रसोईयों का तीन माह का रूका हुआ वेतन पांच हजार रूपये प्रति माह की दर के हिसाब एक साथ तुरन्त दिया जाए।

### विवादित दुकानों का निर्माण रूकवाया

**नहटौर।** मौहहल्ला शेखान घास मंडी में मस्जिद के सामने करीब आठ दुकानों को लेकर विवाद चला आ रहा है। दो पक्ष इन दुकानों को लेकर अपना अपना दावा कर रहे है। कुछ दिन पूर्व एक पक्ष ने इन दुकानों का बैनामा कराया था। दुकानों को तोड़कर दोबारा से निर्माण कार्य कराया जा रहा था। रविवार की सायं करीब छह बजे सीओ अभय कुमार पांडेय पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और हो रहे निर्माण कार्य को बंद करा दिया। शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए निर्देशित किया गया है। बताया जाता हैं कि एक पक्ष उक्त दुकानों को वक्फ की होने का दावा कर रहा है। जबकि दूसरा पक्ष उक्त दुकानों के बारे में कह रहा है कि यह नीजि भूमि है। उन्होंने इन दुकानों का बैनामा कराया है।

### वाल्मीकि प्रकटोत्सव पर शोभायात्रा निकाली

**नगीना।** विधानसभा क्षेत्र के ग्राम इस्लामाबाद में आदि कवि महर्षि वाल्मीकि जी का प्रकट उत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया। भाजपा विधायक सुशांत कुमार के जन प्रतिनिधि सीपी सिंह ने फीता काटकर वाल्मीकि शोभायात्रा का शुभारंभ किया। शोभायात्रा में सबसे आगे भगवान वाल्मीकि, पीछे लव और कुश को आशीर्वाद देते वाल्मीकि भगवान की झांकी, राम लखन और सीता माता की आकर्षक झांकी, शिव और पार्वती की झांकी, हनुमान भगवान की झांकी एवं महाकाली का तांडव करती आदि झांकियां आकर्षण का केंद्र बनी रही। वाल्मीकि शोभा यात्रा का नेतृत्व सचिन वाल्मीकि, दीपक वाल्मीकि, छदमी लाल, सुमित वाल्मीकि, काका, सूरज वाल्मीकि, नीतू वाल्मीकि, सानू वाल्मीकि, अजय वाल्मीकि आदि कर रहे थे। शोभा यात्रा में पूर्व प्रधान महेंद्र सिंह चौहान, विजय चौहान, राजीव कुमार, सतीश कुमार, नेमीशरण, अवनीश कुमार, कमल सिंह, सुरेंद्र सिंह, राकेश कुमार, खुशीराम, चुनमुन, सुधीर कुमार आदि शामिल रहे।

### अवैध खनन करते ट्रैक्टर ट्रिपलर पकड़ा

**किरतपुर।** बीती शाम ग्राम बूढ़पुर नैन सिंह में रोड पर ट्रैक्टर ट्रिपलर द्वारा प्लाट का भरान किया जा रहा था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने भरान कर रहे लोगों से तहसील की परमिशन दिखाने को कहा जिस पर वह नजीबाबाद तहसील की कोई परमिशन नहीं दिखा सके। हल्का दरोगा ने मौके से अवैध खनन करते हुए एक ट्रैक्टर ट्रिपलर को पकड़ लिया और सीज कर दिया। थाना प्रभारी पुष्पा देवी ने कहा कि क्षेत्र में कहीं भी किसी स्थान पर भी अवैध खनन बिल्कुल नहीं होने दिया जायेगा। पुलिस द्वारा की गई सख्त कार्यवाही से खनन माफियाओं में खलबली मची हुई है।

### वाल्मीकि जयंती पर निकली शोभायात्रा

**धामपुर।** महर्षि वाल्मीकि जयंती धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाई गई। इस अवसर पर निकली भव्य शोभायात्रा ने नगर की गलियों और मुख्य मार्गों को भक्ति और उत्साह के रंग में रंग दिया। शोभायात्रा का शुभारंभ मोहल्ला वाल्मीकि बस्ती स्थित भगवान महर्षि वाल्मीकि मंदिर से किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन पालिकाध्यक्ष चौधरी रवि कुमार सिंह, पूर्व पालिकाध्यक्ष राजू गुप्ता, डॉ. एन.पी. सिंह, निखिल छावड़ा सन्नी और राजेश पंवार ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। अतिथियों का समाज के लोगों ने पगड़ी पहनाकर और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया। शोभायात्रा में भगवान महर्षि वाल्मीकि, राम दरबार, हनुमान जी, मां शेरावाली, विशाल नंदी, राधा-कृष्ण और खाटू श्याम बाबा की आकर्षक झांकियां शामिल रहीं। ढोल-नगाड़ों और बैंड बाजों के साथ निकली यात्रा में अखाड़ा दलों ने अपने करतबों से लोगों का मन मोह लिया। शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों पहाड़ी दरवाजा, नगीना चौक, पंजाबी कॉलोनी, सुभाष चौक, बड़ी मंडी, मेन मार्केट, भगत सिंह चौक और खरी कुआं से होकर गुजरी। यात्रा के समापन पर श्रद्धालुओं ने भगवान महर्षि वाल्मीकि मंदिर पहुंचकर पूजा-अर्चना की और आशीर्वाद प्राप्त किया।





### सर्वेयर के नेतृत्व में अवैध खनन की जांच

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** तहसील क्षेत्र के ग्राम वीरूवाला में हाल ही में रेत-बजरी खनन शुरू हुआ है। आरोप है कि पट्टा धारकों ने शुरुआती दौर में पट्टा सीमा से बाहर खनन शुरू कर दिया। शासन के निर्देश पर गठित टीम कर अवैध खनन की जांच की गई।

वीरूवाला क्षेत्र में लगातार अवैध खनन की शिकायत पर कार्रवाई करते हुए जांच की गई। शासन की ओर से गाटा संख्या-193 में छह माह के लिए खनन का पट्टा दिया गया है। पांच अक्टूबर से खनन शुरू हुआ। पट्टा धारकों द्वारा तीन-चार पोकलेन के साथ निर्धारित पट्टा सीमा से बाहर खनन किए जाने की शिकायत शासन को भेजी गई। खनन विभाग के बरेली से आए क्षेत्रीय सर्वेयर दिनेश कुमार के नेतृत्व में पहुंची जांच टीम ने अवैध खनन की शासन को शिकायत मिली थी। बरेली के क्षेत्रीय सर्वेयर के नेतृत्व में जांच हुई है। टीम को निर्धारित पट्टा सीमा से कुछ फासले पर समतल की गई ताजा भूमि मिली। इस दौरान खनन निरीक्षक सुनील कुमार, तहसीलदार संतोष कुमार यादव, नायब तहसीलदार अमित कुमार मौजूद रहे। वहीं दूसरी ओर प्रशासन द्वारा समय-समय पर शिकायतों पर जांच भी की जाती है लेकिन खनन माफियाओं के हौसले इतने बुलंद हैं कि खनन माफियाओं में सरकार एवं प्रशासन का कोई भय नहीं। नियमों को तांक पर रखकर लगातार अवैध खनन को संचालित किया जाता है। सड़कों पर अवैध खनन से ओवर लोड गाडियां अक्सर दौड़ती देखी जा सकती है। जिससे सड़क दुर्घटनाओं का अंदेशा बना रहता है। अधिकारियों की जांच के बाद फिर से वीरूवाला में मालन नदी में खनन शुरू हुआ। सड़कों पर ओवरलोड डंपर तेज रफ्तार में दौड़ते नजर आए।

उधर खनन माफिया प्रशासनिक निगरानी को ठेंगा दिखाते हुए निर्धारित सीमा से कई गुना अधिक खनन कर चुके हैं। दिन-रात नदी किनारे भारी पोकलेन मशीनें चल रही हैं और ओवरलोड ट्रक लगातार खनन सामग्री लेकर निकल रहे हैं। वाहन बिना रॉयल्टी पर्ची के चलते हैं, जिससे सरकार को लाखों नहीं बल्कि करोड़ों रुपए का राजस्व नुकसान हो रहा है। स्थानीय ग्रामीणों का आरोप है कि प्रशासन और कुछ अधिकारियों की मिलीभगत से यह अवैध खनन वर्षों से जारी है। हाल ही में एसडीएम और तहसीलदार की टीम ने औपचारिक कार्रवाई दिखाने के लिए मौके का निरीक्षण तो किया, लेकिन ग्रामीणों के अनुसार कार्रवाई सिर्फ कागजों में खाना पूर्ति बनकर रह गई। मौके पर न तो मशीनें बंद कराई गई और न ही कोई ठोस कार्रवाई हुई। ग्रामीणों ने बताया कि रात के समय मशीनों की गड़गड़ाहट और ट्रकों की आवाजाही से शांति भंग हो रही है। खेतों की मिट्टी कट रही है, सड़कों की हालत खराब हो चुकी है और धूल से लोगों का सांस लेना मुश्किल हो गया है। सूत्रों के मुताबिक, खनन माफियाओं को पहले से ही जानकारी मिल जाती है कि प्रशासनिक टीम कब पहुंचेगी। इसलिए टीम के आने से पहले मशीनें हटा ली जाती हैं और निरीक्षण के बाद फिर से खनन शुरू हो जाता है।

### मालन नदी के प्राकृतिक स्वरूप को खतरा

**नजीबाबाद।** मालन नदी का प्राकृतिक स्वरूप भी खतरे में है। लगातार गहराई तक खुदाई से नदी की धार कमजोर हो रही है और जलस्तर तेजी से नीचे गिर रहा है। अगर जल्द कार्रवाई नहीं हुई, तो आने वाले समय में बाढ़ और भू-स्खलन का खतरा बढ़ सकता है। ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि मालन नदी और वीरुवाला क्षेत्र में चल रहे अवैध खनन पर तत्काल रोक लगाई जाए, दोषी अधिकारियों और माफियाओं पर सख्त कार्रवाई की जाए और पर्यावरण को बचाने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं। सूत्रों के अनुसार, कल होने वाली भारतीय किसान यूनियन (प्रधान) की बैठक में यह मुद्दा जोर-शोर से उठाया जाएगा। संगठन के पदाधिकारी इस पर बड़ा निर्णय ले सकते हैं और यदि प्रशासन ने कार्रवाई नहीं की, तो आंदोलन की रूपरेखा तय की जाएगी। लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि कार्रवाई नहीं हुई, तो वह सामूहिक आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

### हादसे में बाइक सवार युवक की मौत

**नजीबाबाद।** ग्राम प्रतापपुर निवासी लवी (18 वर्ष) पुत्र अखिलेश अपने साथी यश (20 वर्ष) पुत्र रनवीर निवासी इस्लामपुर साहू किरतपुर को बाइक पर बैठाकर जा रहा था। इसी दौरान सामने से आ रही एक ई-रिक्शा से बचने के प्रयास में उनकी मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई। सड़क दुर्घटना में लवी पुत्र अखिलेश की मौके पर ही मृत्यु हो गई। जिसके शव को पंचायतनामा कर पीएम के लिए भेज दिया गया। घायल यश पुत्र रनवीर को नजीबाबाद के पूजा अस्पताल में भर्ती कराया गया। बताया गया कि बाइक गलत साइड पर थी। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

### आरटीआई की बीसवीं वर्षगांठ मनाई

**बढ़ापुर।** चुन्नीवाला मंदिर के प्रांगण में अटैक आन करप्शन आरटीआई की बीसवीं वर्षगांठ मनाई। संगठन के अध्यक्ष विनोद कुमार शर्मा ने कहा कि आरटीआई के माध्यम से सभी को जानकारी लेने का अधिकार है। कार्यक्रम का संचालन मास्टर नौशाद अहमद और अध्यक्षता विनोद कुमार शर्मा ने की। अन्य जनपद से आए संगठन के लोगों ने संगठन को बहुत करने और अंतत: से जुड़ने की अपील की। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष में कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि संगठन यूपी के अलावा अन्य प्रदेश में निरंतर कार्य कर रहा है। इससे जुड़े हुए आरटीआई कार्यकर्ताओं का कोई अधिकारी या अन्य कोई व्यक्ति उत्पीड़न करता है, तब हमारा संगठन उसके खिलाफ सख्त कार्यवाही करता है। जन सूचना अधिकार अधिनियम 2005 जब से यह कानून बना है। भ्रष्टाचार करने वालों के खिलाफ कार्यवाही हुई है। आरटीआई मांगना सभी का मूल अधिकार है। इससे भ्रष्टाचार पर लगाम लगेगा। उन्होंने लोगों से इस संगठन में जुड़ने की अपील की है। संगठन के राष्ट्रीय संयोजक विपिन त्यागी, जमाल अहमद, बल राज दीक्षित ने भी अपने विचार रखे। सभा का आयोजन मौहम्मद अकरम, योगेश कुमार प्रजापति, मौहम्मद अकरम, मनोज कुमार, रिंकू दिवाकर, मास्टर अजय पाल आदि ने किया। इस मौके पर शराफत हुसैन, मास्टर युनुस, मास्टर रशीद, मास्टर नसीम, मास्टर असलम, बाबू भाई भट्टे वाले उपस्थित थे।

### नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन



**नजीबाबाद।** ग्राम गाजीपुर में देहरादून के प्रसिद्ध कैलाश हॉस्पिटल के सौजन्य से एक विशाल नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया जिसका शुभारंभ इंजीनियर कौशल सिंह, ग्राम प्रधान नजाकत अली, भारतीय हिंदू परिषद के प्रदेश उपाध्यक्ष अजय प्रताप के द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया। साथ में अतिथि के रूप में दीपक कश्यप जिला अध्यक्ष भारतीय हिंदू परिषद, आशिफ अली आदि रहे। डॉ. नितिन, डॉ. यज्ञा, डॉ. अंकित आदि उपस्थित रहे। शिविर में हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. यज्ञा, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. अंकित व जनरल फिजिशियन डॉ. नितिन द्वारा लगभग 215 मरीज का स्वास्थ्य परीक्षण कर लाभ दिलाया गया। साथ ही ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर, आंखों की जांच, हृदय की जांच, टेंपरेचर चेक, वजन की जांच नि:शुल्क की गई व दवाई भी नि:शुल्क की गई। कैलाश हॉस्पिटल देहरादून की तरफ से अभिषेक त्यागी, अभिनाष शर्मा, हेमंत त्यागी, अभिषेक रावत, नेहा आदि का विशेष सहयोग रहा। इंजीनियर कौशल सिंह ने बताया कि क्षेत्र में निरंतर स्वास्थ्य से संबंधित इस प्रकार के कैंप समय-समय पर लगाकर क्षेत्र की जनता को पूर्ण लाभ दिलाया जाएगा। इस तरह का कैंप क्षेत्र में लगने से क्षेत्र के लोगों में खुशी का माहौल है। कैलाश हॉस्पिटल ने भी भरोसा दिलाया है कि समय-समय पर ग्रामीण क्षेत्रों में इस तरह के नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर हम लगाते रहेंगे। वह क्षेत्र की जनता को स्वास्थ्य विभाग से संबंधित स्वास्थ्य लाभ दिलाते रहेंगे।

## कार्यालय नगर पालिका परिषद नहटौर, जनपद-बिजनौर

पत्रांक:- 1217/ न.पा.परि.नह./ 2025-26 दिनांक:- 10.10.2025

### सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्रमुख सचिव उत्तर प्रदेश शासन नगर विकास अनुभाग-9 लखनऊ द्वारा निर्गत शासनादेश संख्या- 925/नौ-9-2025-ई-1853098 दिनांक 09 मई, 2025 ''नगर निगम (निर्धारण सूची में संशोधन और परिवर्तन) मानक उपविधि, 2025 एवं नगर पालिका परिषद/नगर पंचायत (निर्धारण सूची में संशोधन और परिवर्तन) मानक उपविधि 2025 लागू किये जाने के संबंध में है।'' के अनुक्रम में नगर पालिका परिषद नहटौर, जनपद बिजनौर की बोर्ड बैठक दिनांक 10.10.2025 के एजेण्डा सं. 09 द्वारा स्वीकृत प्रस्ताव के संबंध में आपत्ति आमन्त्रित की जा रही है।

उक्त उपविधि 2025 में निर्धारण सूची में संशोधन/परिवर्तन हेतु प्रभार की दरें निम्न प्रकार अंकित है:-

(1) जहां कर निर्धारण सूची के संशोधन और परिवर्तन हेतु आवेदन नगर पंचायत/ नगर पालिका परिषद को प्रस्तुत किया जाय वहां आवेदक से प्रभार इस उपविधि के अनुसार उद्गृहीत किया जाएगा। प्रभारों की दरें निम्नवत् होगी-

(क) किसी विधिक उत्तराधिकारी या रजिस्ट्रीकृत वसीयत के मामले में प्रभार की दरें निम्नवत् होगी-

| क्र.सं. | सम्पत्ति का क्षेत्रफल (वर्ग फीट में) | प्रभार की धनराशि (रुपये में) |
|---|---|---|
| 1 | 1000 तक | 500.00 |
| 2 | 1001-2000 तक | 1000.00 |
| 3 | 2001-3000 तक | 2000.00 |
| 4 | 3000 से अधिक | 2500.00 |

(ख) नियम-3 के उपनियम (3) के अधीन अन्य सभी मामलों में प्रभारों की दर जिलाधिकारी द्वारा नियम सर्किल रेट या पंजीकरण विलेख में अंकित धनराशि, जो भी अधिक हो, के आधार पर निम्नवत् होगी-

| क्र.सं. | सम्पत्ति का मूल्य | प्रभार की धनराशि (रुपये में) |
|---|---|---|
| 1 | रु. 5 लाख तक | 500.00 |
| 2 | रु. 5 लाख रु. 10 लाख तक | 1000.00 |
| 3 | रु. 10 लाख रु. 15 लाख तक | 1500.00 |
| 4 | रु. 15 लाख रु. 50 लाख तक | 2500.00 |
| 5 | रु. 50 लाख से ऊपर | 5000.00 |

अत: उपरोक्तानुसार प्रमुख सचिव, उत्तर प्रदेश शासन, नगर विकास अनुभाग-9 लखनऊ द्वारा निर्गत शासनादेश संख्या-925/नौ-9-2025-ई-1853098 दिनांक 09 मई, 2025 नगर पालिका की ऑफिशियल वेबसाईट www.nppnehtaur.in पर भी उपलब्ध है, जिसके सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह 30 दिन के अन्दर (10.11.2025) तक नगर पालिका परिषद नहटौर के पत्र प्रेषण एवं प्राप्ति पटल (केन्द्रीय कार्यालय) पंजीकृत डाक एवं ई-मेल आई.डी. पर eo.nehtaur@gmail.com दर्ज करा सकते है। उक्त अवधि के उपरान्त कोई आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी, एवं शासनादेश लागू किये जाने के संबंध में आवश्यक कार्यवाही अमल में लायी जायेगी। प्रस्तावित उपनियम की प्रति जनसामान्य के अवलोकनार्थ नगर पालिका परिषद नहटौर कार्यालय पर उपलब्ध है।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद नहटौर**
**जनपद-बिजनौर**

**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद नहटौर**
**जनपद-बिजनौर**

## एक नजर

### हादसे में स्कूटी सवार दो घायल



**अफजलगढ़।** नगर के मौहल्ला गौहर अली खां निवासी नासिर पुत्र सलीम अपने साथी सूरज पुत्र प्रकाश मौहल्ला किला के साथ बीती देर शाम स्कूटी द्वारा होटल से रोटी लेने जा रहे थे । कालागढ़ मार्ग स्थित धोबी घाट पर अज्ञात तेज रफ्तार कार चालक ने स्कूटी में टक्कर मार दी, जिससे स्कूटी पर सवार दोनों युवक गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। कार चालक मौके से कार लेकर फरार हो गया। घायलों के बताए मुताबिक चालक कार को लाप. रवाही से चला रहा था। घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया गया। प्राथमिक उपचार के बाद नासिर को हेयर सेंटर रैफर कर दिया तथा सूरज को उपचार के बाद छुट्टी दे दी।

### शुकदेव जी महाराज के जन्म का वर्णन

**हल्दौर।** गांव बिसाठ हाईवे पर स्थित सूर्यकुंड पर चल रही सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन श्रद्धा और भक्ति के वातावरण में कथा का श्रवण किया गया। कथा वाचक पंडित हरिशरण व्यास ने भगवान वेदव्यास के पुत्र श्री शुकदेव जी महाराज के जन्म प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन किया।

### शिव मंदिर परिसर में सनातन सत्संग



**चांदपुर।** मौहल्ला सरायरफी (विवेक नगर) स्थित शिव मंदिर परिसर में एक दिवसीय संत सनातन सतसंग का आयोजन किया गया। इस मौके पर साधसंगत को सम्बोधित करते हुए सतगुरु बाबा सनातन महाराज ने कहा कि आज इंसान जितना संसार के प्रति जगा हुआ है, उतना ही अध्यात्म के प्रति सोया हुआ है। जो मनुष्य विश्व के हर मानव को अपना कुटुम्ब मानता है, उसकी गणना उदार चरित्र वालों में होती है। यही वसुधैव कुटुंबकम की भावना है। संसार में वसुधैवकुटुम्बकम की भावना तभी स्थापित होगी जब आध्यात्मिक जागृति आएगी और बिना ब्रह्मज्ञान से आध्यात्मिक जागृति आ नहीं सकती। उन्होंने अपने प्रवचन में कहा कि युगों - युगों से सतगुरु के शरण में जाकर ही ब्रह्मज्ञान की प्राप्ति हुई है। बिना सतगुरु से ब्रह्मज्ञान की प्राप्ति संभव नहीं। सत सनातन मिशन के केंद्रीय ज्ञानाचार्य चंद्र सिंह सनातन ने भी अपने विचारों में सतगुरु सनातन महाराज की भूरि भूरि प्रशंसा की और कहा कि सतगुरु ब्रह्म की अनुभूति कराने आये है। इस अवसर पर धामपुर से हरिओम सैनी, जितेंद्र यादव, रणवीर फौजी, चौधरी मनोज फौजी, रणवीर सिंह सैनी, बहन निर्मला, बहन उर्मिला, बहन रौशनी आदि ने भाग लिया।

### सर्प मित्र ने अजगर किया रेस्क्यू



**नहटौर।** ग्राम खंडसाल स्थित खूब सिंह के गन्ना कोल्हू के पास एक खेत में महिलाए धान की फसल काट रही थी। उन्हें अजगर सर्प दिखाई दिया, जिसे देख कोल्हू पर काम कर रहे लोगों में हड़कंप मच गया। देखते ही देखते मौके पर ग्रामीणों की भीड़ एकत्र हो गई। अजगर धीरे-धीरे एक यूकेलिप्टस के पेड़ पर चढ़ गया। ग्रामीणों की सूचना पर सर्प मित्र बी भास्कर अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पेड़ से अजगर सर्प का रेस्क्यू किया गया। सर्प मित्र बी भास्कर ने बताया कि रेस्क्यू करते हुए सर्प को पकड़कर सुरक्षित स्थान पर छोड़ दिया गया है।

### चिकित्सा शिविर में मरीजों की जांच



**नहटौर।** नवादा चौहान में ककराला रोड स्थित शीशा प्रोडक्ट्स प्रा. लि. के प्रांगण में शीशा प्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड और क्रिएटिव फार्मिंग प्रोड्यूसर कंपनी के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन एमडी विजेंद्र कुमार द्वारा किया गया। शिविर में मरीजों को मुफ्त स्वास्थ्य जांच और दवाइयां उपलब्ध कराई गईं। इस अवसर पर मैत्री हॉस्पिटल चक्कर रोड बिजनौर से स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. कीर्ति अहलावत, डॉ. अंकिता, फिजिशियन डॉ. विशाल राणा और डॉ. मुजीब के नेतृत्व में उनकी टीम से सदस्यों दीपांशु, खुशबू और नईम ने मरीजों का उपचार किया। विजेंद्र कुमार के द्वारा शिक्षा, स्वास्थ्य, किसानों और गरीब लोगों की आय बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। उनके इन सामाजिक कार्यों ने क्षेत्रवासियों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। कैंप के सफल संचालन में शीशा परिवार से शुभम रघुवंशी, राजेश कुमार, दिनेश कुमार, इ. राहुल कुमार, लक्ष्य कुमार आदि का विशेष सहयोग रहा।

### सम्मान समारोह का आयोजन



**बिजनौर।** गंज में पाल समाज धर्मशाला में एक विशाल सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें पाल समाज के वरिष्ठ अधिवक्ता रामपाल सिंह एड. को जिला सिविल बार संगठन का वाइस प्रेसिडेंट निर्वाचित होने पर पाल समाज के लोगों द्वारा उनका भव्य सम्मान किया गया। मुख्य अतिथि श्रीमती जिमी सैनी ने अपने संबोधन में कहा कि पाल समाज का देश के विकास में बहुत ही अहम योगदान है। समाज में अनेक महापुरुष हुए हैं जिनका वह बहुत ही सम्मान करती हैं और आगे भी करती रहेंगे। उन्होंने समाज में फैली कुरीतियां को भी जड़ से मिटाने का आह्वान किया तथा सभी से मिलजुल कर कार्य करते रहने की अपील की। विशिष्ट अतिथि श्रीमती मिथलेश पाल पूर्व विधायक मीरापुर ने कहा कि हमें समाज के बच्चों की शिक्षा पर विशेष ध्यान देना चाहिए। पूर्व सांसद मुंशी राम पाल ने कहा कि समाज के लोगों को अपने समाज की भलाई के लिए बढ़-चढ़कर आगे आना चाहिए। राम सिंह आर्य की अध्यक्षता वह हरि सिंह भारतीय के संचालन में हुए विशाल कार्यक्रम में राजीव चौहान पूर्व बार अध्यक्ष, रामेंद्र सिंह एड., पूर्व बार महासचिव अंजू भुइयार एड., जितेंद्र भुइयार एड., भूपेंद्र निरंकारी, पत्रकार रत्नेश, पूर्व प्रधान रणवीर सिंह, रेवती सिंह, बनवारी सिंह पाल, धर्मशाला के अध्यक्ष संत राम सिंह, बलबीर सिंह, छत्रपाल सिंह एड., तेजपाल सिंह, निरंकारी भीम सिंह पाल आदि सहित पाल समाज के अनेक गणमान्य व्यक्तियों एवं महिलाओं ने भाग लिया।

# मोटरसाइकिल में लगी आग





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** मंडावर रोड स्थित एक होटल के बाहर खड़ी मोटरसाइकिल में अचानक आग लग जाने से मौके पर अफरा-तफरी मच गई। वहां मौजूद लोगों ने तत्काल समझदारी दिखाते हुए आग पर काबू पाया, जिससे एक बड़ा हादसा होने से टल गया।

## मौके पर मची अफरा-तफरी

प्राप्त जानकारी के अनुसार मौहल्ला मलकान निवासी आरिफ पुत्र अब्दुल अजीज मंडावर रोड पर स्थित एक खाने के होटल पर काम करता है।

सोमवार को रोजाना की तरह वह अपनी मोटरसाइकिल पल्सर आरएस 200 जिसका नंबर यूपी20एआर5066 है लेकर होटल पर पहुंचा और उसे होटल के सामने खड़ा कर दिया। कुछ ही क्षण बाद मोटरसाइकिल से धुआं उठने लगा और देखते ही देखते आग भड़क गई। अचानक लगी आग को देखकर आस-पास मौजूद लोग घबरा गए और मौके पर हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों ने पानी तथा अन्य साधनों की मदद से कड़ी मशक्कत के बाद आग पर नियंत्रण पाया, लेकिन तब तक मोटरसाइकिल जलकर खाक हो चुकी थी। सौभाग्य से इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई। आग लगने के सही कारणों का पता नहीं चल सका है।

हालांकि माना जा रहा है कि मोटरसाइकिल में किसी तकनीकी खराबी के चलते शॉर्ट सर्किट की वजह से आग लगी। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से ऐसी घटनाओं से बचाव हेतु जागरूकता अभियान चलाए जाने की मांग की है।

## समन तालीम कराने गए पुलिस कर्मियों पर हमला

**कोतवाली देहात।** थाना कोतवाली देहात की अकबराबाद पुलिस चौकी पर तैनात दरोगा जोगिंदर तेवतिया, कांस्टेबल भूपेंद्र सिंह तथा महिला कांस्टेबल करिश्मा के साथ ग्राम अकबराबाद में आसिफ को समन तामील कराने गए थे। मौके पर आसिफ पुत्र रसीद, नजाकत पुत्र समीम तथा मौहम्मद अकरम उर्फ राहुल पुत्र कालू तथा एक महिला मौजूद थे। आरोपियों ने पुलिस के साथ गाली गलौज शुरू कर दी। समझाने पर सभी ने पुलिसकर्मियों पर हमला बोल दिया। आरोप है कि आरोपियों ने दरोगा का गला दबा दिया। इस दौरान दरोगा के हाथ में काट लिया और वर्दी फाड़ डाली। वर्दी के मोनोग्राम को नोच लिया। मामले की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची तब आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए जीने के रास्ते फरार हो गए। दरोगा जोगिंदर तेवतिया की तहरीर पर आरोपी आसिफ, नजाकत, मौहम्मद अकरम उर्फ राहुल तथा एक अज्ञात के विरुद्ध संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# सबरंग की मासिक काव्य गोष्ठी में सुशील कर्णवाल का सम्मान



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिले की प्रमुख साहित्यिक संस्था सबरंग की मासिक काव्य गोष्ठी का आयोजन गिरीश त्यागी की अध्यक्षता में स्थानीय जैन धर्मशाला में किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि सुशील कर्णवाल और विशेष अतिथि सुमन चौधरी रही।

कार्यक्रम का शुभारंभ आरिफ गांधी की सरस्वती वंदना से हुआ। फिर सुशील कार्णवाल ने नाक से बांसुरी वादन कर रामचरित मानस की चौपाईयों से वातावरण का संगीतमय बना दिया। इसके बाद मनोरंजन शर्मा के संचालन में काव्य की रासधार बह निकली।

ओमप्रकाश परमार ने जहां भ्रष्टाचार पर दोहे सुनाए तो डा. अशोक शर्मा ने पुछल्ले दोहे सुनाकर गोष्ठी में माहौल बनाया। युवा गजल. कार नरेंद्र शिखर ने नफरत हुई है अंधी जले प्रेम का दिया, हो रोशनी रहीम की हर ओर राम होए सुना कर दाद बटोरी। आरिफ गांधी ने गजल मैं वो सच था जो तुमको चुभता था, बाद मेरे मलाल कैसा है सुनाई।

गीरीश त्यागी ने कहा - गीत तुम गुनगुनाने का वादा करो। वहीं दीप अंजुम ने सामायिक गजल के साथ दोहे सुनाए, बनागी देखें - चमडे का जूता उछला तो शोर बहुत ही बरपा है, हंसकर सहते खामोशी से मुंह पर जूता चांदी का। विशिष्ठ अतिथि सुमन चौधरी ने बिटिया पर सुन्दर हाइकू प्रस्तुत की।

गोष्ठी में नमनदीप गिलहोत्र, डा. सतेन्द्र शर्मा अंगरिस, कृष्ण कुमार पाठक, मनोरंजन शर्मा, सुशील कर्णवाल और हुक्का बिजनौरी आदि ने भी सुंदर काव्य पाठ किया।

कार्यक्रम के दूसरे चरण में सबरंग की ओर से बहुमुखी प्रतिभा के धनी सुशील कर्णवाल को माला, श्रीफल, शाल, पटका, प्रतीक चिन्ह आदि देकर सम्मानित किया गया। विशिष्ठ अतिथि सुमन चौधरी को भी प्रतीक चिन्ह भेंट किया गया।

अंत में संयोजक हुक्का बिजनौरी ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## पुलिस ने महिलाओं को उनके अधिकारों प्रति किया जागरूक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नांगल सोती।** पुलिस प्रशासन ने महिलाओं संग चौपाल लगाकर सरकार के मिशन शक्ति अभियान को परवान चढ़ाया।

ग्राम गौसपुर में पुलिस ने गांव की महिलाओं के संग चौपाल लगाकर, मिशन शक्ति अभियान की जानकारी साझा की। इस दौरान सशक्त नारी, समृद्ध प्रदेश का नारा लगाते हुए महिलाओं को नारी सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के बारे में विस्तार से बताया। मिशन शक्ति प्रभारी दरोगा उपेंद्र सिंह महिलाओं को मिशन शक्ति केंद्र, महिला हेल्प डेस्क, महिला बीट, महिला रिपोर्टिंग पुलिस चौकी परामर्श केंद्र, मिशन शक्ति कक्ष, एंटी रोमियो स्क्वाड, महिला साइबर सेल के बारे में जानकारी साझा की। महिला आरक्षी पूनम शर्मा, ललिता सिंह और प्रवीण चौहान, रोहित कुमार ने 1090, 1098, 1930 आदि हेल्पलाइन नंबरों के उपयोग और उनके फायदे के बारे में महिलाओं और छात्राओं को विस्तार से बताया। इसके साथ महिलाओं को मोबाइल पर किसी व्यक्ति द्वारा परेशान करने, अश्लील चैट करने आदि की सूचना 1930 और डायल 112 पर तुरंत करने की सलाह दी। सरकार द्वारा महिला उत्थान के लिए जा रही योजनाओं के लाभ बताए और चौपाल में महिलाओं को उनके अधिकारों के लिए जागरूक किया।

# कृष्णा कालेज में 'नव प्रेरणा' कार्यक्रम

## प्रिया मिस फ्रेशर व विकास कुमार को मिस्टर फ्रेशर चुना



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** कृष्णा कॉलेज आर्फ लॉ, बिजनौर में नव प्रवेशित विद्यार्थियों के स्वागत हेतु 'नव प्रेरणा' कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि सौरभ मिश्रा सहायक अभियोजन अधिकारी, मुरादाबाद, महाविद्यालय के प्रबंधक निदेशक राजीव कुमार, चेयरमैन मनोज कुमार निदेशक पवन कुमार, प्राचार्य डॉ. परवेज अहमद खान एवं विभागाध्यक्ष प्रदीप कुमार द्वारा संयुक्त रूप से ज्ञान दायिनी सरस्वती देवी की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्वलित करके किया गया। कृष्णा कॉलेज ऑफ लॉ के प्राचार्य ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों एवं विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम का उद्देश्य सभी विद्यार्थियों को एक-दूसरे से परिचित कराना, विद्यार्थियों के आत्मविश्वास में वृद्धि करना होता है, जिससे नव प्रवेशित विद्यार्थियों को नये महौल में समायोजित होने में सहायता मिलती है। महाविद्यालय के वरिष्ठ प्रवक्ता डॉ. एम.ए. खान द्वारा महाविद्यालय के स्थापना वर्ष से आज तक की प्रगति की आख्या प्रस्तुत की गई। उन्होंने बताया महाविद्यालय एमजेपी रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली के अन्तर्गत आने वाला पहला स्ववित्त पोषित महाविद्यालय है। जिसने अनेकों विश्व विद्यालय दिये है तथा विधिक शिक्षा के क्षेत्र में अनेकों कीर्तिमान स्थापित किये है।

महाविद्यालय के विभागाध्यक्ष द्वारा आज के कार्यक्रम 'नव प्रेरणा' का अर्थ तथा महत्व बताया तथा उन्होंने यह भी बताया कि किस प्रकार से, व्यक्तित्व का विकास करने में सहायक है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ने विधि के अध्ययन की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि फ्रेशर पार्टी का आयोजन करने का उद्देश्य सीनियर और जूनियर विद्यार्थियों के लिए एक अविस्मरणीय पल उपलब्ध कराना होता है। उन्होंने कहा कि सीनियर का दायित्व है कि वह जूनियर हर संभव सहायता करे। वहीं जूनियर की यह जिम्मेदारी है कि वह सीनियर का सम्मान करे। महाविद्यालय के प्रवक्ता अभिषेक प्रताप सिंह द्वारा विधिक शिक्षा पूर्ण करने के उपरांत रोजगार के विभिन्न क्षेत्रों के बारे में विस्तृत रूप से बताया। महाविद्यालय के प्रवक्ता शिव कुमार द्वारा विद्यार्थियों से अनुशासन में रहने का आवाहन किया गया तथा विद्यार्थी के जीवन में अनुशासन के महत्व को बताया। कार्यक्रम में उपस्थित निर्णायक मण्डल के द्वारा एलएलबी प्रथम वर्ष की छात्रा प्रिया को मिस फ्रेशर व विकास कुमार को मिस्टर फ्रेशर चुना गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सहायक प्रवक्ता दीपिका सिंह, श्रीमति पूजा ठाकर, विशाल विक्रम सिंह, मीनू कोठरी, खुशबू रानी आदि का विशेष योगदान रहा।

# दीपावली पूजन को लेकर लोग असमंजस में

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** दीपावली पूजन 20 अक्टूबर को होगा या 21 अक्टूबर को इसे लेकर लोगों में असमंजस की स्थिति उत्पन्न हो गई है। कुछ ज्योतिष 20 को, तो कुछ 21 अक्टूबर को दीपावली पूजन करना श्रेष्ठ बता रहे हैं। इस स्थिति को देखकर लगता है कि इस बार दीपावली पूजन दो दिन होगा।

दीपावली पर त्यौहारों की एक पूरी श्रृंखला होती है। इस श्रृंखला में धनतेरस, रूप चौदस या नरक चतुर्दशी (छोटी दीपावली), दीपावली, गोवर्धन पूजा, भैयादूज एवं शामिल होते हैं। दीपावली का पूजन कार्तिक अमावस्या की रात्रि में होता है। इस बार कार्तिक अमावस्या 2 दिन रहने वाली है। कुछ पंचांग बताते हैं कि कार्तिक अमावस्या की तिथि 20 अक्टूबर (सोमवार) को अपराह्न 3.45 बजे शुरू होगी और 21 अक्टूबर (मंगलवार) को शाम 5.50 बजे तक रहेगी। हालांकि अलग-अलग पंचाग समय में थोड़ा अंतर बताते हैं। ज्योतिषियों का कहना है कि

## दो दिन हो सकता है दीपावली पूजन

दीपावली पूजन 20 अक्टूबर को मनाना ही श्रेष्ठ होगा, क्योंकि 21 अक्टूबर को अमावस्या तिथि सूर्यास्त से पहले ही समाप्त हो जायेगी। इसमें न तो प्रदोष काल होगा और न ही निशीत काल। ज्योतिषीय बताते हैं कि दीपावली पूजन, मां लक्ष्मी पूजन प्रदोष काल और निशीत काल में ही किए जाने का विधान है। वे 21 अक्टूबर को अमावस्या का दान-स्नान बता रहे हैं। जबकि कुछ ज्योतिषा 21 अक्टूबर को ही दीपावली पूजन करना श्रेष्ठ बता रहे हैं।

बहरहाल ज्योतिषियों के भिन्न-भिन्न मतों से लोगों में दीपावली पूजन को लेकर असमंजस की स्थिति बनी हुई है। आशंका है कि इस बार दीपावली दो दिन मनाई जा सकती है। कुछ क्षेत्रों में दीपावली 20 अक्टूबर को तो कुछ क्षेत्रों में 21 अक्टूबर को मनाई जायेगी।

## एक नजर

### युवती की बरामदगी की मांग



**धामपुर।** क्षेत्र के गांव भटपुरा से युवक-युवती के लापता होने का मामला सामने आने के बाद गांव में तनाव का माहौल बन गया है। अल्पसंख्यक समुदाय का युवक दो दिन पूर्व दलित समाज की युवती को लेकर फरार हो गया। परिजनों ने युवती को काफी खोजा, लेकिन कोई सफलता नहीं मिली। इसके बाद रविवार को परिजन और ग्रामीणों का जत्था अपर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी) के कार्यालय पहुंचा। परिजनों ने पुलिस से जल्द युवती की बरामदगी और आरोपी की गिरफ्तारी की मांग की। अधिकारियों ने कार्रवाई का आश्वासन देते हुए बताया कि पुलिस आरोपी की तलाश में लगी है। वहीं आरोपी युवक के परिजन भी घर पर ताला लगाकर फरार बताए जा रहे हैं।

### गंगा एक्सप्रेस-वे के लिए पोस्टकार्ड अभियान



**चांदपुर।** युवा प्रदेश अध्यक्ष चौधरी दिगंबर सिंह की मुहिम पर ब्लॉक जलीलपुर अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह के नेतृत्व में बड़ी संख्या में यूनियन कार्यकर्ताओं ने ग्राम पीपलीजट डाकखाना पहुंचकर मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार लखनऊ के नाम पोस्टकार्ड लिखकर पोस्ट किए। कार्यकर्ताओं ने कहा कि मुख्यमंत्री का बिजनौर जनपद की जनता से वादा है कि वह गंगा एक्सप्रेसवे बिजनौर से ही निकलवायेंगे। इसी मांग को लेकर हम लोग पोस्टकार्ड अभियान चला कर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री से मांग कर रहे हैं। इस मौके पर सचिन अहलावत, मोनू अहलावत, शैलेंद्र चिकारा, विकास तोमर, दिव्यांश तोमर, संचित तोमर, डॉ. राकेश शर्मा, वंश तोमर, सुरेश कुमार, नीरज यादव आदि आदि यूनियन कार्यकर्ता मौजूद थे।

### मैजिक की टक्कर से बच्चा घायल

**नांगल सोती।** ग्राम जीतपुर निवासी भूपेंद्र का 8 वर्षीय पुत्र वंश बीती देर शाम नांगल चंदक मार्ग पर गांव में ही सड़क पार कर रहा था। नांगल बस स्टैंड की ओर से जा रहे मैजिक ने बालक को टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन उपचार के लिए जिला अस्पताल ले गए हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मैजिक को कब्जे में ले लिया है।

### बंदरों ने रोड जाम किया

**पैजनियां।** क्षेत्र के ग्राम करनपुर गांवड़ी के मंदिर के पास कार से टकरा कर एक बंदर के बच्चे की मौत हो गई। बच्चे की मौत से क्रोधित बंदरों के झुंड ने कुछ देर तक सड़क पर कब्जा कर लिया और करीब बीस मिनट तक बंदरों के डर से किसी भी दुपहिया वाहन चालक की हिम्मत उधर से गुजरने की नहीं हुई। जिसने गुजरने की कोशिश की, बंदरों ने उसके पीछे दौड़ लगा दी, इस बीच एक स्कूटी सवार तो गिरते-गिरते बचा। बाद में कुछ ग्रामीणों ने हिम्मत दिखाते हुए लाठी फटकार कर व पत्थर फेंक कर वहां से गुस्साये बंदरों को भगाया। ग्रामीणों द्वारा बंदर के शव को नमक डाल कर दफना दिया गया।

# रसूलपुर आबाद में आवरा कुत्तों व बंदरों का आतंक





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** थाना क्षेत्र के ग्राम रसूलपुर आबाद में आवारा कुत्तों व बंदरों के आतंक से ग्रामीणों में आतंक का माहौल छाया हुआ है।

स्थानीय ब्लॉक क्षेत्र में आवारा कुत्तों के हमले से एक बच्ची व एक महिला की मौत व दर्जनों लोगों को कुत्तों व बंदरों के काटने के बाद भी ब्लॉक अथवा संबंधित प्रशासनिक अधिकारियों के द्वारा इस मामले में कोई सुनवाई नहीं हुई है। ग्रामीण दिलशाद ने बताया की वह आज सुबह फजर की नमाज पढ़ने जा रहे थे, तभी रास्ते मे बैठे बंदरों के झुंड ने उन्हें घेर कर हमला कर दिया। शोर मचाने के बावजूद नाखून मार कर घायल कर दिया। नमाज पढ़ने जा रहे ग्रामीणों अब्दुल रशीद, शरीफ अहमद, रियाज अहमद, अबू बकर, हैदर अली आदि ने उन्हें बचाया। ग्रामीणों का कहना है कि सड़कों पर बंदरों व आवारा कुत्तों के झुंडों के कारण राहगीरों व स्कूल जाते बच्चों पर हमले को लेकर परेशान है। वहीं आवारा कुत्तों के झुंड ग्रामीणों को हमला कर जख्मी कर रहे हैं। इस सम्बंध में कई बार ग्राम प्रधान पति रईस अहमद ने ब्लॉक अधिकारियों से कुत्तों व बंदरों को पकड़वाने के लिए लिखित मांग की पर अभी तक कोई सुनवाई नहीं हुई।

इस बाबत एसडीएम धामपुर का कहना है कि टीम गठित कर शीघ्र समस्या का समाधान कराया जाएगा।

## महंत गौतम नाथ महाराज का धामपुर आगमन पर पदयात्रा व स्वागत समारोह में उमड़ी श्रद्धा



**धामपुर।** नाथ संप्रदाय के रोहतक गड़ी के महंत स्वामी डॉ. गौतम नाथ जी महाराज का धामपुर आगमन हुआ। नगर में उनके स्वागत को लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखने को मिला। जगह-जगह स्वागत द्वार सजाए गए और पुष्पवर्षा के साथ महाराज जी का अभिनंदन किया गया। महाराज जी ने सबसे पहले धामपुर सिटी हॉस्पिटल में आयोजित रक्तदान शिविर का फीता काटकर शुभारंभ किया। यह शिविर चौधरी अरुण प्रताप एडवोकेट और डॉ. हिमांशु दक्ष के सहयोग से आयोजित हुआ था। इसके बाद महाराज जी ने रोडवेज स्थित सुभाष चौक से पदयात्रा प्रारंभ की, जो नगीना चौक, चौधरी हॉस्पिटल, हुंडई शोरूम, आरसीएम चौक होते हुए परी गार्डन तक पहुंची। परी गार्डन में हुए भव्य सम्मान समारोह में नगर के सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। इस दौरान चौधरी अरुण प्रताप एडवोकेट और डॉ. हिमांशु दक्ष ने महाराज को अंग वस्त्र और पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। महंत गौतम नाथ महाराज ने कहा कि रक्तदान सबसे बड़ा जीवनदान है। उन्होंने कहा कि नाथ संप्रदाय के हर मठ में समय-समय पर रक्तदान शिविर आयोजित किए जाते हैं। साथ ही उन्होंने हिंदू समाज से एकजुट होने और राष्ट्रहित में कार्य करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित जनसमूह ने हिंदू जनजागरण अभियान को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का संचालन चौधरी अरुण प्रताप एडवोकेट ने किया और आयोजन की जिम्मेदारी डॉ. हिमांशु दक्ष ने संभाली। महाराज ने कार्यक्रम के बाद डॉ. हिमांशु दक्ष के निवास पर भोजन ग्रहण किया और चौधरी अरुण प्रताप के आवास हर्रा अहमदपुर जलाल पहुंचकर आशीर्वाद दिया।

# वैज्ञानिकों ने किया गन्ना फसल क्षेत्र का भ्रमण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** आयुक्त गन्ना एवं चीनी उत्तर प्रदेश के दिशा निर्देश पर वैज्ञानिकों की टीम ने क्षेत्र की मिल बिन्दल शुगर मिल के गन्ना ग्रामों के गन्ना खेतों पर पहुंच कर गन्ना फसल का जायजा लिया। नूरपुर, हसुपुरा, असगरीपुर, गोहावर, पूरनपुर नंगला, चौलापुर एवं दहाना आदि ग्रामों में गन्ने के प्लॉट का वैज्ञानिक दल द्वारा भ्रमण किया गया।

भ्रमण टीम मे शामिल वैज्ञानिक दल सदस्य डॉ. अरविन्द कुमार (वरिष्ठ वैज्ञानिक ब्रीडिंग, गन्ना शोध संस्थान शाहजहांपुर), डॉ. अनिल सिंह (प्रक्षेत्र प्रबंध अधिकारी, गन्ना शोध संस्थान शाहजहांपुर) रहे। जिला गन्ना अधिकारी बिजनौर पीएन सिंह, उपाध्यक्ष गन्ना जितेन्द्र मलिक, प्रमोद कुमार (महाप्रबंधक गन्ना, विश्वामित्र पाठक (ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक गन्ना विकास परिषद चांदपुर), इन्द्रवीर सिंह, सरूर आलम जैदी, मुख्य गन्ना प्रबंधक एवं राजवीर सिंह, संजीव खोकर आदि ने भी इस भ्रमण में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। आयुक्त गन्ना एवं चीनी उत्तर प्रदेश लखनऊ के कार्यालय ज्ञाप के अनुपालन में भारी वर्षा एवं बाढ़ के कारण गन्ना फसल पर पड़ने वाले विपरीत प्रभावों (विशेषकर जड़ विगलन एवं रेड रोट रोगों के बढ़ने के कारण गन्ने की बढ़वार, उपज और चीनी परता पर पड़ने वाले प्रभावों) के दृष्टिगत चांगीपुर मिल क्षेत्र में स्थलीय निरीक्षण वैज्ञानिक दल द्वारा किया गया। भ्रमण के दौरान पाया गया कि सामान्यतया अधिक वर्षा एवं तेज हवाओं से गन्ने की फसल गिरने (लॉगिग) का प्रभाव नाममात्र का पाया गया। रोगों का प्रभाव वर्षा व जलजमाव के कारण सीओ 0238 प्रजाति के कुछ प्लॉटों रेड रोट के क्लम्प प्रभावित पेडी / पौधा प्लॉट है। कुछ प्लॉट्स में जल भराव के कारण रूट रॉट हो जाने से कुछ क्लम्प प्रभावित पाये गए। प्रभावित प्लाटों के भ्रमण तथा कृषकों से वार्ता में यह बात सामने आई कि सीओ 0238 प्रजाति के पेडी प्लॉट में रेड रॉट के क्लंप्स दिखाई पड़ रहे है। चीनी मिल एवं विभाग द्वारा रोग नियंत्रण एवं जागरूकता हेतु निरंतर गोष्ठियों/बैठकों का आयोजन किया गया। स्थलीय निरीक्षण एवं उपलब्ध कराए गए डेटा के आधार पर यह पाया गया कि सम्पूर्ण जोन में सापेक्षतया वर्षा एवं कीट रोग व्याधि (पेस्ट एंड डिजीज) का प्रभाव कम है। हालांकि सीओ 0238 में कुछ स्थानों पर रेड रोट/विल्ट / रूट रॉट के क्लम्प दिखे हैं, जिनका मुख्य कारण वर्षा के जल जमाव, फलस्वरूप रोग ग्रस्त स्पोर्स का फैलाव और समय पर रोगग्रस्त पौधों को न हटाना है। विभाग एवं चीनी मिल द्वारा किए गए निरंतर जागरूकता एवं नियंत्रण के उपायों (बीज उपचार, भूमि उपचार, फफूंदीनाशक छिड़काव एवं प्रजाति बदलाव पर जोर) के कारण फसल को हुआ कुल नुकसान काफी नगण्य रहा है। फील्ड भ्रमण के उपरांत शुगर मिल चांगीपुर के सभागार में चीनी मिल के प्रतिनिधियों एवं विभागीय अधिकारीयों के साथ एक आवश्यक बैठक करके बाढ़/रेड रॉट से प्रभावित प्लॉटों के समुचित प्रबंधन हेतु विचार विमर्श करके आवश्यक सुझाव दिए गए। वर्तमान समसामयिक वैज्ञानिक सुझाव के बारे में बताया कि हवा से गिरे गन्ने की बधाई अवश्य कराये, रेड रॉट से प्रभावित प्लॉट में लिक्विड ट्रिडेर्मा का प्रयोग किया जाय तथा रेड रॉट से प्रभावित प्लॉट्स में थियोफिनेट मिथाइल की ड्रेंचिंग करा सकते हैं। पानी भरे खेतों से जल निकास का प्रबंध किया जाय, शरदकालीन बुवाई में गन्ना प्रजाति को 0238 के स्थान पर नवीन प्रजातियों का समावेश किया जाए, बुवाई के पूर्व गन्ने के टुकड़ों को थियोफिनेट मिथाइल से बीज उपचार अवश्य किया जाने की जरूरत बताया।

## एक नजर

### सिद्ध पीठों का सर्वे कराने की मांग



**बरुकी।** अंतरराष्ट्रीय जाट संसद के प्रदेश सचिव ग्राम धौकलपुर निवासी विकुल मलिक ने मुख्यमंत्री को पत्र प्रेषित कर जनपद की सिद्ध पीठों का सर्वे कराने की मांग की है। मुख्यमंत्री को भेजे पत्र में विकुल मलिक ने बताया कि जनपद में कई सिद्ध पीठ हैं, जिसमें प्रदेश भर से श्रद्धालु दर्शन करने आते हैं। यदि सभी सिद्ध पीठों का सर्वे कराया जाए एवं उनसे जुड़ी कहानियों का अध्ययन कराया जाए तब बिजनौर पर्यटन का प्रमुख केंद्र बन सकता है। उन्होंने अति शीघ्र सर्वे कराने की मांग की है।

### कड़ी सुरक्षा में हुई पीसीएस की प्रारंभिक परीक्षा

**चंदक।** उत्तर प्रदेश लोकसेवा आयोग द्वारा आज पीसीएस की प्रारंभिक परीक्षा कराई जा रही है। स्थानीय आदर्श ग्रामीण इंटर कॉलेज चंदक को भी परीक्षा केंद्र बनाया गया है। आज सुबह कॉलेज में सुरक्षा व्यवस्था के बीच प्रथम पाली में शांतिपूर्ण ढंग से परीक्षा आरंभ हुई। केंद्र पर सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। सुरक्षा की दृष्टि से स्थानीय पुलिस केंद्र पर तैनात रही। आदर्श ग्रामीण इंटर कॉलेज को 384 अभ्यर्थियों का केंद्र बनाया गया था, जिसमें 89 अभ्यर्थी उपस्थित हुए। केंद्र पर सकुशल परीक्षा जारी रही।

### महाराजा अग्रसेन जयंती पर हवन-यज्ञ



**धामपुर।** वैश्य समाज ने समाज सुधारक महाराजा अग्रसेन की जयंती श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाई। अग्रवाल सभा धामपुर की ओर से नहटौर रेलवे फाटक के पास स्थित अग्रवाल धर्मशाला में हवन यज्ञ का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में समाज के लोगों ने हिस्सा लिया। पंडित राजेंद्र प्रसाद वशिष्ठ ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ हवन यज्ञ संपन्न कराया। यज्ञ में आहुति देने के बाद उपस्थित लोगों ने महाराजा अग्रसेन के आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। हवन के उपरांत आयोजित भजन संध्या में श्री हरि संकीर्तन मंडल के सदस्यों ने भक्ति भाव से ओत-प्रोत भजनों की प्रस्तुति देकर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। कार्यक्रम में विजय कुमार अग्रवाल, नरेंद्र अग्रवाल, रमेश अग्रवाल, देवेंद्र अग्रवाल, दिनेश चंद नवीन, विपिन अग्रवाल, संजय अग्रवाल, हितेंद्र कुमार, राकेश चंद्र, गोविंद शरण गुप्ता सहित समाज के प्रमुख लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में सभा पदाधिकारियों ने समाज में एकता और सेवा भावना बनाए रखने का संदेश दिया और महाराजा अग्रसेन के आदर्शों को जीवन में अपनाने का आह्वान किया।

### निराश्रित पशु पर गुलदार का हमला

**कोतवाली देहात।** क्षेत्र के ग्राम रोशनपुर प्रताप से बढ़ापुर जाने वाले मार्ग पर गुलदार ने एक निराश्रित पशु पर हमला कर मार डाला। ग्रामीणों ने निराश्रित पशु को मरा देख वीडियो बनाकर वन विभाग को सूचना दी। मौके पर वन विभाग के अधिकारी पहुंचे। ग्रामीणों ने बढ़ापुर मार्ग पर पिंजरा लगवाने की मांग की है। उधर ग्राम इस्लामपुर लालू उर्फ मालीवाला में गुलदार ने हमला कर एक बछड़ा तथा एक बकरी को घायल कर दिया। रविवार सुबह अखबार बांटने जा रहे हाकर पदम सिंह को ग्राम शादीपुर के निकट गुलदार दिखाई दिया। जिसके बाद उन्होंने ग्रामीणों को एकत्र किया।



सम्भल- कल्कि महोत्सव के मंच पर प्रमाण पत्र देकर सम्मानित करते राज्यमंत्री बल्देव सिंह औलख।

## बोर्ड परीक्षा में विद्यार्थियों को शैक्षिक विवरण में सुधार का मिलेगा मौका

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** यूपी बोर्ड-2026 के हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा में शामिल होने वाले विद्यार्थियों को शैक्षिक विवरणों में त्रुटि सुधार का अवसर दिया जा रहा है। इसके लिए परिषद की वेबसाइट upmsp-edu-in को सक्रिय कर दिया गया है। विद्यार्थी 26 अक्तूबर तक ऑनलाइन और 31 अक्तबर तक आफलाइन आवेदन कर सकते हैं। इस दौरान जन्मतिथि, नाम, माता-पिता के नाम सहित अन्य विवरणों में सुधार की सुविधा उपलब्ध होगी। बोर्ड ने विद्यालयों को भी समय से प्रक्रिया पूरी करने के निर्देश जारी किए हैं। आरआर उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय जिजोड़ा डांडा के प्रधानाचार्य संजय शर्मा ने बताया कि विद्यार्थी अपने आवेदन में सुधार कर सकते हैं।



सम्भल- पीसीएस प्रारम्भिक परीक्षा देने पहुंचे परीक्षार्थियों की गेट पर जांच करते।

# अधिक से अधिक करें श्री अन्न की खेती: औलख

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** कल्कि महोत्सव/विकासेत्सव के मंच पर नेशनल फूड सिक्योरिटी एंड न्यूट्रीशियन मिशन न्यूट्रीसीरियल घटत के तहत श्रीअन्न मिलेट्स के उत्पादन मूल्य सम्वर्द्धन एवं विपणन के माध्यम से के आहार में बढ़ावा देते हुए क्षेत्राच्छादन,उत्पाददन, उत्पपादकता में वृद्धि कर कृषकों की आय में वृकिद्ध करने को जिला स्तरीय रोड शो व वर्कशाप का आयोजन किया गया।

बहजोई के बड़ा मैदान पर आयोजित गोष्ठी में मुख्य अतिथि राज्यमंत्री कृषि एवं कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान विभाग बल्देव सिंह औलख ने दीप प्रज्वलित कर कहा कि प्रदेश में किसी प्रकार के बीज कृषि निवेशों, उर्वरक एवं कृषि उपकरण की कोई कमी नहीं है। साथ ही उनके द्वारा किसानों से अनुरोध किया गया कि वह अपनी फसलों में कम से कम रसायनिक उर्वरकों का प्रयोग करें। साथ ही जैविक व प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने हेतु किसानों को प्रोत्साहित किया। उन्होने कहा कि किसानों के अपने खेत के कुछ भाग में श्रीअन्न की खेती करने की भी अपेक्षा की। साथ अपने भोजन में श्री अन्न शामिल करने के लिए भी प्रोत्साहित किया।इसके अलावा राज्यमंत्री ने जनपद में मक्का की खेती अधिक होने के मददेनजर कृषकों की आय बढ़ाने के लिए मक्का की पैदावार से एथानॉल, साइलेज, मुर्गी दाना बनाने एवं हरे भुट्टों का निर्यात करने को भी प्रोत्साहित किया गया। साथ ही कार्यक्रम में मौजूद लोगों को भी शपथ भी दिलायी।जिला पंचायत अध्यक्षा डा. अनामिका यादव ने कहा कि प्रणनमंत्री का उददेश्य सभी किसानों की आय को दोगुना करना है। साथ ही उनके जीचन में हर वह सुविधा पहुंचानी हे जो शहरी जीवन नागरिकों को मिलती है। उन्होने कहा कि पहले मोटे अनाज को न्युनतम श्रेणी में रखा जाता था, माँ भगवती जिसको हम श्री जी के नाम से जानते है। उनके नाम को लेकर पीएम मोदी द्वारा मोटे अनाज को श्री अन्न नाम दिया गया। उन्होने बताया कि जिसमें श्री लग गया वह अपने आप में परिपूर्ण हो जाता है। श्री अन्न हम सबको स्वास्थ्य वर्धक जीवन देता है। उन्होने मिलेटस श्रीअन्न के प्रति जागरूक होकर अन्य लोगों को भी जागरूक करते हुए प्रचार-प्रसार करने पर ज़ोर दिया। जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पैंसिया ने जयहिंद के नारे से अपने सम्बोधन की शुरूआत करते हुउ बताया कि हमने मोटा अनाज खाना छोड़ दिया है। क्योंकि हमारे दिमाग में यह अवधारणा बैठ गई है कि मोटा अनाज निर्धनों का अनाज है मतलब कि जिसके पास पैसा नहीं है वह मोटा अनाज खाता है। जबकि मोटा अनाज स्वास्थ्य वर्धक होता है। इस दौरान मुख्य अतिथि ने हरी झंडी दिखाकर रोड शो का शुभरम्भ किया। जो विभिन्न मार्गो से होता हुआ बड़ा मैदान पर पहुंचकर समाप्त हुआ।

**०कल्कि महोत्सव के मंच पर श्रीअन्न के लिए किया गया प्रोत्साहित**

# बड़ी संख्या में परीक्षार्थियों ने छोड़ी परीक्षा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** कड़ी सुरक्षा के बीच पीसीएस परीक्षा शांति पूर्वक समपन्न हो गयी। परीक्षा केन्द्रों के आसपास सुरक्षा के चाक चौबंद व्यवस्था रही। जबकि परीक्षा सी सी टी वी कैमरों की निगरानी में सम्पन्न हुई।

रविवार को पी सी एस परीक्षा के लिए नगर के सात विद्यालयों का परीक्षा केन्द्र बनाया गया था। परीक्षा केन्द्रों पर सुबह से ही परीक्षार्थियों के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया था। परीक्षा पूरी तरह शांति पूर्वक सम्पन्न कराने को परीक्षा केन्द्रों पर कड़ी सुरक्षा के इंतेज़ाम किए गए। जबकि परीक्षा नकल विहीन सम्पन्न कराने के लिए परीक्षा केन्द्रों पर पहुंचे परीक्षार्थियों की प्रवेश द्वार पर गहन जांच के बाद ही अंदर प्रवेश दिया गया। सी टी वी केन्द्रों की निगरानी में सम्पन्न हुई परीक्षा के दौरान परीक्षा कक्षों में कक्ष निरीक्षकों की भी कड़ी निगरानी रही। सुबह से ही केन्द्रों के बार जमा हुए परीक्षार्थियों के पहुंचने पर कोई जाम आदि न लगे इसके लिए यातायात पुलिस कर्मियों ने व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए कमान सम्भाले रखी। दो पालियों में करायी गई। एमजीएम पीजी कॉलेज में दोनो पारियों में 480 परीक्षाथी पंजीकृत थे जिनमें सुबह की पारी में 1895 व दूसरी पारी में 194 ने परीक्षा दी। दोनो पारियों में 571 परीक्षार्थी गैर हाजिर रहे जबकि राजकीय कन्या इंटर कॉलेज में कुल 384 पंजीकृत थे लेकिन इनमें से 143 परीक्षा देने पहुंचे। 241 ने परीक्षा छोड़ दी। शंकर भूषण शरण जनता इंटर कॉलेज में दोनों पारियों में 384 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, लेकिन सुबह की पारी में 158 उपस्थित व 226 अनुपस्थित रहे। दूसरी पारी में केवल 156 ने परीक्षा दी जबकि 228 अनुपस्थित हो गए। हिंद इंटर कॉलेज में दोनों पारियों में 480 परीक्षज्ञर्थी पंजीकृत थे। इनमें सुबह की पारी में 200 ने परीक्षा दी 280 गैर हाजिर रहे। दूसरी पारी में 198 परीक्षा देने पहुंचे जबकि 282 परीक्षार्थियों ने परीक्षा नहीं दी।

# विस्तारीकरण को भारत सरकार तक पहुंचाएंगे अपनी आवाज़

**०जिला संघर्ष समिति की बैठक में की गई चर्चा**

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** जिला संघर्ष समिति की बैठक में रेलवे लाइन विस्तारीकरण को लेकर चर्चा की और और इसके लिए जागृत होकर उचित माध्यम से अपनी आवाज भारत सरकार तक पहुंचाने का निर्णय लिया गया।

तहसील क्षेत्र के ग्राम गैलुआ स्थित अपने रविराज चाहल ने अपने आवास पर आयोजित बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा कि सम्भल से गजरौला रेल लाइन विस्तारिकरण की मांग लगभग 5 दशक पुरानी है और हमें अब अधिक से अधिक जागरूकता के साथ इस मांग को भारत सरकार तक पहुंचना है। उन्होने कहा कि देश आजाद होने से आज तक रेल लाइन का विस्तारीकरण नहीं हो सका है। अब पत्र, ईमेल, ट्विटर या अन्य माध्यम से अपनी बात को भारत सरकार तक पहुंचना है। उन्होने कहा कि सम्भल में रेल लाइन विस्तारिकरण हो जाने से रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे, किसान व व्यापारी अपने माल देश में प्रदेश के अन्य समय आसानी से भेज सकेंगे। प्रदेश सरकार द्वारा सम्भल में औद्योगिक क्षेत्र की स्थापना की जा चुकी है जिसके विकास के लिए रेल लाइन का होना बहुत जरूरी है। सरदार नागेंद्र सिंह ने कहा कि भारत सरकार द्वारा देश में रेल लाइनों का जाल बिछाया जा रहा है तो सम्भल में रेल लाइन का विस्तारीकरण क्यों नहीं हो पा रहा है जब कि यह मांग लगभग 5 दशक पुरानी है। खुर्शीद अहमद ने कहा कि शहर का विकास तभी हो पाएगा जब सम्भल में रेल लाइन का विस्तारीकरण हो सकेगा हम अपनी फसलों को आसानी से देश व प्रदेश के दूसरे हिस्से में भी भेज सकेंगे। जिससे हमारी आय बढ़ेगी। रामौतार सिंह जाटव ने कहा कि रेल लाइन विस्तारीकरण हो जाने से सम्भल की दिल्ली से दूरी घट जाएगी। और निर्धन बच्चों जो दिल्ली जैसे शहर में शिक्षा लेने से वंचित रहते थे वह आसानी से आ जा सकेंगे। इस दौरान चौ रविराज चाहल एडवोकेट, संजीव शर्मा, अतुल चौधरी, खिलेंद्र चाहल, सरदार नागेंद्र सिंह, खुर्शीद अहमद, सोमदत्त शर्मा, हेमेंद्र सिंह, दुर्गेश कुमार, डा. नाजिम, मोहन जाटव, ग्राम प्रधान पति महावीर सिंह, मनोज कुमार, बंसी आदि रहे।



सम्भल- रेल लाइन के विस्तारीकरण को बैठक करते जिला संघर्ष समिति के कार्यकर्ता।

## फांसी के फंदे पर लटका मिला युवक का शव

शाह टाइम्स,संवाददाता

**बबराला।** संदिग्ध परिस्थितियों में युवक का शव पेड़ पर लटका हुआ मिलने से सनसनी फैल गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम को भेजा।

रविवार को गुन्नौर कोतवाली क्षेत्र के गांव कन्हुआ व हाल दौलतपुर निवासी सुखदेव (21) पुत्र सोनपाल का गुन्नौर क्षेत्र के गांव अकबरपुर के जंगल में पाखड के पेड़ पर दुपटटे से फांसी के पर संदिग्ध परिस्थतियों में लटका शव मिला। सुबह 8:15 बजे ग्रामीण के द्वारा पुलिस को युवक के फांसी पर लटकने की घटना की सूचना दी गई। ग्रामीण की सूचना पर पुलिस घटना स्थल पर पहुंच कर जांच पड़ताल में जुट गई। वही पुलिस की सूचना पर फोरेंसिक टीम ने पहुंच कर साक्ष्य जुटाए है। वही पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामभर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पुलिस को परिजनों ने लिखित तहरीर देकर मृत्यु का कारण जानने व पोस्टमार्टम कराने की मांग की। पुलिस हर बिन्दू पर जांच पड़ताल में जुटी है। पुलिस ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पंचनाना भरकर पीएम के लिए भेजा है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद युवक की मौत का कारण पता हो पायेगा।

# शहर मेरा दिखता तो आबाद है, मगर दिल की दुनिया बर्बाद है

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** हिन्दू जागृति मंच के तत्वावधान में एक काव्य गोष्ठी का आयोजन, इंडियन स्कॉलर एकेडमी में किया गया, जिसका शुभारम्भ शिवकुमार चंदन, श्रीपाल शर्मा, एवं अजय कुमार शर्मा द्वारा माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित करके किया गया। इस अवसर पर साहित्यिक सेवा हेतु श्रीपाल शर्मा ईदरीशपुरी एवं डा. संदीप कुमार सचेत को हिन्दी सारथी सम्मान प्रदान किया गया।

रामपुर से उपस्थित शिवकुमार चंदन ने मां सरस्वती की वंदना प्रस्तुति में पढ़ा कमल पुष्प आसीन जगत की, हर गतिविधि मां देख रही। मति गति नीति रीति को देती, सुख दुख रच अभिलेख रही।। जबकि वरिष्ठ गीतकार कवि श्रीपाल शर्मा ईदरीशपुरी ने वर्तमान परिवेश पर कहा कि शहर मेरा दिखता तो आबाद है, मगर दिल की दुनिया बर्बाद है। बॅधे हैं सभी कर्म के बंधनों में, कह दूँ कैसे यहां सब आजाद हैं।। मिलावटखोरी पर करारा प्रहार करते हुए वरिष्ठ कवि सुभाष चंद्र शर्मा ने पढ़ा कि नकली घी और दूध दवाएं, स्वास्थ्य को लाभ नहीं करते। चूहामार दवाई खाकर, चूहे नहीं मरा करते।। डा. संदीप कुमार सचेत ने सुनाया कि भरे उदर तुम क्या समझोगे, भूखे पेट की आग है क्या? जो सब सुख भोग रहे हैं, वे क्या जाने हतभाग है क्या? व्यंग्य कवि अतुल कुमार शर्मा ने सुनाया कि दुनिया में कुछ ही बचे हैं जो गिरते हुए को संभालते हैं। वरना लोग अपनों के पैरों में ही जंजीर डालते हैं। मिट चुकी अपने-पराए की पहचान अब तो, क्योंकि लोग साँपों को भी अपनी आस्तीन में पालते हैं।। कार्यक्रम में वरिष्ठ साहित्यकार सुखपाल सिंह गौर, वीकेश शर्मा, गुरमीत सिंह, स्पर्शी शर्मा, श्रेय कौशिक, आदित्य मनु, सक्षम कौशिक के साथ ही मंच के सदस्य उपस्थित रहे। अध्यक्षता अजय कुमार शर्मा ने एवं संचालन ज्ञानप्रकाश उपाध्याय ने किया।

## एक नज़र इधर भी



सम्भल-करवा चौथ क्वीन को ताज पहनाती महिलाएं।

### रश्मि वार्ष्णेय चुनी गईं करवाचौथ क्वीन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** वार्ष्णेय वेलफेयर समिति के तत्वाधान में करवा चौथ का आयोजन लक्ष्मी वार्ष्णेय के निवास पर मनाया गया। जिसमें रश्मि वार्ष्णेय करवा चौथ की क्वीन चुनी गई। करवा चौथ के इस कार्यक्रम में वार्ष्णेय वेलफेयर समिति की महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया जबकि कार्यक्रम में कई तरह के गेम खिलाए गए। जिसमें रेखा मोना नीलिमा बॉबी पारुल अंजलि खुशबू पूजा प्रिया आरती नेहा वर्षा विनीता ने पूर्ण रूप से योगदान दिया। इस दौरान समिति की सभी पदाधिकारी महिलाएं उपस्थिति रही।



सम्भल- मिठौली में मिशन शक्ति की बैठक में जागरूक करते।

### महिलाओं, बालिकाओं को किया जागरूक

**सम्भल( शाह टाइम्स,ब्यूरो )।** मिशन शक्ति 5.0 के तहत थाना हजरत नगर गढ़ी क्षेत्रान्तगत प्रभारी निरीक्षक अनुज कुमार तोमर ने एसएसआई सुनील कुमार प्रभारी मिशन शक्ति टीम महिला आरक्षी मुनेश और समाज सेविका सायमा ने ग्राम मिठोली में महिलाओं और बालिकाओं की सामूहिक बैठक में स्वास्थ्य संबंधी और गुड टच बेड टच की जानकारी दी। इसके अलावा सभी को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित जनकल्याण कारी योजनाए एवं साइबर अपराध से बचने के उपाय से भी अवगत कराया गया। साथ ही अधिक से अधिक लाभान्वित होने के लिए प्रेरित किया गया। मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत महिला हेल्पलाइन 1090 हेल्पलाइन 112 स्वास्थ्य सेवा नंबर 102 एम्बुलेंस नंबर 108 साइबर क्राइम हेल्पलाइन नंबर 1930 की जानकारी देकर घरेलू हिंसा के विरुद्ध चुप्पी तोड़ने उनके अधिकार की जानकारी दी गई।

### महोत्सव में सफाई कर्मी सम्मानित

**सम्भल ( शाह टाइम्स,ब्यूरो )।** कल्कि महोत्सव विकासोत्सव 2025 के कार्यक्रम मे सफाई कर्मी सहभोज कार्यक्रम एवं पुरस्कार वितरण के अर्न्तगत जसराम सिंह सफाई कर्मचारी को सम्मानित किया गया। जसराम सिंह ग्राम पंचायत ततारपुर रोड मौसमपुर मे तैनात है। गांव को साफ सुथरा रखने और अपनी जिम्मेदार को पूर्णत: निभाने मे सबसे आगे रहते हैं। यही वजह है कि उनके उत्कृष्ट कार्य को देखते जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पेंसिया तथा केबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह व अन्य अतिथियों ने सम्मानित करते हुए उत्साह वर्धन किया।

### शिक्षक की माता के निधन पर शोक

**बबराला ( शाह टाइम्स,संवाददाता )।** शिक्षक की माता के निधन पर शोक व्यक्त किया गया। गुन्नौर के शांति देवी कन्या इंटर कॉलेज में शिक्षक मोहम्मद असद की माता के बीमारी के चलते निधन पर शिक्षको ने उनके आवास पर जाकर शोक व्यक्त किया। शोक व्यक्त करने वालों में शिक्षक रवि शर्मा अमित यादव हरीश बाबू शर्मा सुमित यादव केवी आर्य चंद्रकेश प्रशांत कुमार आदि रहे।

### गरीब व मध्यम वर्ग को मिलेगा नि:शुल्क इलाज

**सम्भल ( शाह टाइम्स,ब्यूरो )।** अब इलाज के लिए नहीं होगी पैसों की चिंता सरकार की योजना के तहत रीढ़ की हडडी, ब्रेन टयूमर और हार्ट सर्जरी जैसी महंगी प्रक्रियाएं भी मुफ्त। स्वास्थ्य से जुड़ी है, जो मध्यम और गरीब वर्ग के लोगों के लिए एक बड़ी राहत लेकर आई है। मुख्यमंत्री राहत कोष के माध्यम से अब उन सभी लोगों का मुफ्त में इलाज हो सकेगा, जिनके पास आयुष्मान कार्ड नहीं है। हयात नगर नाइट जूनियर हाई स्कूल परिसर में लगाए गए कैंप मे सभासद अर्जुमन माहिरा द्वारा जनहित में जारी की गई सूचना के अनुसार, मुख्यमंत्री राहत कोष योजना के तहत हर तरह के आपरेशन बिल्कुल मुफ्त किए जाएंगे। इस योजना का मुख्य उद्देश्य मध्यम और गरीब परिवारों को इलाज के बोझ से मुक्ति दिलाना है

## साहित्यिक सेवाओं के लिए डा. इफ्तेखार किए गए सम्मानित

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** हिंदी उर्दू अदबी संगम संस्था, दिल्ली द्वारा शनिवार 11 अक्टूबर 25 को दिल्ली के गालिब इंस्टीटयूट में एक भव्य अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें देश विदेश के प्रसिद्ध लेखक, सामाजिक कार्यकर्ता और डाक्टरो के साथ सिरसी के डा. इफ्तेखार अहमद कुरैशी शामिल हुए उनकी निष्पक्ष निर्भीक निडर स्वतंत्र लेखनी के लिए हिंदी उर्दू संगम के अध्यक्ष डा. सैयद अली अख्तर नकवी ने साहित्यिक सेवाओं के लिए ट्राफी और शॉल से सम्मानित किया। डा. इफ्तेखार अहमद विद्यार्थियों के लिए शिक्षा जागरूकता अभियान के अलावा महिलाओ के लिए जागरूकता अभियान चला रहे हैं।, होनाहार छात्र छात्राओं को प्रोत्साहित करने के लिए सम्मान समारोह एवं निकाह को आसान बनाने के लिए भी कार्य कर रहे है।

# रन फॉर डीएवी स्वास्थ्य, अनुशासन और सेवा का संदेश

**०राष्ट्र भक्ति की जागी भावना**

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** डी.ए.वी. कॉलेज मैनेजिंग कमेटी, के आहवान पर रन फॉर डीएवी का सफल आयोजन कर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को समर्पित एक प्रेरणादायी पहल के रूप में मनाया गया, जिसका उद्देश्य स्वास्थ्य, एकता और राष्ट्रसेवा के संदेश को जन-जन तक पहुँचाना था।

डी.ए.वी. फर्टिलाइजर पब्लिक स्कूल में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय परिसर से हुआ। एएसपी अनुकृति शर्मा ने विद्यालय के प्राचार्य आनन्द स्वरूप सारस्वत एवं महाप्रबंधक, यारा फर्टिलाइजर्स सौरभ माथुर के साथ मिलकर दौड़ को हरी झंडी दिखाई। इस रन फॉर डीएवी का आयोजन विभिन्न श्रेणियों में किया गया। दौड़ में अनेक छात्रों, शिक्षकों, अभिभावकों और कर्मचारियों ने अपनी-अपनी श्रेणियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में विभिन्न श्रेणियों के विजेताओं को पदक और पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इसमें बालक वर्ग (कक्षा नौवीं से बारहवीं) में 5 किलोमीटर की दौड़ में आशीष कुमार ने प्रथम, सुमुख पांडेय ने द्वितीय और तेजस्वी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया, जबकि शिव प्रताप चौथे स्थान पर रहे। पुरुष वर्ग में हर्षित धाली प्रथम स्थान पर रजनीश शर्मा द्वितीय स्थान पर और धनंजय शाही तृतीय स्थान पर रहे। बालिका वर्ग (कक्षा नौवीं से दसवीं) में दिव्या यादव प्रथम स्थान पर, कनिष्का द्वितीय स्थान पर एवं अनुष्का तृतीय स्थान पर रहीं। अभिभावकों की (पुरुष वर्ग) 2 किलोमीटर की दौड़ में मनोज कुमार प्रथम स्थान, देवेंद्र सिंह द्वितीय स्थान पर और डा. राहुल कुमार तृतीय स्थान पर रहे। बालक वर्ग (कक्षा छठी से आठवीं) में, दक्ष यादव ने प्रथम स्थान हासिल किया। उनके बाद नितिन यादव ने द्वितीय, अभिषेक यादव तृतीय और आदित्य ने चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। बालिका वर्ग (कक्षा छठी से आठवीं) में सौम्या यादव ने प्रथम स्थान हासिल किया। वाणी दूसरे और साक्षी तीसरे स्थान पर रहीं। स्टाफ पुरुष वर्ग में अमित शर्मा प्रथम, विठ्ठल लवानिया द्वितीय स्थान पर रहे, वहीं महिला स्टाफ वर्ग में तबस्सुम प्रथम, शालिनी वार्ष्णेय द्वितीय और श्वेता सिंह तृतीय स्थान पर रहीं। साथ ही कुछ अन्य नन्हे-मुन्ने बच्चों को भी उनके उत्साह पूर्वक भाग लेने के लिए पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर एएसपी अनुकृति शर्मा ने कहा कि इस प्रकार की गतिविधियाँ युवाओं में अनुशासन, समर्पण और सामूहिकता की भावना जागृत करती हैं। स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ राष्ट्र का निर्माण संभव है, और 'रन फॉर डीएवी' जैसे आयोजन इस दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। साथ ही उन्होंने परिसर के स्वच्छ और हरित वातावरण की प्रशंसा करते हुए कहा कि आप सभी भाग्यशाली हैं कि जो आप ऐसे स्वच्छ, हरित और सकारात्मक ऊर्जा से ओतप्रोत वातावरण में रह रहे हैं। अंत में विद्यालय के प्राचार्य आनन्द स्वरूप सारस्वत ने कार्यक्रम में सक्रिय सहभागिता के लिए समस्त कर्मचारियों, विद्यार्थियों और अभिभावकों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की। उन्होंने सभी को महात्मा गांधी के आदशों स्वास्थ्य, अनुशासन और सेवा को अपने जीवन में आत्मसात करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही, यारा प्रबंधन, चिकित्सा दल, सुरक्षा कर्मियों, विद्यालय परिवार के सभी सदस्यों एवं आयोजन में सहयोग देने वाले सभी व्यक्तियों के प्रति उन्होंने हार्दिक आभार प्रकट किया और उनके समर्पण, सहयोग तथा टीम भावना की भूरि-भूरि प्रशंसा की।



सम्भल- रन फॉन डीएवी के विजयी प्रतिभागियों को सम्मानित करते।

# एबीवीपी ने बनाई कार्यक्रमों की रूपरेखा



सम्भल- आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा बनाते एबीवीपी के कार्यकर्ता।

**०सदस्यता अभियान की जानकारी देकर किया जागरूक**

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** रविवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की इकाई बैठक हयातनगर में आयोजित हुई व जिला समिति बैठक सरस्वती विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल सम्भल में आयोजित की गई। बैठक में प्रांत सह संगठन मंत्री अनुज कुमार का प्रवास रहा और प्रांत सह संगठन मंत्री लक्षित सिंघल विभाग संगठन मंत्री सम्भल दिवाकर बाबरा विभाग प्रमुख डा. डीके अग्निहोत्री प्रांत कार्यकारिणी सदस्य हितेश कुमार प्रजापति जिला संयोजक पीयूष बिडोलिया विभाग छात्र प्रमुख दर्शिका हरमन ठाकुर प्रांत कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित रहे। बैठक में एबीवीपी जिला में हुए कार्यक्रम के बारे में बताया व आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की व सदस्यता अभियान की जानकारी दी तथा कार्यकर्ताओं को जागरूक किया गया आगामी कार्यक्रमों में छात्र सम्मेलन क्रम होने जा रहा है जिसकी रूप रेखा तैयार कर योजन बनाई गई।

# एकता द्विवेदी अध्यक्ष व पूजा गोयल बनीं सचिव



बबराला- रोटरी क्लब गंगा की अध्यक्ष व सचिव को नियुक्ति पत्र सौंपते।

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** रोटरी क्लब बबराला गंगा आगामी कार्यकारिणी की घोषणा कर दी गई। अध्यक्ष व सचिव की नियुक्ति की घोषणा गवर्नर पायल गौड़ द्वारा की गयी। रविवार को रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3100 की वर्ष 2026-27 की गवर्नर रो पायल गौड़ के नेतृत्व में नव निर्वाचित अध्यक्ष व सचिव की ट्रेनिग सेमिनार एएम वर्ल्ड स्कूल में सम्पन्न हुई। जिसमे रोटरी क्लब बबराला गंगा ने भाग लिया ।इस अवसर पर मेरठ से पूर्व गवर्नर हरि गुप्ता ने क्लब मैं मेम्बरशिप डेवलपमेन्ट पर अपने विचार रखे। मुरादाबाद से आये वर्ष 2027-28 के गवर्नर काव्य रस्तोगी ने रोटरी मैं महिलाओं की भूमिका को बताया। गवर्नर पायल गौर द्वारा अपनी आगामी वर्ष की रूपरेखा सभी के सम्मुख रखते हुए सभी आगामी अध्यक्ष व सचिव को सर्टिफिकेट प्रदान किया। इस दौरान रोटरी क्लब की अध्यक्ष रोटेरियन एकता द्विवेदी व सचिव रोटेरियन पूजा गोयल को आगामी 2026-27 के मनोनयन प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इस दौरान अनुराग मित्तल, रो पूजा गोयल, रो एकता द्विवेदी, रोटेरियन विजय गोयल,डा. अमोल कंचन, रो पायल गुप्ता , रो डा. सुधा चौधरी, रो मनोज आदि मौजद रहे।

# क्रिकेट मैच के दौरान बोलिंग करते खिलाड़ी की हार्ट अटैक से मौत



मृतक का फाइल फोटो:


मृतक के साथी अस्पताल में विलाप करते हुए।

■ जीत की खुशी मातम में बदली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** स्थानीय चीनी मिल के मैदान में यूपी वेटर्न्स क्रिकेट एसोसिएशन के तद्भावधान में चल रहे क्रिकेट मैच में एकता विहार मुरादाबाद थाना कटघर निवासी 50 वर्षीय अहमर खान की हार्ट अटैक से मौत हो गई। मुरादाबाद और संभल के बीच मैच चल रहा था। 20 ओवरों के मैच में अंतिम ओवर की अंतिम बॉल फेंकते ही मुरादाबाद की टीम जीत गई इन्होंने हाथ उठाकर खुशी का इशारा किया। उस समय संभल के शाने आलम बल्लेबाजी कर रहे थे। खुशी जताते समय यह बेहोश होकर मैदान पर गिर गए। साथी खिलाड़ियों ने उन्हें सीपीआर दिया तो लगा कुछ सांस लौटी कुछ आवाज भी निक.ली इसके बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर आए जहां चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। उनके परिवार में पत्नी शहला खान, दो बच्चे रियान, अहराज, बड़े भाई फिरोज खान, एक बहन है। स्थानीय सपा विधायक हाजी मोहम्मद फहीम इरफान मैच में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे हुए थे। उन्हें साथियों ने सीपीआर भी दिया तो लगा कि कुछ सांस लौटी इसके बाद सरकारी अस्पताल लेकर दौड़ पड़े।

# हनीफ रहबर कांठवी की याद में मुशायरा और कवि सम्मेलन का हुआ आयोजन



**कांठ ( शाह टाइम्स )।** हनीफ रहबर कांठवी की याद में शनिवार की रात को कवि सम्मेलन और मुशायरे का आयोजन रहबर फाउंडेशन के बैनर तले एमएम वाई पब्लिक स्कूल में किया गया। जिसका शुभारंभ डॉक्टर जयपाल सिंह व्यस्त विधायक कमाल अख्तर और कुंवर सुरेंद्र सिंह ने शमां रोशन कर संयुक्त रूप से कराया। मुशायरे में प्रसिद्ध शायर और कवियों ने अपना कलाम सुनाया। शायरों ने मैं आ गया जहाँ तक तू ही वहाँ नहीं है, मैं किस कदर हूँ तेरा तुझको गुमां नहीं है। (उस्मान राही) फीरोज हमने ऐसे बड़ों का किया अदब, सर को बड़ों के सामने ऊँचा नहीं किया। (फीरोज खान मुरादाबादी) अलामत है तबाही की मिया मगरूर हो जाना, बुराई और तकबुर के नशे मे चूर हो जाना (सैयद अरशद अली) ना सोने से ना चाँदी से ना धन से प्यार करता हूँ, मैं अपनी जान से बढ़कर वतन से प्यार करता हूँ।(रिफत मुरादाबादी) तुम भी थे जहां भर में सताए हुए सब के अपना कोई दुनिया में हमारा भी नहीं था। (नाजिम रजा मुरादाबादी)इस दरजा एहतियात से चलना पड़ा मुझे, ठोकर लगी किसी को संभालना पड़ा मुझे। आदि कलाम पेश किए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉक्टर जयपाल सिंह व्यस्त (सदस्य विधान परिषद -मुरादाबाद बरेली खण्ड स्नातक क्षेत्र) और विशिष्ट अतिथि कमाल अख्तर विधायक कांठ ( पूर्व कैबिनेट मंत्री /पूर्व राज्यसभा सांसद ) रहे।अध्यक्षता मास्टर जावेद्दुज्जमा खान ने की। मंचासीन अध्यक्ष इकबाल आलम अंसारी समाज सेवी मुकेश महेश्वरी, कुंवर सुरेन्द्र बिश्नोई ,जितेंद्र बिश्नोई ,आरिफ मलिक, रिजवान शकील, नईम अंसारी, डॉ दानिश, राजन बिश्नोई ,डॉक्टर कपिल सरोही, दुष्यंत यादव रहे। संचालन मास्टर रिजवान मास्टर, अकरम अली और मशहूर शायर सुल्तान अजहर मुरादाबादी ने किया।आयोजक मास्टर अकरम अली ,मास्टर उस्मान रही ,मास्टर रिजवान ,मास्टर सुल्तान और समस्त परिवार ने आगन्तुको का आभार व्यक्त किया।

## एक नजर

### भारतीय सोशलिस्ट मंच द्वारा आयोजित विचार गोष्ठी में डा. राम मनोहर लोहिया की पुण्यतिथि पर चर्चा



**मुरादाबाद।** अंबेडकर पार्क सिविल लाइंस में भारतीय सोशलिस्ट मंच के तत्वाधान में विश्व के महान समाजवादी चिंतक डॉक्टर राम मनोहर लोहिया जी की पुण्यतिथि पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभिन्न गणमान्य व्यक्तियों ने अपने विचार व्यक्त किए और लोहिया जी के विचारों को अपने जीवन में उतारने पर जोर दिया। विचार गोष्ठी में अदित्य कुमार एडवोकेट, मनसूर उर रहमान, शाहिद हुसैन एडवोकेट, अतुल जौहरी, डिंपल सागर, मौहम्मद नसीम, चौधरी तबारक अली एडवोकेट, मुसर्रत हफीज एडवोकेट, पूर्व पारशद इरशाद, मिरजा अरशद बेग, नासिर हुसैन एडवोकेट, असलम खलीफा आदि मौजूद थे। विचार गोष्ठी में वक्ताओं ने कहा कि डॉक्टर राम मनोहर लोहिया जी के विचारों को अपने जीवन में उतारने से ही देश का माहौल बेहतर हो सकता है। उन्होंने कहा कि लोहिया जी के विचार आज भी प्रासंगिक हैं और हमें उनके विचारों को अपनाकर देश के विकास में योगदान करना चाहिए। भारतीय सोशलिस्ट मंच के महानगर अध्यक्ष शाहिद हुसैन एडवोकेट ने कहा कि मंच का उद्देश्य समाज में समानता और न्याय की भावना को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि मंच लोहिया जी के विचारों को अपनाकर समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए काम कर रहा है।

### 'आर्य समाज का वार्षिक उत्सव नन्हें बच्चों ने दी देशभक्ति की मिसाल,निकला भव्य जुलूस'



**कुंदरकी।** आर्य समाज के वार्षिक महोत्सव के अवसर पर रविवार को नगर में आर्य समाज की ओर से भव्य उत्सव एवं जुलूस का आयोजन किया गया, इस अवसर पर नगर पूरी तरह देशभक्ति और आर्य समाज के आदर्शों से सराबोर दिखाई दिया, जुलूस में दयानंद बाल विद्या मंदिर और ज्वालीराम इंटर कॉलेज के नन्हें छात्र-छात्राओं ने भाग लेकर अपनी आकर्षक प्रस्तुतियों व झांकियों से सभी का मन मोह लिया, बच्चों ने देशभक्ति गीतों की धुन पर कदमताल करते हुए "भारत माता की जय" और "वंदे मातरम" के नारे लगाए, जिससे नगर की गलियां गूंज उठीं, बच्चे हाथों में तिरंगा झंडा लिए पंक्तिबद्ध होकर अनुशासन, एकता और सौहार्द का संदेश देते हुए आगे बढ़ रहे थे, कई स्थानों पर नागरिकों ने पुष्प वर्षा कर प्रतिभागियों का स्वागत किया और जुलूस में शामिल बच्चों का उत्साहवर्धन किया, आर्य समाज के पदाधिकारियों ने बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज में स्वामी दयानंद सरस्वती के आदर्शों सत्य, धर्म, शिक्षा और समानता का प्रसार करना है, उन्होंने कहा कि आर्य समाज का संदेश आज भी समाज सुधार और राष्ट्रनिर्माण के लिए उतना ही प्रासंगिक है, कार्यक्रम के दौरान पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा और पूरे मार्ग पर सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रखी गई, शांति और अनुशासन के साथ सम्पन्न यह आयोजन नगर में एकता, संस्कृति और राष्ट्रप्रेम का अद्भुत उदाहरण बनकर उभरा।

### डॉ. राम मनोहर लोहिया की पुण्यतिथि मनाई



**बिलारी ( शाह टाइम्स संवाददाता )।** नगर के डाकबंगला के निकट स्थित सपा कैम्प कार्यालय एमआई हाउस पर डॉ. राम मनोहर लोहिया की पुण्यतिथि पर गोष्ठी आयोजित कर याद किया गया। साथ ही उनके जीवन आदर्शों को अपनाने और उनके बताए रास्तों पर चलने का संकल्प लिया गया। गोष्ठी में बोलते हुये कहा कि विधायक हाजी मोहम्मद फहीम इरफान ने कहा कि डॉ. लोहिया समाज के अंतिम पंक्ति के अंतिम व्यक्ति के लोकतांत्रिक अधिकारों की बात करते थे। वह देश के उन तमाम लोगों की आवाज थे, जिनकी आवाज संसद तक नहीं पहुंचती थी। उन सभी की आवाज को उन्होंने संसद तक पहुंचाया। आज भी डॉ. लोहिया के विचारों से सीखने की जरूरत है कि कैसे विपक्ष की भूमिका में रहकर जनता के सवालों को पूरे जोरदार तरीके से रखा जाए। इस अवसर पर उपाध्यक्ष यूथ ब्रिगेड सौरभ यादव, रामबाबू यादव, बाकार प्रधान, रविन्द्र चौधरी प्रधान, सद्दाम सैफी प्रधानपति, महावीर सिंह यादव, चिराग अग्रवाल, सालिम सैफी, इदरीस, ममता यादव, मातीराम समेत काफी संख्या में सपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। इसके बाद सभी कार्यकर्ताओं ने सपा प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल का केक काटकर एवं एक दूसरे को केक खिलाकर जन्मदिन मनाया और उनके दीर्घायु की कामना की।

### शिव पार्वती रसोई परिवार ने किया जरूरतमंदों को भोजन वितरण



**मुरादाबाद।** प्रकाश नगर चौराहे पर शिव पार्वती रसोई परिवार की ओर से अरहर की दाल, चावल और जल वितरण किया गया। संस्था के अध्यक्ष और संस्थापक पुष्प यादव एडवोकेट ने बताया कि इस अवसर पर संस्था की ओर से जरूरतमंदों को निशुल्क भरपेट भोजन उपलब्ध कराया गया। इस अवसर पर संस्था के सदस्य प्रत्यूष यादव, डॉ सतवीर चौहान, अंकुर यादव, विशाल कांत, सुनीत अग्रवाल, योगेश भारती, बिट्टू कश्यप, ओम प्रकाश सिंह और विवेक गुप्ता आदि मौजूद रहे। शिव पार्वती रसोई परिवार के अध्यक्ष पुष्प यादव ने बताया कि प्रत्येक रविवार को इस तरह का आयोजन किया जाएगा, जिसमें निशुल्क भरपेट भोजन के साथ-साथ फल और मिष्ठान भी वितरित किए जाएंगे। संस्था का उद्देश्य समाज के जरूरतमंद लोगों की सेवा करना है। संस्था का मूल वाक्य है ष्अन्न है सभी के लिएष। इस संस्था के माध्यम से आने वाले समय में अनेक सामाजिक कार्य किए जाएंगे। संस्था की ओर से पुष्प यादव ने सभी सदस्यों और सहयोगियों का आभार व्यक्त किया और कहा कि हमारा उद्देश्य समाज के जरूरतमंद लोगों की सेवा करना है और हम इस उद्देश्य को पूरा करने के लिए निरंतर प्रयासरत रहेंगे।

# झोलाछाप डॉक्टर की लापरवाही से एक ही दिन में तीन की मौत

■ संचालिका अस्पताल बंद कर फरार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कुंदरकी।** थाना कुंदरकी क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित अस्पताल में शुक्रवार को एक ही दिन में जच्चा-बच्चा समेत तीन लोगों की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार कस्बा निवासी अरमान अपनी पत्नी शमा को प्रसूति कराने के लिए पास के निजी अस्पताल लेकर गया था। अस्पताल में बिना किसी विशेषज्ञ डॉक्टर के महिला को भर्ती कर लिया गया। प्रसव के दौरान झोलाछाप डॉक्टर की लापरवाही से पहले नवजात की मौत हो गई, जबकि महिला की हालत बिगड़ने पर झोलाछाप डॉक्टर ने उसे अधूरे इलाज में ही छोड़ दिया। परिजन जब महिला को दूसरे अस्पताल ले जा रहे थे, तभी रास्ते में उसकी भी मौत हो गई। इसी अस्पताल में गांव हरियाना निवासी वसीम की पत्नी की भी प्रसूति होनी थी, लेकिन झोलाछाप की घोर लाप.रवाही से वसीम के नवजात की भी मौत हो गई, प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार जिस जगह यह अस्पताल संचालित किया जा रहा था, वहां किसी प्रकार का बोर्ड, बैनर या डॉक्टर का नाम तक नहीं लिखा था। यह अस्पताल एक दुकान के अंदर अवैध रूप से चलाया जा रहा था। घटना की जानकारी मिलते ही कथित संचालि.का उजमा जो खुद को डॉक्टर बताती थी, तीन मौतों की खबर फैलते ही अस्पताल बंद कर फरार हो गई।

# भारतीय सांस्कृतिक एवम् आध्यात्मिक मूल्यों के संवर्द्धन में त्योहारों का महत्व अनमोल




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के भारतीय ज्ञान परम्परा केंद्र- आईकेएस सेंटर की ओर से सांस्कृतिक धरोहर, सामा.जिक एकता और आध्यात्मिक अभ्यास के संरक्षण में भारतीय त्योहारों की भूमिका पर आयोजित 8वें राष्ट्रीय ऑनलाइन कॉन्क्लेव में टीएमयू के वीसी प्रो. वीके जैन ने बतौर मुख्य अतिथि यूनिवर्सिटी की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए संगोष्ठी को भारतीय सांस्कृतिक धरोहर के संरक्षण की दिशा में सार्थक प्रयास बताया। यूनिवर्सिटी ऑफ हवाई, मनोआ, होनोलुलु के डॉ. धर्म पीएस भावुक ने भारतीय त्योहारों के व्यक्तिगत और आध्यात्मिक आयामों पर अपने अनुभव साझा करते हुए कहा, भारतीय उत्सव केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि जीवन-मूल्यों, आत्मिक साधना और सामाजिक एकता को सशक्त बनाने का माध्यम हैं। उन्होंने नवरात्रि की परंपराओं को कला, संगीत और संस्कृति से गहरे संबंध को रेखांकित किया। डॉ. भावुक ने कहा, भारतीय संस्कृति में स्त्री शक्ति का उच्च स्थान है। जेंसेई के संस्थापक और एक्जिक्यूटिव कोच श्री हरिप्रसाद वर्मा ने भारतीय त्योहारों के सामाजिक, आध्यात्मिक और सांस्कृतिक महत्व पर अपने विचार साझा करते ओणम की कथा को वामन अवतार से जोड़ते हुए उसके गहरे सांस्कृतिक और प्रतीकात्मक अर्थ को रेखांकित किया और बताया कि ये त्योहार पूर्वजों के ज्ञान एवम् परंपराओं को आधुनिक संदर्भ में समझने का मार्ग प्रदान करते हैं। उन्होंने विशु के अनुष्ठानों, नरक.ासुर की कथा और हनुमान पूजा की प्रासंगिकता पर भी प्रकाश डाला। श्री वर्मा ने पूर्वजों के ज्ञान और अनुष्ठानों के सार्थक अर्थ को समझने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने मिथक के महत्व को भी स्पष्ट करते हुए कहा, मिथक सामूहिक सपनों का स्वरूप है और सपना व्यक्तिगत मिथक का। आईकेएस रिसर्च, ब्रहात एजुकेशन ट्रस्ट, हैदराबाद के डायरेक्टर डॉ. श्रीनिवास जम्मलमदाका ने भारतीय त्योहारों के वैज्ञानिक, सांस्कृतिक और दार्शनिक पहलुओं पर गहन व्याख्यान प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि भारतीय त्योहार मौसमी और प्राकृतिक परिवर्तनों से गहराई से जुड़े हैं। डॉ. जम्मलमदाका ने नवरात्रि जैसे पर्वों को उपवास और अनुष्ठानों के माध्यम से शारीरिक एवम् मानसिक संतुलन बनाए रखने का पारंपरिक उपाय बताया। उन्होंने विनायक चतुर्थी में अर्पित 21 जड़ी-बूटियों, जलदान परंपरा और प्रास्तापना जैसे अनुष्ठानों के माध्यम से पारिस्थितिक, सामा.जिक और आध्यात्मिक मूल्यों के जुड़ाव पर प्रकाश डाला।

समापन राष्ट्रीय गान के साथ हुआ। संचालन टीएमयू भारतीय ज्ञान परम्परा केंद्र की समन्वयक डॉ. अलका अग्रवाल और फैकल्टी डॉ. माधव शर्मा ने सयुंक्त रूप से किया।

# आईएफटीएम विश्वविद्यालय में हुआ 'आर्टफुल लिनन एंड टॉवेल ओरिगामी' प्रतियोगिता का आयोजन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में स्कूल ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट के स्टूडेंट डेवलमेंट सेल (एसडीसी) की ओर से ''आर्टफुल लिनन एंड टॉवेल ओरिगामी'' प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. संजीव अग्रवाल ने कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि इस तरह के रचनात्मक कार्यक्रम विद्यार्थियों के कौशल को बढ़ाते हैं तथा उन्हें हॉस्पिटैलिटी उद्योग के लिए तैयार करते हैं। वहीं स्कूल ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट की निदेशिका एवं कार्यक्रम की अध्यक्षा डॉ. निशा अग्रवाल ने सभी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों में बेस्ट बनने का अवसर प्रदान करती हैं। प्रतियोगिता के दौरान विद्यार्थियों ने विभिन्न तरीके से टॉवल आर्ट एवं आर्टफुल लिनन का अत्यंत सुंदर प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में अच्छे प्रदर्शन के आधार पर टॉवल ओरिगमी में डिप्लोमा इन होटल मैनेजमेंट, प्रथम वर्ष के छात्र बॉबी को पहले स्थान, बैचलर ऑफ होटल मैनेजमेंट एंड कैटरिंग टैक्नोलॉजी, द्वितीय वर्ष की छात्रा काजल एवं डिप्लोमा इन होटल मैनेजमेंट, प्रथम वर्ष के छात्र ललित सिंह बोहरा को दूसरे स्थान एवं मास्टर ऑफ होटल मैनेजमैंट, द्वितीय वर्ष के छात्र प्रशांत कुमार को तीसरे स्थान पर विजेता घोषित किया गया। प्रतियोगिता के दौरान डॉ. हिमांशु गुप्ता एवं डॉ. स्वाती राय निर्णायक मंडल के सदस्य रहे। इस मौके पर होटल मैनेजमेंट विभाग की विभागाध्यक्षा डॉ. मेघा भाटिया ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य प्रतिभागियों में होटल, रिसॉर्ट और संबंधित उद्योग में आतिथ्य वस्तुओं को रचनात्मक रूप से प्रस्तुत करने की क्षमता विकसित करना रहा। कार्यक्रम का संच.ालन सुश्री तनुजा शर्मा ने किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में एसडीसी संयोजिका डॉ. आरती गर्ग की महत्वपूर्ण भूमिका रही। कार्यक्रम के दौरान अन्य एसडीसी सदस्य डॉ. अर्चना, सुश्री ज्योति सिंह, सुश्री नम्रता श्रीवास्तव, श्री अक्षय शर्मा एवं श्री आकाश मौर्या आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में स्कूल के होटल मैनेजमेंट विभाग के 50 से अधिक छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

# टीएमयू हॉस्पिटल में दुर्लभ ट्यूमर की सफल ओपन हार्ट सर्जरी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** टीएमयू हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर, मुरादाबाद के डॉक्टर्स ने 54 वर्षीय महिला की जटिल हृदय सर्जरी करने में बड़ी सफलता हासिल की है। कंसल्टेंट कार्डियोथोरेसिक एंड वैस्कुलर सर्जन डॉ. आयुष रिछारिया कहते हैं, एट्रियल मिक्सोमा हृदय में होने वाला एक दुर्लभ ट्यूमर है। इसकी सर्जरी बेहद जोखिमपूर्ण होती है। पाकबड़ा निवासी शीला देवी करीब चार महीने से हृदय कैंसर की समस्या से जूझ रही थीं। पेशेंट को लगातार सांस लेने में परेशानी, चक्कर आना, बेहोशी और चलने-फिरने में कठिनाई जैसी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। दो महीने पहले जांच के दौरान उनके हृदय में ट्यूमर का पता चला, लेकिन उस समय उनकी स्थिति ऑपरेशन के अनुकूल नहीं थी। इस वजह से उन्हें दवाइयों के जरिए इलाज किया गया। टीएमयू अस्पताल के हृदय रोग विशेषज्ञों की टीम ने पांच घंटे तक चले इस ऑपरेशन में ओपन हार्ट सर्जरी करके हृदय से ट्यूमर-एट्रियल मिक्सोमा को सफलतापूर्वक निकाल दिया। आराम से सांस ले पा रही हैं। सामान्य रूप से चल-फिर रही हैं। डॉ. रिछारिया की झोली में हार्ट सर्जरी करने का 10 साल का अनुभव है। वह अब तक करीब 500 हार्ट सर्जरी कर चुके हैं। सर्जरी करने वाली टीम में डॉ. रिछारिया के अलावा डॉ. आयुष, डॉ. रोहित आदि भी शामिल रहे। अस्पताल प्रशासन ने भी इस सफलता को अपनी चिकित्सकीय टीम की बड़ी उपलब्धि बताते हुए कहा, यह टीएमयू अस्पताल की उच्च स्तरीय चिकित्सा सेवाओं और आधुनिक तकनीक का प्रमाण है।




# पीसीएस परीक्षा शांतिपूर्वक संपन्न, गैर हाजिर परीक्षार्थियों की संख्या रही काफी



**कांठ( शाह टाइम्स )** तहसील क्षेत्र के दो स्कूलों में पीसीएस की संपन्न कराई गई परीक्षा में गैरहाजिर परीक्षार्थियों का आंकड़ा काफी रहा। कुल मिलाकर परीक्षा शांतिपूर्वक संपन्न हो गई। मिली जानकारी के मुताबिक तहसील कांठ क्षेत्र के डीएसएम इंटर कॉलेज कांठ और पब्लिक इंटर कॉलेज उमरी कला को परीक्षा केंद्र बनाया गया था जिसमें 768 परीक्षार्थियों को परीक्षा देनी थी परीक्षा दो पारियों में इन्हीं परीक्षार्थियों को देनी थी पहली पारी की परीक्षा शांतिपूर्वक संपन्न हुई तो प्रशासन ने राहत की सांस ली इसी तरह दूसरी पारी की परीक्षा भी संपन्न हो गई। बताया गया कि इस परीक्षा में गैर हाजिर परीक्षार्थियों का आंकड़ा काफी रहा। शांतिपूर्वक हुई परीक्षा से प्रशासन ने राहत की सांस ली और परिक्षापत्रो को सुरक्षित निर्धारित स्थान तक पहुंचाया।

# ग्वारखेड़ा में श्रीमद् भागवत कथा का तृतीय दिवस, श्रीराम विवाह का अलौकिक वर्णन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** ग्राम ग्वारखेड़ा में चल रही सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के तृतीय दिवस पर कथा व्यास प्रीति शास्त्री जी ने भगवान श्रीराम और माता सीता के भव्य विवाह प्रसंग का अत्यंत भावपूर्ण एवं अलौकिक वर्णन किया।

उनके मधुर वचनों और भक्ति भाव से संपूर्ण पंडाल श्रद्धा और उल्लास से भर उठा। कथा के दौरान जब ताड़का वध और श्रीराम सीता विवाह का प्रसंग आया, तो श्रद्धालु भक्ति रस में डूब गए। भजनों की मधुर धुन पर सभी भक्त झूम उठे और "जय श्रीराम" के जयघोष से पूरा वातावरण गूंज उठा। इस अवसर पर ग्रामवासियों ने दीप प्रज्वलित कर कथा के तृतीय दिवस का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में देवकीनंदन, भूपाली, पूर्ण मौर्य, राजपाल, वृद्धाश्रम संचालक रोहन देव, मनीष मौर्य, राज.ेंद्र मौर्य, ओमप्रकाश मौर्य, ग्वारखेड़ा डीलर सी.पी. मौर्य, सोमपाल नेताजी, राम अवतार साहू, काल महेंद्र सिंह, लाला हरिद्वारी, खेमचंद सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# रेलवे स्टेशन पर शराब तस्कर गिरफ्तार, हरियाणा मार्का की 24 बोतलें बरामद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** जीआरपी पुलिस ने रेलवे स्टेशन पर चेकिंग के दौरान एक शराब तस्कर को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से हरियाणा मार्का की 24 बोतल अवैध शराब बरामद की गई। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी दिल्ली का रहने वाला है और लंबे समय से ट्रेनों के माध्यम से शराब की तस्करी कर आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में सप्लाई करता था।जीआरपी इंस्पेक्टर रविंद्र वशिष्ठ ने बताया कि रेलवे स्टेशन पर चलाए जा रहे संयुक्त चेकिंग अभियान के दौरान प्लेटफार्म नंबर एक स्थित स्टोर के पास एक युवक संदिग्ध अवस्था में दिखाई दिया। पुलिस टीम ने जब उसकी तलाशी ली तो उसके बैग से हरियाणा मार्का की 24 बोतलें शराब बरामद हुई। पूछताछ में युवक ने अपना नाम धर्मराज निवासी मोहन गार्डन, उत्तम नगर दिल्ली बताया। पुलिस पूछताछ में धर्मराज ने स्वीकार किया कि वह लंबे समय से ट्रेनों के जरिए अवैध शराब की तस्करी करता आ रहा है। वह हरियाणा से शराब लाकर मुरादाबाद और आसपास के गांवों में ऊंचे दामों पर बेचता था।

इंस्पेक्टर रविंद्र वशिष्ठ ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर आवश्यक कार्रवाई पूरी करने के बाद कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। पुलिस अब यह जांच कर रही है कि इस तस्करी नेटवर्क में और कौन-कौन लोग शामिल हैं तथा शराब की सप्लाई किन-किन इलाकों में की जाती थी।

## देवर-भाभी की संदिग्ध परिस्थितियों में जलकर मौत, गांव में मचा हड़कंप

**मुरादाबाद।** मझोला थाना क्षेत्र के रसूलपुर सुनवाती गांव में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई, जहां देवर-भाभी की संदिग्ध परिस्थितियों में जलने से मौत हो गई। घटना से पूरे गांव में हड़कंप मच गया है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।गांव निवासी नरेंद्र की पत्नी सुनीता परिवार के साथ कूड़ा फेंकने गई थी। इसी दौरान उसका छोटा भाई प्रवीण वहां पहुंच गया। नरेंद्र का आरोप है कि प्रवीण ने उसकी पत्नी सुनीता को पकड़कर कमरे में बंद कर लिया। कुछ देर बाद कमरे से अचानक धुआं उठने लगा और देखते ही देखते आग ने भयानक रूप ले लिया। जब तक ग्रामीण मौके पर पहुंचे, दरवाजा अंदर से बंद था और लपटें तेजी से फैल रही थीं। ग्रामीणों ने किसी तरह दरवाजा तोड़कर दोनों को बाहर निकाला, लेकिन तब तक वे गंभीर रूप से झुलस चुके थे। अस्पताल ले जाने से पहले ही दोनों की मौत हो गई।घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। वहीं, गांव में इस घटना को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं चल रही हैं। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी

# बैलगाड़ी से घसीटकर ले जाई जा रही थी गो माता, वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने की कार्रवाई




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** नागफनी थाना क्षेत्र से एक ऐसा दिल दहला देने वाला वीडियो सामने आया है, जिसने पूरे शहर को झकझोर कर रख दिया है। सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहे इस वीडियो में साफ तौर पर देखा जा सकता है कि एक बैलगाड़ी में बेहरमी से गौ माता को बांधकर घसीटते हुए ले जाया जा रहा है। वीडियो सामने आने के बाद हिंदू संगठनों में आक्रोश फैल गया है और हिंदू संगठनों ने आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग करते हुए थाना प्रभारी को शिकायती पत्र सौंपा है।

वीडियो के वायरल होने के बाद पुलिस हरकत में आ गई और तत्काल इस मामले में कार्रवाई शुरू कर दी। थाना नागफनी प्रभारी सुनील त्यागी ने बताया कि इस घटना के संबंध में एक तहरीर प्राप्त हुई थी जिसके आधार पर दो नामजद और एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने कार्यवाही करते हुए गाय मालिक को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा रहा है, जबकि दो अन्य आरोपी अभी भी फरार बताए जा रहे हैं। थाना प्रभारी ने बताया कि दोनों फरार आरोपियों की तलाश में लगातार दबिश दी जा रही है और बहुत जल्द उन्हें भी गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेजा जाएगा।

इस तरह की बर्बरता करने की हिम्मत न जुटा सके।

# पाकबड़ा के लोगों को मिले शुद्ध पानी, विधायक कमाल अख्तर ने डीएम को लिखा पत्र

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**मुरादाबाद।** कांठ विधायक कमाल अख्तर ने डीएम को शिकायती पत्र सौंप पाकबड़ा कस्बे के लोगों के लिये शुद्ध पेजयल की व्यवस्था करने की मांग की है। डीएम को शिकायती पत्र सौंप कांठ विधायक कमाल अख्तर ने कहा कि पाकबड़ा की आबादी करीब 75 हजार है। लेकिन यहां के लोगों को पीने का शुद्ध पानी नहीं मिल रहा है। जिस कारण लोगों का स्वास्थ्य खराब हो रहा है। उन्होंने बताया कि अधिशासी अभियंता पाकबड़ा ने उन्हें अवगत कराया है कि शुद्ध पेयजल के लिये एक टंकी तथा एक टयूबैल का निर्माण कराया जाना जरूरी है। इसके लिये जमीन की आवश्यकता पड़ेगी। उन्होंने डीएम से मांग करते कहा कि वह संबंधित एसडीएम, ईओ को जमीन चिहिन्त करने के आदेश जारी किये जाये। इसके अलावा यदि यहां सरकारी जमीन उपलब्ध नहीं है तो पालिकमा के ईओ को जमीन खरीदने के निर्देश दिये जाये। ताकि यहां की जनता को शुद्ध पानी मिल सके। कमाल ने इस समस्या को जल्द दूर करने की मांग की।

# दो युवकों को नंगा कर वीडियो बनाने, मारपीट व रंगदारी के, दस-दस हजार की मांग करने वाले चार आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**




**ठाकुरद्वारा।** दो युवकों को नंगा कर वीडियो बनाने और उनसे दस-दस हजार रुपये की रंगदारी मांगने के आरोप में पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। रुपये न देने पर आरोपियों ने दोनों युवकों की लात-घूंसों से पिटाई भी की थी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेज दिया है।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बोवदवाला निवासी रघुवीर सिंह पुत्र चरनदास सिंह ने कोतवाली पुलिस को तहरीर दी कि वह अपने साथी आदिल के साथ था। तभी कुछ युवकों ने उन्हें जबरन पकड़ लिया, उनके कपड़े उतरवा दिए और मोबा. इल से वीडियो बना लिया। आरोपियों ने दोनों से दस-दस हजार रुपये की मांग की। रुपये न देने पर उन्हें जमकर पीटा गया। थाना पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू की। प्रभारी निरीक्षक के निर्देशन में पुलिस टीम ने सक्रियता दिखाते हुए चार अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्तों राघव पुत्र मोनू कुमार निवासी गोपालपुर चक थाना नूरपुर जनपद बिजनौर, हाल पता फैजुल्लागंज प्रीत उर्फ प्रिन्स पुत्र जितेन्द्र निवासी ग्राम कासमपुर थाना जसपुर जनपद उधमसिंह नगर (उत्तराखंड) मनीष कुमार उर्फ महेश पुत्र कुवंरपाल सिंह निवासी ग्राम फैजुल्लागंज थाना ठाकुरद्वारा कपिल पुत्र महिपाल निवासी ग्राम कासमपुर थाना जसपुर जनपद उधमसिंह नगर (उत्तराखंड)। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से एक मोबाइल फोन (वीवो कम्पनी का) तथा एक मोटरसाइकिल बरामद की है। गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों के खिलाफ धारा 115(2)/308(5) बीएनएस में मुकदमा पंजीकृत किया गया है। गिरफ्तारी की कार्रवाई उपनिरीक्षक सुरेन्द्र सिंह तथा उपनिरीक्षक बलराम दीक्षित कांस्टेबल अर्जुन कुमार, रजत कुमार योगेश कुमार शामिल रहे।

## एक नजर

### महिला सुरक्षा टीम ने आशा, आंगनबाड़ी कार्यकत्री, समूह सखी एवं ग्रामीण महिलाओं को किया जागरूक



**ठाकुरद्वारा।** रविवार को महिला सुरक्षा टीम 13 ठाकुरद्वारा द्वारा ग्राम मसतल्लीपुर में आशा, आंगनबाड़ी कार्यकत्री, समूह सखी तथा महिलाओ व बालिकाओ के साथ एक गोष्ठी/चौपाल का आयोजन किया गया।

गोष्ठी के दौरान महिलाओं व बालिकाओं को साइबर क्राइम के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई तथा विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं जैसे-वृद्धा पेंशन योजना, विधवा पेंशन योजना, सामूहिक विवाह योजना, मात्र वंदना योजना, च्ड आवास योजना आदि तथा आपातकालीन हेल्पलाइन 108 एम्बुलेंस, 112 पुलिस आपातकालीन हेल्पलाइन, 181 महिला हेल्पलाइन, 1090 वुमन पॉवर हेल्पलाइन, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, 1076 मा० मुख्यमंत्री हेल्पलाइन व 1930 साइबर हेल्पलाइन के बारे में जानकारी दी गई व पंपलेट वितरित किये गए। टीम में उपनिरीक्षक ललित, महिला हेड कॉन्स्टेबल पूनम , कॉन्स्टेबल गौरव कुमार, कांस्टेबल रवि सैनी ने ग्रामीण महिलाओं को महिला सुरक्षा के प्रति जागरूक किया।

### आज ब्लॉक प्रमुख की अध्यक्षता में क्षेत्र पंचायत समिति की बैठक

**ठाकुरद्वारा।** खंड विकास अधिकारी उमांकात मुदगल ने बताया कि सोमवार को ब्लाक सभागार में क्षेत्र पंचायत समिति की बैठक ब्लॉक प्रमुख संजना सिंह की अध्यक्षता में विकास कार्यो को लेकर दोपहर 12.00 जे आहूत की जाएगी। जिसमें ब्लाक क्षेत्र में राज्य वित/केंद्रीय वित योजना के अंतर्गत निर्माण कार्य, महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना , आवास प्लस सर्वे 2024 , सामुदायिक शौचालय सहित अन्य विकास कार्यो को प्रगति देने पर विचार किया जाएगा।

### भोजपुर में कार खड़ी करने को लेकर विवाद में दो भाई घायल

**भोजपुर।** रविवार को पुलिस ने गांव बजीदपुर तिगरी में रास्ते में कार खड़ी करने को लेकर हुई मारपीट में चार युवकों के खिलाफ घर में घुसकर हमला कर दो भाईयों को घायल कर देने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया है। प्रभारी निरीक्षक शरद मलिक को दी तहरीर में ग्रामीण मतलूब अली ने बताया है कि शुक्रवार की रात को अपनी कार गांव में ही सड़क के किनारे खड़ी कर दी थी। इसको लेकर पड़ोसी जुबैर,राशिद,बाबू एवं राहत जान कार हटाने को कहने लगे। विरोध करने पर हाथों में डंडे एवं लोहे के सरिए लेकर घर में घुसकर हमला कर दिया। बीच-बचाव करने भाई फरमान आया तो आरोपियों ने उसपर भी हमला कर घायल कर दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर घायल भाईयों का सीएचसी में मेडिकल परीक्षण कराया है।

### साहित्य के क्षेत्र में भी अपनी एक अलग पहचान रखता है मुरादाबाद



**मुरादाबाद।** उत्तर प्रदेश में मुरादाबाद जनपद एक ऐसा ख्याति प्राप्त जनपद है, जिसके कण-कण में अतीत के इतिहास, संस्कृति एवं साहित्यिक परम्परा के गौरव की गूंज है। प्राचीन ग्रंथों में इस जिले के एक विस्तृत भू-भाग को आर्य संस्कृति का एक प्रमुख केन्द्र बताया जाता है। हिन्दी साहित्य की प्रत्येक विधा चाहे वह काव्य हो अथवा गद्य, कहानी हो या उपन्यास, नाटक हो अथवा एकांकी, निबंध हो या समीक्षा या अन्य विधायें ही क्यों न हों, जनपद के साहित्यकारों ने प्रचुर मात्रा में लेखन कार्य किया है। हिंदी साहित्य के इतिहास संबंधी अनेक ग्रंथों में जनपद के साहित्यकारों का संकेत मिलता है। आचार्य रामचंद्र शुक्ल के हिंदी साहित्य के इतिहास में जनपद के तीन साहित्यकारों पंडित ज्वाला प्रसाद मिश्र, पंडित बलदेव प्रसाद मिश्र तथा पंडित ज्वाला दत्त शर्मा का उल्लेख है। डॉ श्याम सुंदर दास ने हिन्दी कोविद रत्नमाला, आचार्य चतुर सेन ने हिन्दी भाषा और साहित्य का इतिहास , डॉ धीरेंद्र वर्मा ने हिन्दी साहित्य कोश तथा आचार्य क्षेमचंद्र सुमन ने दिवंगत हिन्दी सेवी ग्रंथों में मुरादाबाद जनपद के साहित्यकारों का उल्लेख किया है।19वीं सदी के पूर्वार्द्ध तक जनपद में अरबी फारसी तथा उर्दू का साहित्यिक वातावरण था जिसके कारण हिंदी साहित्य का विकास नहीं हो सका। देश में जब प्रेसों का चलन हुआ तो मुरादाबाद में अनेक लीथों प्रेस स्थापित हुए और हिंदी को भी एक नया बल मिला। 19वीं शती में मुरादाबाद हिंदी लेखकों का एक ऐसा गढ़ बना। पं. पुरुषोत्तम व्यास, छदम्मी लाल विकल ,पं नरोत्तम व्यास, दुर्गादत्त त्रिपाठी ,रमा शंकर जैतली विश्व, मदन मोहन व्यास ,पृथ्वीराज मिश्र , दिनेश चन्द्र पाण्डे, दयानन्द गुप्ता ,सर्वेश्वर सरन सर्वे, वीरेन्द्र मिश्र, कैलाश चन्द्र अग्रवाल, राजनारायण मेहरोत्रा ,सुरेन्द्र मोहन मिश्र ,पुष्पेन्द्र वर्णवाल, रामावतार त्यागी, डॉक्टर विश्व अवतार जेमिनी, डॉक्टर कुँवर बेचेन, डॉक्टर मक्खन मुरादाबादी के अतिरिक्त अनेक नाम ऐसे हैं जिन्होंने अपने साहित्य सृजन से मुरादाबाद जनपद को गौरवान्वित किया है। हुल्लड़ मुरादाबादी और माहेश्वर तिवारी समेत अनेक साहित्यकार ऐसे भी हैं जिनका जन्म यहां तो नहीं हुआ लेकिन वह यहां स्थाई रूप से बस गए। वर्तमान में भी अनेक साहित्यकार ऐसे है जो अपनी कृतियों के माध्यम से हिन्दी साहित्य की अमूल्य सेवा कर रहे हैं।

# जे.जे.एम. प्रोजेक्ट की टंकी पर मारपीट व जबरन वसूली, दो आरोपी गिरफ्तार



**ठाकुरद्वारा।** जे.जे.एम. प्रोजेक्ट की पानी की टंकी पर कार्यरत गार्ड से मारपीट व जबरन वसूली के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पंचायत भरतावाला निवासी उपदेश पुत्र रामचरन जे.जे.एम. प्रोजेक्ट के तहत बनी पानी की टंकी पर गार्ड का कार्य करता है। 10 अक्तूबर 2025 की रात्रि लगभग 10 बजे, कुछ युवकों ने मौके पर पहुंचकर गार्ड रघुवीर सिंह एवं आदिल के कपड़े उतरवाकर उनका वीडियो बना लिया और प्रत्येक से घ10-10 हजार की मांग की। पैसे देने से इंकार करने पर आरोपियों ने दोनों के साथ लात-घूंसों से मारपीट की। पीड़ितों की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर प्रारंभ की। जांच में घटना सत्य पाई जाने पर पुलिस टीम ने रविवार प्रातः 12 अक्तूबर 2025 को समय 5.45 बजे दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों के नाम फैजान पुत्र मोहम्मद हनीफ निवासी वार्ड नंबर 16 कस्बा ठाकुरद्वारा एवं वसीम पुत्र शकील निवासी नई बस्ती वार्ड नंबर 22 कस्बा ठाकुरद्वारा बताए गए हैं। पुलिस ने उनके कब्जे से एक बैंट्रा एक इनवर्टर तथा एक मोटरसाइकिल (धारा 207 एम.वी. एक्ट के अंतर्गत सीज) बरामद की है। थाना प्रभारी के अनुसार आरोपियों के खिलाफ धारा 305 बीएनएस, बढ़ोतरी धारा 317(2), 317(2) बीएनएस के तहत कार्रवाई की गई है। गिरफ्तारी टीम में उपनिरीक्षक रमेश चंद्र मीना, उपनिरीक्षक तेजपाल सिंह, कांस्टेबल प्रवीण नागर व कांस्टेबल गोपाल शामिल रहे।

# श्रीमद् भागवत कथा का विधिवत समापन, 1001 आहुतियों के साथ यज्ञ व भंडारे में उमड़ा जनसैलाब

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**ठाकुरद्वारा।** थाना क्षेत्र के ग्राम गोपीवाला में गत सात दिनों से चल रही श्रीमद भागवत कथा का रविवार को विधिवत समापन हुआ। इस अवसर पर चामुंडा शिव मंदिर परिसर में एक विशाल यज्ञ एवं भंडारे का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र के श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया। समापन दिवस पर पंडित नरेश चंद्र शास्त्री द्वारा वैदिक विधि-विधान एवं मंत्रोच्चार के साथ यज्ञ की शुरुआत कराई गई। श्रद्धालुओं ने 1001 आहुतियों के साथ यज्ञ में सहभागिता कर अपने परिवार की सुख-समृद्धि, क्षेत्र में शांति और खुशहाली की कामना की। हवन संपन्न होने के उपरांत भक्ति भाव से आरती की गई। और प्रसाद वितरित किया गया।

इसके पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें आस-पास के गांवों से आए श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया। कथा और यज्ञ में न केवल स्थानीय ग्रामीण बल्कि महिला-पुरुष, बच्चे और वरिष्ठ नागरिकों की भी उत्साहजनक भागीदारी रही। इस मौके पर पं. अनिल शर्मा, अनुज चौहान, खूबसिंह, अतर सिंह, शोभित शर्मा, धर्मेंद्र चौहान, मोनिका, मीनू देवी सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे। आयोजकों ने सभी भक्तों का आभार व्यक्त करते हुए इसे एक दिव्य और सफल आयोजन बताया।

**बेदखली सूचना**

मैंने अपने पुत्र रिषभ व पुत्रवधू श्रीमति तनीषा निवासी मं. नं. 1288 काशीराम योजना सोनकपुर हरथला, मुरादाबाद को गलत संगत/गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल समत्ति से बेदखल कर पारिवारिक संबंध विच्छेद समाप्त कर लिए हैं। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्यो/लेनदेन व मुकदमेबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा। **सुनील कुमार पुत्र बन्शी लाल निवासी बंगला गांव जाटव बस्ती, मुरादाबाद, हाल निवासी मकान नं. 1288 काशीराम योजना सोनकपुर हरथला थाना मझौला, तहसील व जिला मुरादाबाद।**

# समाजवादी पार्टी ने डा. राममनोहर लोहिया की पुण्यतिथि पर अर्पित की श्रद्धांजलि

**शाह टाइम्स ब्यूरो**




**मुरादाबाद,** समाजवादी पार्टी जिला कार्यालय पर समाजवादी चिंतक डॉ.राममनोहर लोहिया की पुण्यतिथि मनाई। जिसमें सर्वप्रथम पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने लोहिया के चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया।

जिलाध्यक्ष जयवीर सिंह यादव ने कहा कि डॉ. लोहिया हमेशा किसान, मजदूर, गरीब, नौजवान, दलित, पिछड़ों, अल्पसंख्यकों एवं सभी वर्गों के लोगों को साथ लेकर चलते थे। उन्होंने कभी भी गरीब, किसान, मजदूर की आवाज को दबने नहीं दिया। उनकी लड़ाई हमेश लड़ते रहे।

लोहिया जी ने नारा दिया था की जिन्दा कौमें पांच साल इंतजार नहीं करती हैं। हम समाजवादी लोग भी हमेशा लोहिया के आदेशों पर चलकर गरीबों मजदूरों किसानों नौजवानों एवं सभी वर्गों की सेवा कर पार्टी को आगे बढ़ाएंगे। समा. जवादी पार्टी के जिला महासचिव फुरकान अली ने कहा कि देश की आजादी में उनके द्वारा भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान अंग्रेजों के विरुद्ध भूमिगत आंदोलन का नेतृत्व किया गया तथा देश की आजादी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के बाद आजाद भारत में देश की प्रमुख समस्याओं तथा जनता के हित के लिए समाजवादी विचारधारा के साथ अनेक आंदोलन छेड़ कर जन आंदोलन के नायक कहलाए। श्रद्धांजलि देने वालों मे वेद प्रकाश सैनी,वसीम कुरैशी, संजीव चौधरी, प्रदीप यादव, सुनीता सिंह,गोरव चौहान, सुरेन्द्र शर्म, योगेन्द्र यादव, बालकिशन शर्मा, तुषार रस्तोगी, आशकर पाशा, वी के सैनी सजीद, कयामुददीन सैफी, राजीव विश्नोई, जिगरी मलिक, पवन कुमार दानिश अली, राजीव यादव, मुकेश यादव, भूरा मलिक,अवनीश यादव,शेखर यादवआदि प्रमुख थे।

# श्री लक्ष्मी मां पूजन और हवन का भव्य आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** दीपावली के शुभ अवसर पर श्वेताम्बर जैन मंदिर, मुरादाबाद में श्री लक्ष्मी मां पूजन और हवन का भव्य आयोजन किया गया। यह आयोजन तप चंद्रिका साध्वी श्री कल्पज्ञा श्रीजी महाराज साहेब आदि ठाणा-5 की निश्रा में संपन्न हुआ। इस अवसर पर लुधियाना से वल्लभ सेना के सदस्य पधारे थे, जिनमें मुख्य रूप से दीपक जैन दुग्गड़, आनंद जैन, और सौरभ जैन शामिल थे। जैन समाज के श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में और अत्यंत भव्य रूप से आयोजित इस पूजन में भाग लिया। आज के इस महापूजन के मुख्य जजमान का लाभ श्री धर्मपाल निर्मला जैन के वंशज श्री संजीव, राजीव, संदीप जैन परिवार ने लिया। महापूजन के पश्चात् हवन किया गया, जो मुरादाबाद में जैन समाज के भीतर पहली बार हुआ। कार्यक्रम में साध्वी श्री महाराज साहेब द्वारा श्री गौतम लब्धि पेटी का वितरण किया गया, जिसमें लक्ष्मी जी की प्रिय वस्तुएं होती हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता संघ के प्रधान राजेंद्र जैन ने की और संचालन महामन्त्री राजीव जैन द्वारा किया गया। इस अवसर पर उपप्रधान कोमल जैन, देवेंद्र जैन, संजीव जैन, रवि जैन, सुभाष जैन, और विशाल जैन उपस्थित रहे। महिला वर्ग में सुवर्षा जैन, श्रीमती इंदु जैन, श्रीमती नीरज, श्रीमती सपना, श्रीमती मोना जैन, और श्रीमती नीति ने अपने सुंदर भजनों से सबका मन मोह लिया और माता का गुणगान किया। कार्यक्रम के अंत में प्रसाद वितरण की व्यवस्था थी। सभी ने प्रसाद ग्रहण करते हुए आज के इस सफल आयोजन के लिए सबका हार्दिक आभार व्यक्त किया।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

**सम्पादक**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# दिल्ली टेस्ट: वेस्टइंडीज का फाइटबैक

**● तीसरे दिन का स्कोर 173/2, भारत से 97 रन पीछे, कैम्पबेल शतक के करीब, पहली पारी 248 पर सिमटी**




**नई दिल्ली, वार्ता।** जॉन कैंपबेल (नाबाद 87) और कप्तान शाई होप (नाबाद 66) अर्द्धशतकीय पारियों की मदद से वेस्टइंडीज ने दूसरे टेस्ट मैच के तीसरे दिन रविवार को स्टंप के समय दो विकेट पर 173 रन बना लिए है। हालांकि वह अभी भी भारत के पहली पारी में बनाए गए स्कोर से 97 रन पीछे है। इससे पहले कुलदीप यादव (पांच विकेट) रवींद्र जडेजा (तीन विकेट) की घातक गेंदबाजी के दम पर भारत ने वेस्टइंडीज को 248 रन के स्कोर पर ढ़ेर कर 270 रनों की बढ़त के साथ उसे फॉलोऑन दिया हैं। दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज को 17 के स्कोर पर मोहम्मद सिराज ने तेजनारायण चंद्रपॉल (10) को आउटकर भारत को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद 15वें ओवर की तीसरी गेंद पर वॉशिंगटन सुंदर ने ऐलेक ऐथनेज (सात) को बोल्ड कर भारत की झोली में दूसरा विकेट डाल दिया। चायकाल तक वेस्टइंडीज ने दो विकेट के नुकसान पर 35 रन बना लिए थे। चायकाल के बाद बल्लेबाजी करने आए कप्तान शाई होप ने जॉन कैंपबेल के साथ पारी को संभाला तथा तेजी के साथ रन भी बटोरे। दिन का खेल समाप्त होने के समय अपने-अपने अर्द्धशतक पूरे कर बड़े स्कोर की नींव रख दी। वेस्टइंडीज ने 49 ओवर में दो विकेट पर 173 रन बना लिए है। जॉन कैंपबेल (नाबाद87) और शाई होप (नाबाद 66) क्रीज पर मौजूद थे। भारत की ओर दूसरी पारी में मोहम्मद सिराज और वॉशिंगटन सुदंर ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले वेस्टइंडीज ने कल के चार विकेट पर 140 रनों से आगे खेलना शुरु किया। आज सुबह के सत्र में वेस्टइंडीज ने कप्तान शाई होप (36) का विकेट मात्र 16 रन जोड़कर गंवा दिया। उन्हें कुलदीप यादव ने बोल्ड आउट किया। इसके बाद टेविन इमलाक (21) और जस्टिन ग्रीव्स (17) को भी कुलदीप ने अपना शिकार बनाया। जोमेल वारिकन (एक) को मोहम्मद सिराज ने बोल्ड आउट किया। इसके बाद खारी पिएर और एंडरसन ने पारी को संभाला। वेस्टइंडीज ने लंच तक आठ विकेट पर 217 रन बना लिए थे और दोनों बल्लेबाजों के बीच लंच तक नौवें विकेट के लिए 42 रनों की साझेदारी हुई थी। लंच के बाद बल्लेबाजी करने उतरी विंडीज को बुमराह ने पियर (23) को आउटकर भारत को नौवीं सफलता दिलाई।




## मंधाना ने पूरे किए 5000 वनडे रन

**विशाखापत्तनम, वार्ता।** भारतीय महिला टीम की उपकप्तान और स्टार बल्लेबाज स्मृति मंधाना रविवार को आस्ट्रेलिया के खिलाफ धमाकेदार प्रदर्शन किया। उन्होंने 80 रनों की शानदार पारी खेलकर रिर्कार्ड्स की झड़ी लगा दी। बाएं हाथ की बल्लेबाज ने वनडे में 5000 रन पूरे कर लिए और दुनिया में पांचवीं व भारत के लिए ऐसा करने वाली दूसरी बल्लेबाज बन गईं।

बता दें कि, भारत और आस्ट्रेलिया के बीच महिला विश्व कप का 13वां मुकाबला विशाखापत्तनम में खेला जा रहा है। इस मैच में आस्ट्रेलिया की कप्तान एलिसा हीली ने टास जीतकर मेजबानों को पहले बल्लेबाजी का न्योता दिया है। आस्ट्रेलिया के खिलाफ मुकाबले में प्रतिका रावल और स्मृति मंधाना ने भारत को दमदार शुरुआत दिलाई। दोनों के बीच पहले विकेट के लिए 155 रनों की साझेदारी हुई। इस दौरान मंधाना ने 46 और प्रतिका ने 69 गेंदों में अर्द्धशतक पूरे किए।

### संक्षिप्त खेल समाचार

## अभिषेक पाल और सीमा भारतीयों में विजेता बने

**नई दिल्ली, वार्ता।** अभिषेक पाल ने रविवार को वेदांता दिल्ली हाफ मैराथन में तीसरी बार जीत हासिल की, जबकि सीमा ने अपने पहले ही मुकाबले में प्रभावित किया। इंडियन एलीट प्रतियोगिता में अनुभव और उभरती प्रतिभा का प्रदर्शन हुआ, जहां अभिषेक पाल और सीमा ने 4,00,000 रुपये का नकद पुरस्कार जीतकर शीर्ष स्थान हासिल किया। पाल ने पुरुषों की दौड़ में 1:04:17 का समय लेकर जीत हासिल की, जबकि सीमा ने महिलाओं के वर्ग में 1:11:23 का समय लेकर आसानी से जीत हासिल की। यह जीत अभिषेक की दिल्ली हाफ मैराथन में तीसरी जीत थी, जबकि सीमा ने अपने पदार्पण में ही दुनिया की सबसे प्रतिष्ठित हाफ मैराथन में से एक पर तुरंत प्रभाव डालते हुए प्रभावित किया।

## मटाटा व रेंगरुक ने वेंदाता हाफ मैराथन में जीते खिताब

**नई दिल्ली, वार्ता।** अनुभवी केन्याई धावकों एलेक्स न्ज़िओका मटाटा और लिलियन कासैट रेंगरुक ने आज यहां विश्व एथलेटिक्स गोल्ड लेबल रोड रेस, वेदांता दिल्ली हाफ मैराथन के 20वें संस्करण में उल्लेखनीय केन्याई जीत दर्ज करने के लिए अलग-अलग रणनीतियां अपनाईं। इस आयोजन के इतिहास में यह केवल दूसरी बार था जब केन्याई धावकों ने एक ही संस्करण में पुरुष और महिला दोनों वर्ग के खिताब जीते। फ्रांसिस किबिवोट और लिनेथ चेपकुरुई 2006 में ऐसा सम्मान हासिल करने वाले पहले धावक थे। पिछले साल युगांडा के जोशुआ चेप्टेगी के बाद उपविजेता रहे मटाटा ने अन्य धावकों से अलग होकर एकल दौड़ में भाग लिया। इस साल की शुरुआत में आरएके हाफ-मैराथन में 59:20 के व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय के साथ जीत हासिल की।

## क्रिकेट के मैदान में एक और क्रिकेटर की मौत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** यूपी के मुरादाबाद स्थित बिलारी में क्रिकेट मैदान पर खेलते-खेलते एक सीनियर खिलाड़ी की जिंदगी थम गई। रविवार को चल रहे वेटरन क्रिकेट मैच के दौरान 50 वर्षीय अहमर खां की गेंदबाजी करते वक्त हार्ट फेल होने से मौत हो गई।

अहमर मुरादाबाद के एकता विहार कालोनी के रहने वाले थे। साथी खिलाड़ियों के अनुसार अहमर अपनी टीम की ओर से गेंदबाजी कर रहे थे तभी अचानक मैदान पर गिर पड़े। साथी खिलाड़ियों ने तुरंत उन्हें संभाला और अस्पताल पहुंचाया लेकिन डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इस खबर के फैलते ही खेल प्रेमियों में शोक की लहर दौड़ गई। अहमर खां लंबे समय तक दिल्ली के सुहानी क्लब और उत्तर प्रदेश की क्रिकेट टीम से खेल चुके थे। वे राज्य स्तर पर सीनियर क्रिकेटर के रूप में जाने जाते थे और कई मौकों पर मशहूर स्पिनर पीयूष चावला के साथ भी मैदान साझा कर चुके थे। उनके निधन पर खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों ने गहरा दुख जताया है।

अहमर खां अपने पीछे दो बच्चों और पत्नी को छोड़ गए हैं। आखिरी ओवर में संभल को जीत के लिए 18 रन चाहिए थे। अहमर ने आखिरी ओवर फेंकते हुए महज पांच रन दिए और मुरादाबाद की टीम को 13 रन से जीत दिलाई। टीम के सभी खिलाड़ी जीत की खुशी मना रहे थे इसी दौरान अहमर जमीन पर गिर पड़े। इससे पहले की लोग कुछ समझ पाते उनकी मैदान पर ही जान चली गई। मौके पर मौजूद लोग अस्पताल लेकर पहुंचे लेकिन तब तक अहमर की मौत हो चुकी थी।

## चचेरे भाई वाचेरोट और रिंडरकनेच फाइनल मुकाबले के लिए तैयार

**शंघाई, वार्ता।** एटीपी रैंकिंग में 204वें स्थान पर काबिज मोनाको के वैलेंटिन वाचेरोट ने शनिवार को सर्बियाई टेनिस दिग्गज नोवाक जोकोविच को 6-3, 6-4 से हराकर 2025 शंघाई मास्टर्स के फाइनल में प्रवेश किया। इस जीत के साथ, वाचेरोट मास्टर्स 1000 एकल फाइनल में पहुंचने वाले पहले मोनेगास्क खिलाड़ी और पुरुष एकल में शीर्ष-10 खिलाड़ी को हराने वाले पहले खिलाड़ी बन गए। वाचेरोट ने कहा कि मुझे समझ नहीं आ रहा है कि क्या हुआ है, इसलिए मैं इस पर कुछ नहीं कह सकता।यह वाकई अद्‌भुत है। सबसे पहले, कोर्ट के दूसरी तरफ (जोकोविच से) होना एक अविश्वसनीय अनुभव था। मुझे लगता है कि मुझे इस मैच से, उनसे बहुत कुछ सीखने को मिला है।

## कुलदीप यादव अब शीर्ष बाएं हाथ के कलाई के स्पिनरों के क्लब में शामिल



**नई दिल्ली, वार्ता।** कुलदीप यादव जब मैदान पर उतरते हैं, तो बल्लेबाजों के लिए मुसीबतें दूर नहीं होतीं। आज, भारत के बाएं हाथ के कलाई के जादूगर ने दिल्ली टेस्ट के तीसरे दिन अरुण जेटली क्रिकेट स्टेडियम में वेस्टइंडीज को स्तब्ध करते हुए, एक शानदार प्रदर्शन किया। सिर्फ 15 टेस्ट मैचों में, कुलदीप पांच बार पांच विकेट ले चुके हैं, जो दिग्गज जॉनी वार्डल के रिकॉर्ड की बराबरी कर लेते हैं, हालांकि वार्डल ने यह कारनामा 28 मैचों में किया था। अब उनके साथ खेलने वाले खिलाड़ी शीर्ष पर हैं, और कुलदीप इसे सम्मान की तरह मानते हैं। निर्णायक क्षण शानदार अंदाज में आया जब जेडन सील्स एलबीडब्ल्यू आउट हो गए। कुलदीप की चतुराई से छिपाई गई गुगली, बल्ले के पास से फिसली, पैड से टकराई और स्टंप्स को चकनाचूर कर गई। सील्स ने रिव्यू लिया, लेकिन रीप्ले से कोई शक नहीं रहा कि वह आउट हो गए। सटीक। निर्दयी। विशुद्ध कलाकारी। उस विकेट ने कुलदीप के पांच विकेट पूरे कर दिए और हर बल्लेबाज को एक कड़ी चेतावनी दे दी: उनका सामना करना एक ऐसी जंग है जिसे आप हल्के में नहीं ले सकते। सभी फॉर्मेट में, कुलदीप तूफ़ान की तरह हैं। चार टेस्ट मैचों में, उन्होंने 33.8 के स्ट्राइक रेट से 19 विकेट लिए हैं( 19 वनडे मैचों में, 27.3 के स्ट्राइक रेट से 33 विकेट( और टी20 में, नौ मैचों में 12.7 के स्ट्राइक रेट से 17 विकेट। यह किस्मत नहीं है-यह महारत है, कलात्मकता है, इसका पूरा पैकेज है। वेस्टइंडीज ने कोशिश की, उन्होंने सचमुच कोशिश की, लेकिन कुलदीप ने उन्हें हर गेंद पर अंदाज़ा लगाने पर मजबूर कर दिया। फ्लाइट, टर्न, छकाना, सब कुछ उनके पास था। स्टेडियम में तालियां बजीं, टीम ने तालियां बजाईं, और कुलदीप ऐसे चले गए जैसे उन्होंने अभी-अभी यह बयान दिया हो: मैं यहां हूं। मैं घातक हूं। और मैं महान खिलाड़ियों में से एक हूं। टेस्ट में अब भारत का पलड़ा भारी है, और कुलदीप का यह स्पेल उन प्रदर्शनों में से एक के रूप में याद किया जाएगा।

**● सिर्फ 15 टेस्ट मैचों में कुलदीप 5 बार 5 विकेट ले चुके हैं, जो दिग्गज जॉनी वार्डल के रिकॉर्ड की बराबरी कर लेते हैं**

## नामीबिया ने दक्षिण अफ्रीका को हराया

**● नामीबिया ने खेले गए एकमात्र टी-20 मैच में दक्षिण अफ्रीका पर आखिरी गेंद में रोमांचक जीत हासिल की**




**विंडहोक, वार्ता।** रूबेन ट्रम्पेलमैन के हरफनमौला प्रदर्शन (3/28 और 8 गेंदों में 11 रन) और ज़ेन ग्रीन के 23 गेंदों में नाबाद 30 रनों की संयमित पारी की बदौलत, नामीबिया ने शनिवार को विंडहोक में खेले गए एकमात्र टी20 मैच में दक्षिण अफ्रीका पर आखिरी गेंद पर रोमांचक जीत हासिल की। जीत के लिए 135 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए, ग्रीन ने सिमेलाने की आखिरी गेंद पर लो फुलटॉस को स्वीप कर नामीबिया को चार विकेट से जीत दिलाई। 2022 विश्व कप में एडिलेड में नीदरलैंड से हारने के बाद, यह दूसरी बार था जब दक्षिण अफ्रीका किसी एसोसिएट देश से टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में हारा है। पहले बल्लेबाजी करते हुए, दक्षिण अफ्रीका ने पारी की शुरुआत में ही क्विंटन डी कॉक और रीज़ा हेंड्रिक्स के विकेट गंवा दिए। हालांकि, लुआ-ड्रे प्रीटोरियस और रुबिन हरमन ने उस पिच पर पारी को संभाला जहां रन बनाना आसान नहीं था। दोनों ने 30 रन जोड़े, इससे पहले कि ट्रम्पेलमैन ने डीप स्क्वायर लेग पर एक बेहतरीन डाइविंग कैच लपका। जल्दी-जल्दी कुछ और विकेट गिरने से 11वें ओवर में दक्षिण अफ्रीका का स्कोर 5 विकेट पर 68 रन हो गया। जेसन स्मिथ ने निचले क्रम के साथ मिलकर स्कोरिंग गति को बढ़ाया, लेकिन थोड़ी पकड़ और उछाल वाली पिच पर बाउंड्री लगाना मुश्किल था। इसके अलावा, नामीबियाई खिलाड़ियों ने भी अपना अनुशासन बनाए रखा। ब्योर्न फोर्टुइन और गेराल्ड कोएत्ज़ी ने अंत में उपयोगी योगदान देकर दक्षिण अफ्रीका को 130 रनों के पार पहुंचाया, लेकिन अंत में यह पर्याप्त साबित नहीं हुआ। नामीबियाई बल्लेबाजों को भी रन बनाने में थोड़ी परेशानी हुई, लेकिन दक्षिण अफ्रीकी तेज गेंदबाजों, खासकर गेराल्ड कोएत्ज़ी की अनियमित लाइन-अप ने उनकी मदद की, जो अपने दूसरे ओवर की चार गेंदें डालने के बाद कुछ लचता के साथ मैदान से बाहर चले गए। नामीबिया के शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों को रन बनाने में संघर्ष करना पड़ा, लेकिन जब तक दक्षिण अफ्रीका ने अपने पहले तीन विकेट लिए, तब तक नामीबिया ने केवल सात ओवरों में 51 रन बना लिए थे। गेरहार्ड इरास्मस, जेजे स्मिट और जेसन क्रूगर ने बीच के ओवरों में जरूरी मजबूती प्रदान की ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि दक्षिण अफ्रीका को बढ़त न मिले। हालांकि, अंतिम तीन ओवरों में 28 रनों की जरूरत के साथ, नामीबिया के लिए चुनौती अभी भी कठिन थी। ग्रीन और ट्रम्पेलमैन ने एक-एक चौका लगाकर अंतिम ओवर में लक्ष्य 11 रनों तक पहुंचाया।

## रवींद्र जडेजा को अब भी 2027 वनडे विश्व कप खेलने की उम्मीद

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत के शीर्ष ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा ने हाल ही में ऑस्ट्रेलियाई दौरे के लिए टीम में जगह न मिलने के बावजूद 50 ओवरों का विश्व कप जीतने के अपने सपने को नहीं छोड़ा है। दिल्ली में वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच के दूसरे दिन के खेल के समापन पर बोलते हुए, जडेजा ने यह भी पुष्टि की कि चयनकर्ता और नए कप्तान शुभमन गिल ने टीम की घोषणा से पहले ही उन्हें टीम में शामिल न करने के बारे में सूचित कर दिया था। मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर ने कहा कि वे ऑस्ट्रेलिया में एक श्रृंखला के लिए दो बाएं हाथ के स्पिनरों को शामिल नहीं कर सकते और जडेजा ने इसे स्वीकार किया। जडेजा ने अपने वनडे भविष्य पर कहा कि देखिए, यह मेरे हाथ में नहीं है।

मैं खेलना चाहता हूं, लेकिन आखिरकार, टीम प्रबंधन, चयनकर्ता, कोच, कप्तान सोच रहे होंगे कि मैं इस सीरीज में क्यों नहीं हूं। इसके पीछे कोई न कोई वजह जरूर होगी। और उन्होंने मुझसे बात की। ऐसा नहीं है कि जब टीम की घोषणा हुई तो उन्होंने मुझे चौंका दिया कि मैं उसमें नहीं हूं। यह अच्छी बात है कि कप्तान, चयनकर्ता, कोच ने मुझसे बात की और इसके पीछे कोई न कोई वजह जरूर है। पिछले विश्व कप में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आखिरी पड़ाव पर पिछड़ने वाली टीम का हिस्सा रहे जडेजा, जो 2027 में होने वाले टूर्नामेंट के दौरान लगभग 39 साल के हो जाएंगे, को उम्मीद है कि आखिरकार उन्हें ट्रॉफी मिल ही जाएगी। उन्होंने कहा कि जब भी मुझे मौका मिलेगा, मैं वही करने की कोशिश करूंगा जो मैं इतने सालों से करता आ रहा हूं।और विश्व कप जैसे बड़े टूर्नामेंट में, अगर मुझे मौका मिलता है, तो उससे पहले कई वनडे मैच खेलने हैं।




**● रवींद्र जडेजा ने हाल ही में ऑस्ट्रेलियाई दौरे के लिए टीम में जगह न मिलने के बावजूद 50 ओवरों का विश्व जीतने के अपने सपने को नहीं छोड़ा**




## अफगानिस्तान ने बांग्लादेश को 81 रनों से हराया

**● इब्राहिम जादरान ने 95 रनों की बेहतरीन पारी खेली, कप्तान राशिद खान ने पांच विकेट और ओमरजेई ने तीन विकेट लिए**

**अबू धाबी, वार्ता।** इब्राहिम जदरान (95) की बेहतरीन पारी के बाद कप्तान राशिद खान (पांच विकेट) और अजमतउल्लाह ओमरजई (तीन विकेट) की घातक गेंदबाजी के दम पर अफगानिस्तान ने बांग्लादेश को दूसरे एकदिवसीय मुकाबले में 81 रनों से हरा दिया है। इसी के साथ अफगानिस्तान ने तीन मैचों की सीरीज में 2-0 से अजेय बढ़त बना ली हैं। 190 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी बांग्लादेश को ओमरजई और राशिद खान के कहर का सामना करना पड़ा। अफगानिस्तान के गेंदबाजी आक्रमण के आगे बांग्लादेश की पारी टीम 28-3 ओवरों में 109 के स्कोर पर ढ़ेर हो गई। अफगानिस्तान ने 81 रनों से यह मुकाबला जीत लिया। मोतौहीद हृदोय ने बांग्लादेश के लिए सर्वाधिक 24 रन बनाए। इसके आलवा सैफ हसन (22), जाकेर अली (18) और नरुल हसन (15) दहाई आंकड़े वाले बल्लेबाज रहे। अफगानिस्तान के इब्राहिम जदरान को उनकी 95 रनों की शानदार पारी के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' से नवाजा गया। अफगानिस्तान के लिए राशिद खान ने पांच विकेट लिए। अजमतउल्लाह ओमरजई को तीन विकेट मिले। नांगेलिया खरोटे ने एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले अफगानिस्तान ने शनिवार रात खेले गए मुकाबले में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी अफगानिस्तान को बांग्लादेश के गेंदबाजों ने 44.5 ओवरों में 190 के स्कोर पर समेट दिया। इब्राहिम जदरान ने अफगानिस्तान के लिए 95 रनों की महत्वपूर्ण पारी खेली। उन्होंने अपनी इस धैर्यपूर्ण पारी 140 गेंदों का सामना किया तथा तीन चौके और एक छक्का भी लगाया। मोहम्मद नबी (22), एएम गजनफर (22), नांगेलिया खरोटे (13) और रहमान उल्लाह गुरबाज (11) दहाई आंकड़े वाले बल्लेबाजों में शामिल रहे। बांग्लादेश के लिए मेंहदी हसन मिराज ने तीन विकेट लिए।

## पेगुला ने सबालेंका को हराया

**● फाइनल में पेगुला का सामना हमवतन कोको गॉफ से होगा जिन्होंने पहले सेमीफाइनल में इटली की जैस्मिन को हराया था**

**वुहान, वार्ता।** जेसिका पेगुला ने एक सेट से पिछड़ने के बाद संघर्ष किया और कई मैच पॉइंट बचाकर शनिवार को शीर्ष वरीयता प्राप्त आर्यना सबालेंका को 2-6, 6-4, 7-6(2) से हराकर वुहान ओपन के फ़ाइनल में प्रवेश किया और बेलारूसी खिलाड़ी के टूर्नामेंट में 20 मैचों के जीत के सिलसिले को भी तोड़ दिया।

रविवार के फ़ाइनल में, पेगुला का सामना हमवतन कोको गॉफ से होगा, जिन्होंने पहले सेमीफाइनल में इटली की जैस्मीन पाओलिनी को 6-4, 6-3 से आसानी से हराया था। सबालेंका शुरुआत में पूरी तरह से नियंत्रण में दिखीं और उन्होंने अपनी विशिष्ट बेसलाइन आक्रामकता से पेगुला को परास्त कर पहला सेट 6-2 से जीत लिया। पेगुला ने दूसरे सेट में फिर से वापसी की और निर्णायक मौके पर ब्रेक लेकर मैच बराबरी पर ला दिया। निर्णायक सेट सबालेंका के पक्ष में जाता दिख रहा था जब उसने 5-2 की बढ़त बना ली, लेकिन पेगुला ने शानदार वापसी की और लगातार चार गेम जीतकर 6-5 से आगे हो गई। सबालेंका ने टाईब्रेकर करवाया, लेकिन पेगुला ने 7-2 से जीत हासिल कर ली और दो घंटे से ज़्यादा चले कड़े मुकाबले के बाद जीत पक्की कर ली।

पेगुला ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि मुझे अपने राज़ बताना पसंद नहीं। लेकिन मैं लगातार उसके पैटर्न के बारे में सोचती रहती हूं - बड़े पॉइंट्स पर उसे क्या करना पसंद है, वह कहां सर्विस करना चाहती है, कब वह दिशा बदलने की कोशिश करती है। मुझे ऐसा लगता है जैसे मैं कोर्ट से बाहर हूं, मुझे पता है कि उसे कहां स्लाइस या ड्रॉप शॉट लगाना पसंद है।

# आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां समाज की अग्रिम पंक्ति की योद्धा: रामवीर सिंह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मूढ़ापांडे।** ब्लॉक सभागार मुंडापांडे में महिला एवं बाल विभाग विकास और पंचायती राज विभाग द्वारा आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों, सहायिकाओं, पंचायत सहायकों और रोजगार सेवकों का सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें कुंद. रकी विधायक ठाकुर रामवीर सिंह मुख्य अतिथि रहे।

कुंदरकी विधायक ने ग्रामीण स्तर पर उत्कृष्ट सेवा दे रहे सभी आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों, सहायिकाओं, पंचायत सहायकों और रोजगार सेवकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया साथ ही मिष्ठान, उपहार और देसी घी देते हुए रोशनी के पवन पर्व दीपावली की शुभकामनाएं प्रदान की। कुंदरकी विधायक ठाकुर रामवीर सिंह ने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां समाज की जड़ तक पहुंच रखने वाली अग्रिम पंक्ति की योद्धा हैं। जिनके प्रयासों से ही मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य में वास्तविक सुधार संभव है। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता वास्तव में 'हर घर की पहली दुआ' और 'गांव में बच्चों के पहले कदमों की मार्गदर्शक' हैं। उन्होंने नवजात शिशुओं के पोषण, टीकाकरण, गर्भवती माताओं को अस्पताल पहुंच. ाने, और स्वास्थ्य सेवाओं के प्रसार में उनकी अहम भूमिका की सराहना की। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख डॉ नवदीप यादव, मंडल अध्यक्ष नीरज चंद्रा, मंडल अध्यक्ष महेंद्र सैनी, सुप. रवाइजर शकुंतला देवी, रोजगार सेवक संघ जिला अध्यक्ष राजपाल प्रजापति, ब्लॉक अध्यक्ष सतीश प्रजा. पति, मोहित चौहान, मोहन लाल सैनी, नरेंद्र माथुर, चंद्रभान सैनी, मोहम्मद कय्यूम, अशोक प्रजापति, रोहित सिंह, परशुराम सैनी, चिराग अली, नूरी मौलाना, रामकिशोर लोधी सहित सभी आंगनबाड़ी कार्यकत्रियाँ, पंचायत सहायक एवं रोजगार सेवक उपस्थित रहे।



इस मौके पर, इरफान जहाँ, सविता शर्मा, सुसीला देवी, आदि आंगनबाड़ी कार्यकर्ती उपस्थिति रहे।

## मंडी चौक में जाम की समस्या: प्रशासन की उदासीनता

**मुरादाबाद ( शाह टाइम्स, ब्यूरो )।** मंडी चोक मुरादाबाद का एक व्यस्ततम क्षेत्र है, जहां पांच इंटर कॉलेज और विजनिश सैंटर होने के कारण यहां पर जाम की समस्या आम है। इसके बावजूद भी एस कुमार चौराहे और मंडी चोक अमरोहा गेट पर ट्रैफिक पुलिस की अनुपस्थिति के कारण जनता को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। मंडी चोक में जाम की समस्या का मुख्य कारण ट्रैफिक पुलिस की अनुपस्थिति है।

एस कुमार चौराहे और मंडी चोक अमरोहा गेट पर ट्रैफिक पुलिस नहीं होने के कारण वाहन चालक ट्रैफिक नियमों का पालन नहीं करते हैं और जाम की स्थिति उत्पन्न होती है। इस समस्या का समाधान करने के लिए प्रशासन को एस कुमार चौराहे और मंडी चोक अमरोहा गेट पर ट्रैफिक पुलिस की तैनाती करनी चाहिए। इससे वाहन चालक ट्रैफिक नियमों का पालन करेंगे और जाम की स्थिति में सुधार होगा। मंडी चोक में जाम की समस्या एक गंभीर मुद्दा है, जिसका समाधान प्रशासन को करना चाहिए। ट्रैफिक पुलिस की तैनाती से इस समस्या का समाधान हो सकता है और जनता को राहत मिल सकती है।

## विधायक ने जिला अधिकारी को पत्र भेज कर की भूमि उपलब्ध कराने की मांग

**कांठ( शाह टाइम्स )** क्षेत्रीय विधायक कमाल अख्तर ने नगर पंचायत पाकवाड़ा के लोगों की पेयजल समस्या दूर करने के लिए जिला अधिकारी को पत्र भेज कर सरकारी भूमि उपलब्ध कराने की मांग उठाई।

उन्होंने बताया कि अधिशासी अधिकारी द्वारा उक्त समस्या उनके समक्ष रखी गई उन्होंने बताया कि नगर पंचायत बनने के बाद भी यहां की पेयजल व्यवस्था बहुत खराब है। यहां ट्यूबवेल और टँकी निर्माण की सख्त आवश्यकता है जिसके लिए भूमि की उपलब्धता जरूरी है। उन्होंने जिला अधिकारी से कहा कि जनमानस की सुविधा को ध्यान में रखते हुए उन्हें भूमि उपलब्ध कराई जाए और यदि सरकारी भूमि उपलब्ध न हो तो फिर नगर पंचायत अपने स्तर से जमीन खरीद कर टंकी का निर्माण कराए। उन्होंने जिलाधिकारी से इस कार्य को शीघ्र ही कराए जाने की उम्मीद भी जताई है।

## महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम को विश्वविद्यालय ने दिए कॉलेजों को निर्देश

**चन्दौसी।** गुरु जम्भेश्वर यूनिवर्सिटी मुरादाबाद से सम्बद्ध कॉलेजों में महिला सशक्तिकरण के तहत कार्यक्रमों का आयोजन कर उनकी रिपोर्ट (लोडिंग) करने के निर्देश पूर्व में जारी किए गए थे लेकिन यूनिवर्सिटी को कुछ कॉलेजों के प्राचार्यों द्वारा यह शिकायत प्राप्त हुई है कि कई महाविद्यालयों में ऐसे कार्यक्रम अब तक आयोजित नहीं किए गए हैं।


इस संबंध में एस.एम. कॉलेज चन्दौसी के प्राचार्य डा. दानवीर यादव ने कुलपति को औपचारिक शिकायत भेजी है, जिसमें बताया गया है कि कॉलेज प्रशासन द्वारा शासनादेश की अनदेखी की जा रही है। कुलपति ने सभी सम्बद्ध कॉलेजों को निर्देशित किया है कि वे शासनादेश के अनुसार महिला सशक्तिकरण पर जागरूकता कार्यक्रम अनिवार्य रूप से आयोजित करें, उनकी गतिविधियाँ पोर्टल पर लोड कर रिपोर्ट विश्वविद्यालय को भेजें, अन्यथा संबंधित कॉलेजों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

## स्वतंत्रता सेनानी भवन में आयोजित हुआ राष्ट्रीय साहित्य समारोह



**मुरादाबाद।** युवा उत्कर्ष साहित्यिक मंच उत्तर प्रदेश इकाई, महाराजा हरिश्चंद्र स्नातकोत्तर महाविद्यालय मुरादाबाद एवं साहित्यिक मुरादाबाद के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित तृतीय राष्ट्रीय साहित्य समारोह 2025 साहित्यिक गरिमा के साथ संपन्न हुआ। समारोह का आयोजन युवा उत्कर्ष साहित्यिक मंच के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार सिंह 'श्रेयस' के संयोजन में किया गया, जिसमें उत्तर प्रदेश के अलावा मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और नई दिल्ली से पधारे नामचीन साहित्यकारों ने सहभागिता की।कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं मां सरस्वती की वंदना से हुआ। लखनऊ से आए प्रसिद्ध गीतकार मनीष मगन ने सरस्वती वंदना की प्रस्तुति दी। उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता युवा उत्कर्ष साहित्यिक मंच के केंद्रीय अध्यक्ष रामकिशोर उपाध्याय ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय हिंदी संस्थान आगरा के अध्यक्ष डॉ. राम बहादुर मिश्र उपस्थित रहे।अति विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. राजेश श्रीवास्तव, महेंद्र भीष्म, डॉ. महेश दिवाकर, डॉ. मनोज रस्तोगी, डॉ. जयप्रकाश तिवारी, डॉ. संदीप बडोला, डॉ. कविता कुमारी सहित अनेक साहित्यकारों ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम में स्वागताध्यक्ष की भूमिका डॉ. काव्य सौरभ जैमिनी ने निभाई, जिन्होंने सभी अतिथियों का स्वागत किया।कार्यक्रम के प्रथम चरण में राजेश कुमार सिंह 'श्रेयस' के शीघ्र प्रकाश्य उपन्यास 'अचानक डूबता सूरज उग आया' के आवरण पृष्ठ का विमोचन किया गया, जिसे उपस्थित साहित्यकारों ने सराहा। तीन सत्रों में संपन्न इस आयोजन में देश के वरिष्ठ और नवोदित रचनाकारों ने अपनी रचनाओं का पाठ किया तथा विचार साझा किए।सत्रों में महाकवि जयशंकर प्रसाद, प्रवासी साहित्यकार रामदेव धुरंधर (मॉरीशस), डॉ. विश्व अवतार जैमिनी, और डॉ. मक्खन मुरादाबादी के साहित्य पर परिचर्चा हुई। इसके साथ ही युवा उत्कर्ष साहित्यिक मंच ने इस वर्ष भी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए दो हिंदी शोधार्थियों ख्र दुष्यंत कुमार और शिव शरण द्विवेदी को सम्मान एवं प्रतिभाग प्रमाण पत्र प्रदान किए।साहित्यिक संवाद, सम्मान और रचनात्मक ऊर्जा से ओतप्रोत यह आयोजन मुरादाबाद की सांस्कृतिक पहचान को नई ऊँचाइयाँ देता नजर आया।

## आईएमए के नवनिर्वाचित अध्यक्ष डॉ. सी.पी. सिंह ने आयोजित की दीपावली मीटिंग



**मुरादाबाद।** आईएमए के नवनिर्वाचित अध्यक्ष डॉ. सी.पी. सिंह ने एक भव्य प्रेसिडेंशियल डिनर और दिवाली मीटिंग का आयोजन किया। इस अवसर पर आईएमए परिवार और शहर के प्रतिष्ठित सदस्य उपस्थित थे। मीटिंग का मुख्य उद्देश्य लोगों के साथ बातचीत करना, दिवाली की शुभकामनाएं देना और आईएमए की गतिविधियों के प्रति जागरूकता बढ़ाना था।

यह आयोजन आईएमए की जीबीएम के बाद किया गया था।मीटिंग के मुख्य सहयोगी डॉ. सत्यवीर सिंह चौहान (ऑन्को केयर, जोया) थे, जिन्होंने इस आयोजन को स्पॉन्सर किया।इस अवसर पर आईएमए के समस्त पदाधिकारी उपस्थित थे, जिनमें डॉ. गिरजेश कैन, सचिव, आईएमए,डॉ. विभोर जैन,डॉ. राजेश सिंह,डॉ. पूनम सिंह,डॉ. मंजेश राठी, चेयरमैन, सीएमई आईएमए,डॉ. सुषमा राठी,डॉ. रवि गंगवार,डॉ. सुभाष सिंह,डॉ. सुनील सिंह,डॉ. किशन वासने,डॉ. मुकेश कुमार,डॉ. मुकेश राखजादा,डॉ. बबीता गुप्ता,डॉ. नीरज गुप्ता,डॉ. मुकेश सक्सेना,डॉ. गोपेश, डॉ. सुधीर मित्तल यह आयोजन आईएमए की गतिविधियों को बढ़ावा देने और सदस्यों के बीच संवाद स्थापित करने के उद्देश्य से किया गया था। इस अवसर पर डॉ. सी.पी. सिंह ने अपने नवनिर्वाचित अध्यक्ष के रूप में अपने विचार साझा किए और आईएमए के सदस्यों के साथ बातचीत कीं।

## भारत विकास परिषद् ने किया समूहगान प्रति. का आयोजन

### प्रतिभागियों की प्रस्तुतियों ने मंत्रमुग्ध किया दर्शकों को



**चन्दौसी।** रविवार को साहू झुन्नी लाल धर्मशाला में भारत विकास परिषद, चन्दौसी शाखा के तत्वावधान में प्रांतीय स्तर की राष्ट्रीय समूहगान प्रतियोगिता का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। प्रतियोगिता में प्रांत की 06 शाखाओं की टीमों ने भाग लिया। प्रतिभागी टीमों में चन्दौसी शाखा की ए एम वर्ल्ड स्कूल, बिलासपुर शाखा की आर ए एन पब्लिक स्कूल, मुरादाबाद मैत्री की पीएमएस पब्लिक स्कूल, मुरादाबाद तेजस की नोजगे सीनियर सेकेंडरी स्कूल, मुरादाबाद मैन की स्प्रिंगफील्ड स्कूल, और रामपुर मुख्य की आनंद कान्वेंट स्कूल शामिल थीं। प्रतियोगिता दो राउंड–हिंदी और संस्कृत में आयोजित की गई। सभी टीमों की प्रस्तुतियों ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध और भावविभोर कर दिया। निर्णायक मंडल के निर्णय अनुसार, बिलासपुर की आर ए एन पब्लिक स्कूल की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, चन्दौसी की ए एम वर्ल्ड स्कूल और मुरादाबाद की मैत्री स्कूल की पीएमएस पब्लिक स्कूल ने द्वितीय स्थान साझा किया, और मुरादाबाद मैन की स्प्रिंगफील्ड स्कूल ने तृतीय स्थान हासिल किया। निर्णायक मंडल में डॉ. दिशा भटनागर, आदर्श कुमार भटनागर (मुरादाबाद) और प्रवीण मिश्रा (चन्दौसी) शामिल थे। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि राज्यमंत्री गुलाब देवी और विशिष्ट अतिथि कृष्ण गोपाल मंगलम रहे। कार्यक्रम का संचालन शाखा सचिव विपिन कुमार और प्रांतीय संयोजक संस्कार गौरव अग्रवाल ने संयुक्त रूप से किया, जबकि अध्यक्षता प्रभात कृष्णा ने की। राज्य मंत्री गुलाबदेवी ने अपने उदबोधन में कहा कि भारत विकास परिषद अपने पांच प्रकल्प संपर्क, सहयोग, संस्कार, सेवा और समर्पण के माध्यम से विभिन्न प्रतियोगिताओं और कार्यक्रमों के द्वारा बच्चों में संस्कार और राष्ट्रप्रेम की भावना विकसित कर रहा है। कार्यक्रम में शाखा अध्यक्ष प्रभात कृष्णा, शाखा सचिव विपिन कुमार, संयोजक संस्कार अभिषेक गुप्ता, संयोजक संपर्क प्रवीण गुप्ता एड0, संयोजक पर्यावरण भावना गुप्ता, संयोजिका महिला सहभागिता डॉ. सुमन गुप्ता और अन्य गणमान्य सदस्य एवं समा. जसेवी उपस्थित रहे।

इस प्रतियोगिता ने न केवल छात्र–छात्राओं में कला और संगीत की रुचि को बढ़ावा दिया, सांस्कृतिक मूल्यों को भी उजागर किया।

## जिले में 13 केन्द्रों पर हुई पीसीएस प्रारंभिक परीक्षा

**चन्दौसी।** जनपद के कुल 13 परीक्षा केन्द्रों पर रविवार को पीसीएस प्रारंभिक परीक्षा–2025 सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराई गई। परीक्षा को निष्पक्ष और पारदर्शी बनाने के लिए इस बार प्रशासन ने अभूतपूर्व और हाई–टेक तैयारियाँ की थीं। परीक्षा की निगरानी के लिए पहली बार आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) तकनीक का प्रयोग किया गया। साथ ही केन्द्रों पर लगाए गए ऑडियो एनालिटिक्स और मूवमेंट डिटेक्शन युक्त आधुनिक सीसीटीवी कैमरे अभ्यर्थियों की हर गतिविधि पर बारीकी से नजर रखते रहे। इससे किसी भी प्रकार की गड़बड़ी या अनुचित गतिविधि की संभावना पूरी तरह समाप्त हो गई। परीक्षा दो पालियों में आयोजित की गई–प्रथम पाली सुबह 9:30 से 11:30 बजे तक तथा द्वितीय पाली दोपहर 2:30 से 4:30 बजे तक। प्रत्येक केन्द्र पर पर्यवेक्षकों, स्टेटिक मजिस्ट्रेटों और पुलिस बल की विशेष तैनाती रही। परीक्षा के दौरान सभी केन्द्रों पर व्यवस्था चाक–चौबंद रही और किसी भी केन्द्र से अनियमितता की कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई। अभ्यर्थी निर्धारित समय से पहले परीक्षा केन्द्रों पर पहुँच गए थे।

# विधायक रामवीर ने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं सहायिकाओं को किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कुंदरकी।** ब्लॉक सभागार कुंदरकी में महिला एवं बाल विभाग विकास द्वारा आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों एवं सहायिकाओं का सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया ,जिसमें कुंदरकी विधायक ठाकुर रामवीर सिंह मुख्य अतिथि रहे।




कुंदरकी विधायक ने ग्रामीण स्तर पर उत्कृष्ट सेवा दे रही सभी आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों एवं सहायिकाओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया साथ ही उनको मिष्ठान, उपहार और देसी घी देते हुए रोशनी के त्यौहार दीपावली की शुभकामनाएं प्रेषित की। ठाकुर रामवीर सिंह ने बाल विकास एवं महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में कार्यकत्रियों के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र गाँव के विकास की पहली पाठशाला हैं। एक सशक्त कार्यकत्री ही स्वस्थ, शिक्षित और सक्षम समाज की नींव रखती है।

प्रदेश सरकार बच्चों और माताओं के स्वास्थ्य एवं पोषण सुधार के लिए लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की तमाम योजनाओं का प्रभाव तभी दिखेगा, जब इन्हें गाँव–गाँव तक पहुंचाने का जिम्मा निभाने वाली आंगनबाड़ी कार्यकत्रियाँ अपने कार्य को इसी तरह पूरी निष्ठा से करती रहेंगी। विधायक ने विभाग में संचालित अन्य योजनाये जैसे पोषाहार वितरण, हाट कुक मील ,आंगनबाड़ी केंद्र पर आने वाले 3–6 वर्ष के बच्चों की शिक्षा पर चर्चा की। कार्यक्रम में गर्भवती महिलाओं को चुनरी ओढ़ाकर और टीका लगाकर महिलाओं की गोद भराई की रस्म भी की गई।

गर्भवती महिलाओं को उपहार स्वरूप पोषण पोटली भी वितरित की गई। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि गुलाम जिलानी, मेंहदी हसन, मंडल अध्यक्ष संजय कश्यप, बबलू जाटव, आंगनबाड़ी यूनियन उपाध्यक्ष शमीम चौधरी, रविता चौधरी, विनीता गंगवार, निशा चौधरी, अतुल, नूरी मौलाना, इरशाद, अरविंद ठाकुर, पप्पू राजप. ूत, संजय, नरेश सैनी, मजलूम पाशा सहित सभी आंगनबाड़ी कार्यकत्रियाँ उपस्थित रहीं।

# नगरपालिका अध्यक्ष लता वार्ष्णेय ने किया सेल्फी प्वाइंट का लोकार्पण



**चन्दौसी।** नगर को और आकर्षक बनाने तथा शहरवासियों में स्थानीय गौरव की भावना जगाने के उद्देश्य से चन्दौसी नगरपालिका ने एस.एम. इंटर कॉलेज के गेट के निकट 'आई लव चन्दौसी' लिखे सेल्फी प्वाइंट को सुसज्जित इलेक्ट्रॉनिक्स रुप से रंग–बिरंगी रोशनी से सजाया। इस भव्य सजावट का लोकार्पण नगरपालिका अध्यक्षा लता वार्ष्णेय द्वारा किया गया। लोकार्पण के अवसर पर नगरपालिका अधिशासी अधिकारी धर्मराज राम, सभासदगण एवं पालिकाकर्मी व बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

पालिकाध्यक्षा लता वार्ष्णेय ने कहा कि यह पहल केवल शहर की सुंदरता बढ़ाने के लिए नहीं, बल्कि लोगों में अपने शहर के प्रति लगाव और गौरव की भावना बढ़ाने के लिए की गई है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे अपने शहर को साफ–सुथरा और सुंदर बनाए रखने में सहयोग करें। इस अवसर पर नगरवा. सियों ने रोशनी और सजावट का जमकर आनंद लिया। उन्होंने आई लव चन्दौसी के सामने फोटो खिंचवाए और सोशल मीडिया पर साझा कर शहर की इस पहल का उत्साहपूर्वक स्वागत किया।

## हेल्पलाइन सेवाओं की दी जानकारी

**चन्दौसी।** उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं/बालिकाओं के सुरक्षार्थ व स्वालंबन हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान (फेज–5.0) के तहत पुलिस अधीक्षक जनपद सम्भल कृष्ण कुमार व अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी) जनपद सम्भल अनुकृति शर्मा के निर्देशन में मिशन शक्ति फेज–5.0 के अंतर्गत थाना हजतनगर गढ़ी पुलिस द्वारा राजरानी सरस्वती विद्या मंदिर विद्यालय ग्राम हजरतनगर गढ़ी में जागरूकता कार्यक्रम के दौरान छात्र/ छात्राओं और शिक्षकों के साथ महिलाओं के अधिकारों समाज में उनकी भूमिका को सशक्त बनाने के लिए उन्हें शिक्षा का अधिकार, बाल विवाह निषेध व बाल श्रम अपराध, लैंगिक समानता के बारे में जागरूक रैली का आयोजन किया गया। हेल्पलाइन नंबरों 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 1090 वीमेन पावर लाइन, 181 वीमेन हेल्पलाइन, 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 102 गर्भवती महिलाओं एवं नवजात शिशुओं के लिए एंबुलेंस हेल्पलाइन, 108 एम्बुलेंस सेवा, 1098 चाइल्ड लाइन, 101 अग्निशमन सेवा व 1930 साइबर हेल्पलाइन के सम्बन्ध में के संबंध में पंपलेट और होर्डिंग बैनर के माध्यम से विस्तृत जानकारी दी गई।

## एक नजर

### पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट में निरुद्ध चार लोगों को गिरफ्तार कर किया चालान



**कांठ ( शाह टाइम्स )।** पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट में निरुद्ध किए गए चार लोगों को गिरफ्तार किया और उनका चालान कर दिया। बताया गया कि अपराधिक गतिविधियों में संलिप्त रहने वाले कुछ लोगों के खिलाफ पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट का मुकदमा दर्ज किया था।

जिनमें से अनुराग पुत्र सुभाष चन्द, सुभाष चन्द पुत्र गंगा प्रसाद सिंह निवासीगण खूंटखेडा थाना कांठ, ओमवीर सिंह पुत्र तेजपाल सिंह निवासी ग्राम मझरा मिश्रीपुर थाना कांठ और आलोक पुत्र विजेन्द्र निवासी मेवला थाना स्यौहारा जिला बिजनौर को गिरफ्तार करके चलन किया है।

### हेडमौर्य डेस्क की सीलिंग गिरी बाल-बाल बचा स्टाफ



**मूंढापांडे।** थाने में बने हेड मौर्य डेस्क रूम की अचानक सीलिंग भरभरा गिर गई, बंदी गृह के पहरेदार ने कहा कि रविवार सुबह के समय रूम में एक या दो ही कर्मचारी थे, उसी दौरान सीलिंग अचानक गिर गई, जिसमें दबने से पुलिस कर्मी बाल बाल बच गए।

हेड रूम का सामान लैपटॉप रजिस्टर आदि बंदी गृह के बराबर वाले कमरे में रखे गए हैं, थाने के हेड रूम का कमरा 1926 में बना हुआ है, जिसकी छत जर्जर हो चुकी है, जिसकी वजह से सीलिंग नीचे गिर गई।

### सुभासपा से मुजस्सिम ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त



**मूंढापांडे।** सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष रवि चौधरी जन चौपाल के कार्यक्रम में मूंढापांडे के दौलतपुर गांव पहुंचे और पार्टी का विस्तार किया। जिलाध्यक्ष रवि चौधरी ने पूर्व सरकार के विधायकों पर आरोप लगाया। कहा– विधायक रहे लोगों ने क्षेत्र में कोई कार्य नहीं कराया। हमें लोगों ने जानकारी दी है उनकी समस्याओं के निस्तारण के लिए भाजपा विधायक रामवीर सिंह को अवगत कराया जाएगा। यदि उनके द्वारा भी समस्या का निस्तारण नहीं होता है तो सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी स्वयं निस्तारण कराएगी। ग्रामीणों की पंचायतराज से संबंधित समस्या है और यह विभाग भी हमारे पास है। इतना ही नहीं उन्होंने समाजवादी पार्टी पर परिव. ादवाद का आरोप भी लगाया। समाजवादी पार्टी यादव को छोड़कर मुस्लिम नेता को मुख्यमंत्री बनाने की घोषणा करे तो सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी अपना समर्थन देने को तैयार है।

कार्यक्रम में मुजस्सिम को मूंढापांडे ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त किया गया। ब्लॉक अध्यक्ष मुजस्सिम ने ईमानदारी से पार्टी के प्रति कार्य करने की शपथ ली। इस दौरान एड. मो युनुस ,ऋतिक ठाकुर ,आरिफ अनेक लोग मौजूद रहे।

### मिशन शक्ति/एंटी रोमियो अभियान के तहत सम्भल में गोष्ठी आयोजित

**चन्दौसी।** मिशन शक्ति 5.0/एंटी रोमियो अभियान के तहत जनपद संभल में गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान सहायक पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी संभल आलोक कुमार द्वारा छात्राओं को गोष्ठी में संबोधन किया गया किया तथा बच्चों के सभी प्रश्नों का उत्तर दिया गया। उक्त गोष्ठी में क्षेत्राधिकारी आलोक कुमार, थाना प्रभारी संभल गजेंद्र सिंह, मिशन शक्ति प्रभारी राखी चौधरी, चौधरी सराय चौकी प्रभारी उ0नि0 संदीप, हल्का देहात प्रभारी उ0नि0 कुलदीप सिंह एवं अन्य विभाग शिक्षा विभाग चिकित्साआद उपस्थित रहे।

गोष्ठी में छात्राओं को उनके अधिकारों समाज में उनकी भूमिका को सशक्त बनाने के लिए उन्हें शिक्षा का अधिकार, बाल विवाह निषेध व बाल श्रम अपराध, लैंगिक समानता के बारे में जागरूक किया गया और उन्हें समझाया गया कि मुख्यमंत्री के द्वारा शुरू की गई इस पहल का उद्देश्य न केवल महिलाओं को उनकी सुरक्षा, सम्मान व स्वास्थ्य बारे में जागरूक करना है बल्कि उन्हें सशक्त बनाकर समाज में सकारात्मक बदलाव भी लाना है एवं उनको विभिन्न हेल्पलाइन नंबरो/योजनाओं की जानकारी दी गयी।

### मिलन समारोह में समाज की एकता और सहयोग पर जोर

**चन्दौसी।** वैश्य समाज उत्तर प्रदेश संगठन के तत्वावधान में बिहारी लाल आरोग्य सदन, चन्दौसी में एक भव्य मिलन समारोह का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में जिले एवं नगर के पदाधिकारी, सदस्यगण और समाजसेवी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भुवनेश वार्ष्णेय और राहुल अग्रवाल रहे जबकि समारोह की अध्यक्षता दीपेश गुप्ता (जिला मंत्री, रोटरी क्लब चन्दौसी अमन के अध्यक्ष एवं एक्सेल कंप्यूटर चन्दौसी के स्वामी) ने की। समारोह में वक्ताओं ने वैश्य समाज में आपसी एकता, भाईचारे और सहयोग की भावना को सशक्त बनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि संगठित समाज ही सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक प्रगति का आधार है। समाज के हर सदस्य को एक–दूसरे की सहायता और सम्मान की भावना के साथ आगे बढ़ना चाहिए।

इस अवसर पर नगराध्यक्ष प्रतीक अग्रवाल, नगर कोषाध्यक्ष विकास मेंथा, तथा लोकेश वार्ष्णेय, तुषार वार्ष्णेय, वीरेश अग्रवाल, मुकेश अग्रवाल, अभिजीत, मानव, लवित वार्ष्णेय आदि गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।

### कुढ़फतेहगढ़ में गली–गली विद्युत पोल पर एलईडी बल्ब लगे

**चन्दौसी/कुढ़फतेहगढ़।** ब्लॉक बनियाखेड़ा की ग्राम पंचायत कुढ़फतेहगढ़ में दीवाली से पहले ही उजाला फैल गया है। ग्राम प्रधान पति हरवीर सिंह उर्फ पप्पू यादव के प्रयासों से गांव के प्रत्येक विद्युत पोल पर एलईडी बल्ब लगाकर पूरे गांव को रोशन कर दिया गया है। रात के समय पोलों पर जलते बल्बों से गलियां और रास्ते जगमगा उठे हैं, जिससे ग्रामीणों को आवागमन में सहूलियत मिल रही है तथा चोरी–उचक्के जैसी घटनाओं पर भी अंकुश लग गया है। ग्राम प्रधान पति हरवीर सिंह ने बताया कि पहले गांव की गलियों में अंधेरा रहने से ग्रामीणों को रात में आवाजाही में काफी कठिनाई होती थी। इस समस्या को देखते हुए गांव के सभी विद्युत पोलों पर एलईडी बल्ब लगवाकर अब गांव को बिजली के उजाले से जगमग कर दिया गया है। ग्रामीणों ने गांव में की गई इस पहल की सराहना करते हुए ग्राम प्रधान को धन्यवाद दिया।

# सम्पादकीय

**सोमवार, 13 अक्टूबर 2025**

## पाक की बेचैनी

इस समय अफगानिस्तान के विदेश मंत्री सात दिवसीय भारत के दौरे पर आए हुए हैं। इस बीच ऐसी भी खबरें आ रही हैं कि पाक व अफगानिस्तान के बीच बढ़ते तनाव को लेकर इशारा करती है। पाकिस्तान ने अफगानिस्तान में काफी अंदर घुसकर तहरीके तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) पर सर्जिकल स्ट्राइक की है। जाहिर है टीटीपी पर सर्जिकल स्ट्राइक तो एक बहाना लगती है असल मकसद इसके पीछे कुछ और लगता है। लगता है कि पाकिस्तान अफगानिस्तान के साथ भारत की बढ़ती नजदीकी को पचा नहीं पा रहा है। हालांकि टीटीपी और पाक के बीच संघर्ष कोई नया नहीं है। टीटीपी को हमेशा पाकिस्तान अपने लिए खतरा मानता है और वह यह आरोप भी लगाता रहता है कि उसको शह अफगानिस्तान से मिल रही है। ताजा मामले में भी यही कह रहा है कि टीटीपी के विरुद्ध सैन्य कार्रवाई की है। इसी तरह अफगानिस्तान के विदेश मंत्री ने नई दिल्ली में पत्रकारों के सामने विस्तार से बात की है। मुत्ताकी ने पाक पर आरोप लगाया और कहा कि उसने खुद ही अपने कबालाई इलाकों में सैन्य अभियान चलाकर हजारों लोगों को बेघर किया था, जिनमें से कई शरणार्थी के रूप में अफगानिस्तान में रह रहे हैं। मुत्ताकी ने बताया कि ये लोग पाक से आए हैं और अफगान धरती पर शरणार्थी बनकर रह रहे हैं और ये लोग तब आए थे जब अमेरिका और उसकी समर्थित सरकार अफगानिस्तान में थी, तब इन्हें जगह दी गई थी और अब ये लोग हमारी देखरेख में शांति से रह रहे हैं। मुत्ताकी का यह भी कहना था कि पाकिस्तान अफगान सीमा जिसे ड्यूरंड लाइन के नाम से भी जाना जाता है, 2400 किमी से ज्यादा लंबी है और इसको नियंत्रित करना आसान नहीं है। उन्होंने याद दिलाया कि न इसे चंगेज खां नियंत्रित कर सका और न ही अंग्रेज। इसको ताकत के बलबूते नहीं संभाला जा सकता। उन्होंने चेतावनभरे लफ्ज में कहा कि पाक के पास बड़ी फौज और बेहतरीन खुफिया एजेंसी हैं फिर भी वे इसे खुद क्यों नहीं रोक पा रहे हैं। इस समय कतर और सऊदी अरब के हस्तक्षेप से दोनों देशों के बीच कोई सैन्य कार्रवाई नहीं हो रही है, लेकिन मुत्ताकी ने साफ कहा कि अगर पाक शांति व अच्छे रिश्ते नहीं चाहता तो अफगानिस्तान के पास और भी विकल्प मौजूद हैं, लेकिन अफगानिस्तान शांति में विश्वास रखता है। बड़ी बात मुत्ताकी ने कही वह यह है कि पाक अपने यहां आतंकी समूहों को क्यों काबू नहीं कर पा रहा है और अपने ही लोगों को खतरे में डालकर कुछ लोगों को खुश करने की क्यों कोशिश कर रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि कुछ ताकतें दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ा रही हैं। जहां तक बात भारत की है, अफगानिस्तान के साथ इस तरह की पहल बेहतर संबंधों को उसने की है व अफगान विदेश मंत्री ने उसको सराहा है यह बड़ी सफलता है।

### निजी कॉलेज परिसर में सुरक्षा सुनिश्चित करें



पश्चिम बंगाल के दुर्गापुर में मेडिकल छात्रा के साथ हुए दुष्कर्म की वारदात चौंकाने वाली है, हमारी सरकार ऐसी घटनाओं को बिल्कुल बर्दाश्त नहीं करती, वारदात में शामिल तीन आरोपी गिरफ्तार कर लिए गए हैं, पुलिस अन्य की तलाश कर रही है, किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा, निजी कॉलेजों को परिसर के भीतर और आसपास सुरक्षा सुनिश्चित करनी चाहिए, वह लड़की निजी मेडिकल कॉलेज में पढ़ रही थी, इसलिए निजी मेडिकल कॉलेज बताए कि वह रात के 12.30 बजे कैसे बाहर आ गई, ओडिशा में तीन सप्ताह पहले समुद्र तट पर तीन लड़कियों के साथ बलात्कार हुआ, ओडिशा सरकार ने क्या कार्रवाई की और बंगाल में अगर महिलाओं के साथ कुछ भी होता है तो हम इसे सामान्य मामला नहीं मानते, यह एक गंभीर मामला है।

**-ममता बनर्जी, सीएम, पश्चिम बंगाल**

## जल संकट की दस्तक दिल्ली से दूर नहीं





**विनीत नारायण**

इस वर्ष देश भर में हुई भारी बारिशों और जल प्रलय के बावजूद भारत के शहरी क्षेत्रों में जल संकट अब कोई दूर की आशंका नहीं, बल्कि एक कठोर सच्चाई बन चुका है। दिल्ली, मुंबई, चेन्नई, बेंगलुरु जैसे महानगर, जो आर्थिक प्रगति और आधुनिक जीवनशैली के प्रतीक हैं, अब जल प्रबंधन की विफलता के गंभीर परिणाम झेल रहे हैं। हाल ही में दिल्ली के वसंत कुंज क्षेत्र में तीन बड़े मॉल और आसपास की कॉलोनियों में पानी की सप्लाई पूरी तरह ठप हो जाने से यह संकट फिर सुर्खियों में आया। इन प्रतिष्ठानों को बंद करने की नौबत इसलिए आ गई है क्योंकि टैंकरों से इनकी जल आपूर्ति रुक गई, जबकि भूजल दोहन (ग्राउंड वॉटर बोरिंग) पर पहले से ही एनजीटी ने प्रतिबंध लगा रखा है। यह स्थिति केवल अस्थाई तकनीकी समस्या नहीं, बल्कि एक गहरे प्रशासनिक और नैतिक संकट की ओर संकेत करती है। पिछले सात दशकों में खरबों रुपया जल प्रबंधन पर खर्च किए जाने के बावजूद ऐसा क्यों है?

दिल्ली जैसे शहर में जहां जनसंख्या 2 करोड़ से अधिक है, जल आपूर्ति व्यवस्था लंबे समय से दबाव में है। दिल्ली जल बोर्ड के आंकड़ों के अनुसार, शहर में प्रतिदिन करीब 1,000 मिलियन गैलन पानी की मांग है, जबकि उपलब्धता मुश्किल से 850 मिलियन गैलन तक पहुंच पाती है। वसंत कुंज जैसे पॉश इलाकों में भी पिछले कुछ वर्षों से पानी की टंकियों और निजी टैंकरों पर निर्भरता बढ़ी है। परंतु इस बार स्थिति पहले से कहीं अधिक भयावह हो गई क्योंकि प्रशासन ने सुरक्षा और ट्रैफिक कारणों से टैंकरों की आवाजाही पर रोक लगा दी। इस निर्णय का सबसे बड़ा असर व्यापारिक केंद्रों जैसे मॉल्स, रेस्तरां और दुकानों पर पड़ा है। इन मॉल्स में हजारों कर्मचारी काम करते हैं और प्रतिदिन लाखों ग्राहक आते हैंय बिना पानी के ऐसी व्यवस्था एक दिन भी नहीं चल सकती। शौचालय, सफाई, भोजनालय, अग्निशमन प्रणाली, सब कुछ जल आपूर्ति पर निर्भर हैं। जब टैंकरों की आपूर्ति रुकी, तो केवल व्यापार ही नहीं, आसपास के आवासीय समाज भी संकट में पड़ गए। दिल्ली सरकार ने कुछ वर्ष पहले भूजल दोहन पर सख्त प्रतिबंध लगाया था। उद्देश्य यह था कि गिरते जलस्तर को रोका जाए। यह पहल पर्यावरणीय दृष्टि से आवश्यक थी, क्योंकि लगातार बढ़ते दोहन ने दिल्ली के अधिकांश क्षेत्रों में भूजल को 300 फीट से भी अधिक नीचे पहुंचा दिया था। लेकिन सवाल यह है कि क्या वैकल्पिक व्यवस्था पर्याप्त रूप से विकसित की गई? जब सरकार ने ग्राउंड वॉटर बोरिंग को गैरकानूनी घोषित किया, तब उसे समानांतर रूप से मजबूत टैंकर नेटवर्क, पुनर्चक्रण संयंत्र और रेन वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम विकसित करने चाहिए थे। दुर्भाग्यवश, नीतियां बनीं पर उनका कार्यान्वियन अधूरा रह गया। परिणामस्वरूप, लोग न तो कानूनी तरीके से पानी निकाल सकते हैं, न सरकारी वितरण पर भरोसा कर सकते हैं। सोचने वाली बात ए है कि यदि जाड़ों में यह हाल है तो गर्मियों में क्या होगा? दिल्ली ही नहीं, बल्कि पूरे देश में पानी की आपूर्ति से जुड़ा टैंकर कारोबार वर्षों से विवादों में रहा है। कई जगह यह सार्वजनिक सेवा से अधिक निजी व्यवसाय बन चुका है। अधिकारियों और टैंकर ठेकेदारों के बीच मिलीभगत के आरोप नए नहीं हैं। दिल्ली में जल आपूर्ति में आई यह हालिया बाधा भी ऐसे ही भ्रष्टाचार की परतें उजागर करती प्रतीत होती है। त्योहारों के मौसम में जब पानी की मांग बढ़ जाती है, घरों में सजावट, साफ-सफाई और उत्सव आयोजन अधिक होते हैं।ऐसे समय पर टैंकरों की आवाजाही पर प्रतिबंध या 'तकनीकी समस्या' का बहाना बना देना संदेह उत्पन्न करता है। कई स्थानीय निवासियों का कहना है कि कुछ जल एजेंसियों ने टैंकरों की उपलब्धता को कृत्रिम रूप से सीमित कर कीमतें बढ़ाने की कोशिश की है। इससे न केवल आम नागरिकों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ा, बल्कि मॉल्स और व्यापारिक प्रतिष्ठानों को बंद करने की स्थिति आ गई। अगर ए आरोप सही साबित होते हैं, तो यह सिर्फ प्रशासनिक लापरवाही नहीं, बल्कि नैतिक दिवालियापन का उदाहरण होगा। जल जैसी बुनियादी संपदा के साथ ऐसा बर्ताव किसी नागरिक समाज में अक्षम्य अपराध है। भारत में जल नीति के कई स्तर हैं। केंद्र सरकार, राज्य सरकारें और नगरपालिका निकाय सब अपने ढंग से काम करते हैं। लेकिन इन सबमें तालमेल का अभाव है। राष्ट्रीय जल नीति (2012) यह कहती है कि हर नागरिक को पर्याप्त और गुणवत्तापूर्ण जल मिलेगा, पर छोटे शहरों को तो छोड़ें, दिल्ली जैसे शहरों में भी वास्तविकता इसके उलट है। नगर पालिकाएं रेन वॉटर हार्वेस्टिंग की अनिवार्यता घोषित तो करती हैं, पर अधिकांश इमारतों में यह प्रणाली केवल कागजों पर मौजूद है। जल पुनर्चक्रण संयंत्रों की क्षमता भी इस संकट का सामना करने के लिए अपर्याप्त है। यमुना का प्रदूषण भी दिल्ली की जल आपूर्ति पर सीधा असर डालता है। यदि यमुना से शुद्ध जल नहीं मिलेगा, तो शहर को बाहरी स्रोतों पर निर्भर रहना पड़ेगा, जिससे राजनीतिक टकराव भी बढ़ते हैं। हालांकि नीति-निर्माण और कार्यान्वयन की बड़ी जिम्मेदारी सरकार पर है, नागरिक भी पूरी तरह निर्दोष नहीं हैं। शहरी समाज में जल का अनावश्यक उपयोग आम बात है। बागवानी में अत्यधिक पानी, कार धोने में व्यर्थ बहाव, और रिसाव की अनदेखी। स्वच्छ भारत मिशन या हर घर जल जैसे अभियानों की सफलता तभी संभव है जब लोग खुद बदलाव का हिस्सा बनें। रेन वॉटर हार्वेस्टिंग और ग्रे-वॉटर रीसाइक्लिंग जैसे उपाय व्यक्तिगत और सामुदायिक स्तर पर अपनाए जा सकते हैं। मॉल्स और हाउसिंग सोसाइटीज में यह व्यवस्था अनिवार्य की जानी चाहिए, ताकि टैंकरों पर निर्भरता घटे। दिल्ली का वर्तमान संकट केवल एक चेतावनी है। आने वाले वर्षों में ऐसी घटनाएं और बढ़ सकती हैं। विशेषज्ञों के मुताबिक, यदि ठोस कदम नहीं उठाए गए तो 2030 तक देश के आधे बड़े शहर 'जल-विहीन' क्षेत्रों की श्रेणी में आ सकते हैं। इसलिए अब समय है कि सरकार और समाज दोनों मिलकर दीर्घकालिक रणनीति अपनाएं। गौरतलब है कि अकबर की राजधानी फतेहपुर सीकरी पानी के अभाव के कारण मात्र 15 सालों में ही उजड़ गई थी। महानगरों में वर्षा जल संग्रहण प्रणाली को सख्ती से लागू करना। जल पुनर्चक्रण संयंत्रों की संख्या और क्षमता बढ़ाना। टैंकर संचालन को पारदर्शी और जीपीएस-नियंत्रित बनाना ताकि रिश्वतखोरी पर रोक लगे। यमुना जैसी नदियों की सफाई और पुनर्जीवन को प्राथमिकता देना। पानी की बर्बादी रोकने के लिए सख्त कानून और जनजागरूकता अभियान चलाना। इन कदमों के साथ-साथ यह भी सुनिश्चित करना होगा कि जल प्रबंधन केवल संकट आने पर चर्चा का विषय न बने, बल्कि शहरी नियोजन की मूल नीति का हिस्सा हो। दिल्ली पर आई जल संकट की दस्तक यह याद दिलाता है कि पानी केवल संसाधन नहीं, बल्कि जीवन का आधार है। जब-जब हम इसे समझने में चूक करते हैं, तो सभ्यता के अस्तित्व पर ही प्रश्नचिह्न लग जाता है। यदि सरकार और नागरिक समाज अब भी इस संकट को गंभीरता से नहीं लेते, तो 'जल युद्ध' भविष्य का नहीं, वर्तमान का शब्द बन जाएगा। जलसंकट का समाधान केवल योजनाओं से नहीं, ईमानदार नीयत और सामूहिक प्रयासों से ही संभव है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## पेंशन का अधिकार शिक्षकों की मांग



**शहज़ाद अली**

भारतीय शिक्षा प्रणाली के मूल में शिक्षक ही हैं, जो नई पीढ़ी को ज्ञान की ज्योति प्रदान करते हैं, लेकिन हाल के वर्षों में सरकारी नीतियों और न्यायिक फैसलों ने शिक्षकों के समक्ष नई चुनौतियां खड़ी कर दी हैं। एक ओर पुरानी पेंशन योजना की बहाली की मांग सरकारी कर्मचारियों, विशेषकर अध्यापकों के बीच जोर पकड़ रही है, तो दूसरी ओर सुप्रीम कोर्ट के हालिया आदेश ने टीचर एलिजिबिलिटी टेस्ट TET को अनिवार्य कर दिया है। ये दोनों मुद्दे शिक्षकों की आर्थिक सुरक्षा और पेशेवर योग्यता से जुड़े हैं। इस लेख के माध्यम से हम इन मांगों को सरकार एवं सरकारी संस्थाओं का ध्यानाकर्षण करेंगे, जो न केवल अध्यापकों की वर्तमान स्थिति को प्रभावित कर रहे हैं, बल्कि भविष्य की नीतियों को भी आकार दे रहे हैं। पुरानी पेंशन योजना सरकारी कर्मचारियों की लंबे समय से चली आ रही वह व्यवस्था थी, जिसमें सेवानिवृत्ति के बाद कर्मचारी को अंतिम वेतन का 50 प्रतिशत पेंशन के रूप में मिलता था, जिससे वह अपना शेष जीवन सम्मान से व्यतीत कर पाता था। 2004 के बाद यह लाभ छीन लिया गया, जिससे कर्मचारियों को एक तगड़ा शॉक लगा। हालांकि सरकारी नौकरी के लालच में सरकारी नौकर इस हानि को देखता और सहन करता रहा। अध्यापक समुदाय, जो मुख्य रूप से सरकारी या सहायता प्राप्त स्कूलों में कार्यरत हैं, इस बदलाव से सबसे अधिक प्रभावित हुआ है। दूसरी तरफ अन्य विभागों की ओर भी यदि देखा जाए तो वहां पर भी सेवारत कर्मचारियों / अधिकारी वर्ग को इस प्रकार के रीफ्रेशर कोर्स कराने की आवश्यकता होनी चाहिए मगर ऐसा नहीं है? क्यों कार्य क्षमता कसौटी अध्यापकों के लिए ही नियत हो? पचपन वर्ष की अवस्था पूर्ण कर रहे सभी प्रशासनिक,विधि, राजनीतिक व्यक्तियों के लिए कोई आकलन प्रक्रिया हो जाए तो इन क्षेत्रों में भी जनमानस को अपेक्षाकृत बेहतर सुविधाएं प्राप्त हो सकती हैं।

सरकार की नई पेंशन योजना के संबंध में अध्यापकों का तर्क है कि NPS में निवेश जोखिमपूर्ण है और मुद्रास्फीति के साथ पेंशन की राशि अपर्याप्त साबित हो रही है। फरवरी 2025 के एक फैसले में कोर्ट ने सेवानिवृत्ति से ठीक पहले वेतन वृद्धि (नोटिशनल इंक्रीमेंट) को पेंशन में शामिल करने का निर्देश दिया, जिससे हजारों पूर्व कर्मचारियों को राहत मिली। अध्यापकों की मांग अब OPS की पूर्ण बहाली पर केंद्रित है सुप्रीम कोर्ट के हालिया आदेश OPS की नैतिक और कानूनी वैधता को रेखांकित करते हैं। शिक्षक संघो द्वारा मांग की जा रही है कि पुरानी पेंशन योजना को बहाल किया जाए। यूनिफाइड पेंशन स्कीम 2025 के तहत सरकार ने कुछ राहत दी है, लेकिन अध्यापक इसे अपर्याप्त मानते हैं। पेंशन को अनुच्छेद 21 के तहत एक मौलिक अधिकार माना गया है, क्योंकि यह सेवानिवृत्त व्यक्तियों को वित्तीय सुरक्षा प्रदान करता है।

**TET अनिवार्यता**

सुप्रीम कोर्ट का ऐतिहासिक फैसला और अध्यापकों की चिंताएं, शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के तहत 2011 से TET को शिक्षक भर्ती के लिए अनिवार्य बनाया गया था, लेकिन सुप्रीम कोर्ट के 1 सितंबर 2025 के फैसले ने इसे और सख्त कर दिया। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि कक्षा 1 से 8 तक के गैर-माइनॉरिटी स्कूलों में कार्यरत सभी अध्यापकों,चाहे वे RTE से पहले नियुक्त हुए हों,को TET पास करना होगा। प्रमोशन के लिए भी TET अनिवार्य है। जिन अध्यापकों के पास 5 वर्ष से कम सेवा शेष है, उन्हें छूट दी गई है, वे सेवा जारी रख सकते हैं, लेकिन प्रमोशन नहीं पा सकेंगे। शेष को 2 वर्ष का समय दिया गया है, अन्यथा सेवा समाप्ति या अनिवार्य सेवानिवृत्ति हो सकती है। नियुक्ति के समय निर्धारित योग्यता पूर्ण मानते हुए ही कोई सरकारी विभाग व्यक्ति को नियुक्त करता है, इन अध्यापकों ने भी ऐसा ही किया है। अब नियुक्ति के बाद निर्गत आदेशों को सेवारत शिक्षक पर लगाया जाना औचित्यपूर्ण नहीं है हालांकि उक्त फैसला अंजुमन इशाअत-ए-तालीम ट्रस्ट बनाम महाराष्ट्र राज्य मामले में आया, जिसमें कोर्ट ने त्ज्म की धारा 23 का हवाला देते हुए कहा कि ज्म्ज शिक्षण योग्यता का न्यूनतम मानक है।इस आदेश का प्रभाव स्कूलों में 20-30 लाख अध्यापकों पर पड़ेगा। तमिलनाडु में ही 3 लाख से अधिक अध्यापक प्रभावित हैं, जहां ज्म्ज पास रेट मात्र 10-20: है। शिक्षको की मांग हैं कि त्ज्म लागू होने से पहले नियुक्त अध्यापकों को ज्म्ज से छूट दी जाए, क्योंकि उनकी अनुभव और प्रशिक्षण को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। शिक्षा विभाग समय-समय पर विषय आधारित एवं अन्य कौशलों पर आधारित प्रशिक्षण कराता है।उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री महोदय ने 16 सितंबर 2025 को इस फैसले के खिलाफ रिव्यू पिटिशन दायर करने का निर्देश दिया, स्वागत योग्य पाजिटिव पहल है जिससे आशा की किरण जगी है। अध्यापक मांग कर रहे हैं पुरानी पेंशन योजना को बहाल एवं लागू किया जाए एवं शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 जो कि जौलाई 2011 को लागू हुआ इससे पहले नियुक्त किसी भी शिक्षक पर टैट नही थोपा जाए।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## राहुल को जेपी का स्मरण कराया भी जा सकता है



**श्रवण गर्ग**

बिहार में परिवर्तन की जो आंधी इस समय चल रही है उसमें उस संपूर्ण क्रांति की झलक तलाश की जा सकती है जो 1974 में लोकनायक जयप्रकाश नारायण के नेतृत्व में हुई थी और जिसके परिणामस्वरूप 1977 में आजादी के बाद पहली बार केंद्र में एक गैर-कांग्रेसी सरकार की स्थापना हुई थी।





एक बड़ा फर्क तब और अब में यह है कि उस समय जो राजनीतिक सत्ता यानी सत्तारूढ़ कांग्रेस खलनायक के रूप में मौजूद थी वह इस समय राहुल की अगुवाई में नायकत्व की भूमिका में है। जिन सांप्रदायिक तत्वों यानी तब जनसंघ और आरएसएस ने अपने राजनीतिक हितों के लिए जेपी के 1974 के छात्र-आंदोलन पर कब्जा कर लिया था वे इस समय खलनायकों के रोल में हैं। राहुल की उम्र उस समय चार-पांच साल की रही होगी। राजीव गांधी और सोनिया गांधी तब सत्ता की राजनीति से कोसों दूर थे। दिल्ली में सत्ता के सारे सूत्र संजय गांधी और उनकी अतिविश्वस्त कोटरी के हाथों में थे। जेपी के साथ 1972 में हुए चंबल घाटी के ऐतिहासिक दस्यु आत्म-समर्पण के समय से जुड़े होने के कारण मैं बिहार आंदोलन के दौरान भी लोकनायक के साथ सक्रिय रूप से जुड़ा हुआ था। बिहार चुनावों को लेकर यूट्यूब चैनलों पर होने वाली बहसों के माध्यम से और राहुल गांधी की टीम से नजदीक से जुड़े एक सांसद के जरिए राहुल तक एक संदेश पहुंचाने की कोशिश मैंने पिछले दिनों की थी। राहुल गांधी तक संदेश यह पहुंचवाना था कि उन्होंने युवा शक्ति के माध्यम से मोदी की हुकूमत के खिलाफ लड़ाई की शुरुआत बिहार की क्रांति-उर्वरा धरती से की है। इंदिरा गांधी के खिलाफ जेपी की संपूर्ण क्रांति में लालू प्रसाद यादव प्रमुख छात्र नेता थे। राहुल की लड़ाई में उनके प्रमुख सहयोगी लालू के बेटे तेजस्वी यादव हैं। राहुल के समर्थन में बिहार के युवा भी उसी तरह से समर्पित हैं जिस तरह 1974 में जेपी के प्रति थे।

राहुल गांधी पटना सहित बिहार के अन्य स्थानों की यात्राएं लगातार कर रहे हैं। उनकी ऐतिहासिक वोटर अधिकार यात्रा का समापन भी पटना में ही हुआ था। विपक्षी गठबंधन इंडिया ब्लॉक की पहली बैठक भी पटना में ही हुई थी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार उस बैठक के आयोजक थे। केजरीवाल भी उस बैठक में उपस्थित थे। बाद में इंडिया ब्लॉक को धोखा देकर बीजेपी से हाथ मिला लिया। मेरा सुझाव यह था कि राहुल अपनी किसी पटना यात्रा के दौरान अगर जेपी के कदम कुआं स्थित निवास स्थान पहुंचकर संपूर्ण क्रांति के नायक को अपने श्रद्धासुमन अर्पित कर देंगे तो उसका संदेश बिहार के गांव-गांव तक पहुंच जाएगा। बिहार के संवेदनशील युवाओं के साथ राहुल का बांड और मजबूत हो जाएगा। केंद्र की वर्तमान गैर-कांग्रेसी सरकार हालांकि जेपी के उसी संपूर्ण क्रांति आंदोलन की देन है पर नरेंद्र मोदी, अमित शाह और जेपी नड्डा से इस तरह की कोई अपेक्षा नहीं की जा सकती। आश्चर्य नहीं हुआ कि राहुल गांधी की ओर से सुझाव को गौर करने योग्य नहीं समझा गया। मैं यह भी मानने को तैयार हूं कि संदेश उन तक नहीं पहुंच पाया होगा। इस तरह का विचार तो राहुल या उनकी टीम के लोगों के मन में स्वत: भी आ सकता था। राहुल बिना किसी पूर्व-घोषणा और मर्जी से अलग-अलग जगहों पर जाते रहते हैं। लोगों से मिलते हैं, उन्हें गले लगाते रहते हैं ! बिहार में युवा क्रांति की अगुवाई कर जननायक बनने वाले नेता को तो अपनी पहली ही पटना यात्रा में कदम कुंआ के ठिकाने की याद आ जानी चाहिए थी। अगर नहीं आई तो दिलाई भी जा सकती थी। मैं जिस पूर्वाग्रह से मुक्त होना चाहता हूं वह यह है कि राहुल गांधी को गुस्सा भी आता है और उनकी ही पार्टी और सहयोगी दलों के नेता उनसे खौफ भी खाते हैं। संपूर्ण क्रांति के लोकनायक जेपी का अगर राहुल ने पटना में स्मरण नहीं किया तो उसमें उनकी चुनावी स्ट्रेटेजी की कमी भी तलाशी जा सकती है। आश्चर्य ही व्यक्त किया जा सकता है कि 1974 के आंदोलन की ही उपज लालू यादव के प्रति अगर राहुल के मन इतना सम्मान है तो जेपी के प्रति उसका चुनावी-प्रदर्शन भी क्यों नहीं हो सकता।

**राहुल गांधी पटना सहित बिहार के अन्य स्थानों की यात्राएं लगातार कर रहे हैं। उनकी ऐतिहासिक वोटर अधिकार यात्रा का समापन भी पटना में ही हुआ था। विपक्षी गठबंधन इंडिया ब्लॉक की पहली बैठक भी पटना में ही हुई थी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार उस बैठक के आयोजक थे। केजरीवाल भी उस बैठक में उपस्थित थे। बाद में इंडिया ब्लॉक को धोखा देकर बीजेपी से हाथ मिला लिया। मेरा सुझाव यह था कि राहुल अपनी किसी पटना यात्रा के दौरान अगर जेपी के कदम कुआं स्थित निवास स्थान पहुंचकर संपूर्ण क्रांति के नायक को अपने श्रद्धासुमन अर्पित कर देंगे तो उसका संदेश बिहार के गांव-गांव तक पहुंच जाएगा।**

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# 58 पाक सैनिक मारे गिराए: अफगान

## 25 चौकियों पर कब्जा भी किया, कहा: आईएसआई के आतंकियों को पनाह दे रहा पाकिस्तान

**काबुल।** अफगानिस्तान ने दावा किया कि उसकी सेना ने शनिवार रात को पाकिस्तान सीमा पर हुई झड़प में 58 पाकिस्तानी सैनिकों को मार गिराया है। यह कार्रवाई पाकिस्तान की ओर से किए गए हवाई उल्लंघन के जवाब में की गई।

तालिबान सरकार के प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद ने कहा कि अफगान सुरक्षा बलों ने पाकिस्तान की 25 सैन्य चौकियां कब्जे में ले ली हैं। इस कार्रवाई में 58 पाकिस्तानी सैनिक मारे गए, जबकि 30 अन्य घायल हुए हैं। अफगान रक्षा मंत्रालय ने कहा: हमारा आपरेशन आधी रात को खत्म हो गया। अगर पाकिस्तान ने फिर से अफगानिस्तान सीमा का उल्लंघन किया, तो हमारी सेना देश की रक्षा के लिए पूरी तरह तैयार है। अफगान अधिकारियों ने पाकिस्तान पर राजधानी काबुल और देश के पूर्वी इलाके के एक बाजार पर बमबारी करने का आरोप लगाया था।

हालांकि पाकिस्तान ने इस हमले की जिम्मेदारी नहीं ली थी। जबीहुल्लाह मुजाहिद ने रविवार को प्रेस कान्फ्रेंस कर पाकिस्तान के खिलाफ चलाए गए आपरेशन की जानकारी दी। तालिबान ने पाकिस्तान पर आरोप लगाया है कि वह अपनी जमीन पर आईएसआई के आतंकियों को शरण दे रहा है। मुजाहिद ने इन आतंकियों को अफगानिस्तान समेत पूरी दुनिया के लिए खतरा बताते हुए उन्हें पाकिस्तान से निकालने या अफगानिस्तान के हवाले करने के लिए कहा। तालिबान प्रवक्ता ने बताया कि अफगानिस्तान ने अस्थिरता फैलाने वाले सभी तत्वों को खत्म कर दिया था, लेकिन अब उनके नए ठिकाने पाकिस्तान के पख्तूनख्वा इलाके में बना दिए गए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि इन ठिकानों पर कराची और इस्लामाबाद एयरपोर्ट के जरिए नए लड़ाकों को लाया जा रहा है और यहीं पर उन्हें ट्रेनिंग दी जा रही है। मुजाहिद ने यह भी दावा किया कि ईरान और रूस में हुए हमलों की योजना भी इन्हीं पाकिस्तानी ठिकानों से बनाई गई थी। उन्होंने कहा, पाकिस्तानी गृह मंत्रालय की तरफ से जारी बयान में कहा गया है कि अफगानिस्तान को भी भारत की तरह मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा, ताकि वह पाकिस्तान की ओर बुरी नजर से देखने की हिम्मत न कर सके। गृह मंत्री मोहसिन नकवी ने कहा है कि हालिया हमलों के बाद पाकिस्तान चुप नहीं बैठेगा, ईंट का जवाब पत्थर से दिया जाएगा। वहीं, पाकिस्तानी मीडिया डान के अनुसार, पाक सेना ने अफगानिस्तान की 19 सीमा चौकियों पर कब्जा कर लिया। रेडियो पाकिस्तान के अनुसार, अफगान हमले सीमा के करीब छह इलाकों में हुए। पाकिस्तान के खैबर-पख्तूनख्वा प्रांत के एक अधिकारी ने मीडिया को बताया कि पाकिस्तानी सेना ने भी जवाब में भारी गोलीबारी की। लड़ाई के दौरान पाकिस्तानी सेना ने 3 अफगान ड्रोन मार गिराए, आशंका जताई गई है कि ये ड्रोन बम ले जा रहे थे। सऊदी अरब ने इस लड़ाई पर चिंता जताई है। सऊदी सरकार ने दोनों देशों से शांति और बातचीत के जरिए मामला सुलझाने की अपील की है और तनाव बढ़ाने से बचने को कहा है। दरअसल 9 अक्टूबर को अफगानिस्तान की राजधानी काबुल में तहरीक-ए-तालिबान पाक के ठिकानों पर हवाई हमले हुए थे। तालिबान का कहना था कि ये हमले पाकिस्तान ने किए थे। हालांकि पाकिस्तान ने साफ तौर पर ये नहीं कहा कि ये हमले उसने किए, लेकिन उसने तालिबान को चेतावनी दी कि वह अपनी जमीन पर टीटीपी को पनाह न दे।



■ अफगान को भी भारत की तरह मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा: पाकिस्तानी गृह मंत्रालय का दावा

### खैबर पख्तूनख्वा में दो आतंकवादी मारे गए

**इस्लामाबाद।** उत्तर पश्चिम पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में चलाये गए एक अभियान में दो आतंकवादी मारे गए और दो अन्य घायल हो गए हैं। पुलिस ने रविवार को इसकी जानकारी दी। कैपिटल सिटी पुलिस अधिकारी पेशावर मियां सईद ने एक बयान में कहा कि यह घटना शनिवार को खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के पेशावर जिले के हसन खेल इलाके में हुई, जहां आतंकवादियों ने पुलिस थाने पर हमला करने की कोशिश की। उन्होंने कहा कि पुलिस ने तुरंत जवाबी कार्रवाई की और हमलावरों के साथ घंटों तक भारी गोलीबारी होती रही। संदिग्धों का पीछा करने के लिए इलाके में अतिरिक्त बल भेजा गया है।



नई दिल्ली। अफगान दूतावास में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान बोलते अफगानिस्तान के विदेश मंत्री आमिर खान मुत्ताकी।

## सूडान में आरएसएफ के ड्रोन हमले, 60 से ज्यादा की मौत

**खार्तूम।** पश्चिमी सूडान के एल फशर शहर में अर्धसैनिक रैपिड सपोर्ट फोर्स (आरएसएफ) द्वारा किए गए ड्रोन हमलों में शनिवार को 60 से जयादा नागरिक मारे गए। यह जानकारी एक स्वयंसेवी समूह ने दी है। एल फशर में प्रतिरोध समितियों के समन्वय ने एक बयान में कहा कि दार अल-अरक़म आश्रय स्थल को एक रणनीतिक ड्रोन और आठ से जयादा आग लगाने वाले बमों से निशाना बनाया गया, जिससे शवों के ढेर ऐसे बिखरे पड़े थे जिसका वर्णन करना मुश्किल है। एक चिकित्सा सूत्र ने बताया कि आरएसएफ ने सुबह दार अल-अरक़म आश्रय स्थल और ओमदुरमान इस्लामिक विश्वविद्यालय पर व्यवस्थित ड्रोन हमले किए, जिसमें बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों सहित 30 से जयादा नागरिक मारे गए और कई लोग घायल हुए। सूत्र ने बताया कि शवों को अल फशर स्थित सऊदी अस्पताल लाया गया। एक प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि ड्रोन हमलों का सीधा निशाना दक्षिणी अल फशर स्थित दार अल-अरकम आश्रय गृह था जहां कुछ लोग आश्रय गृह के अंदर जलकर मर गए।

## संक्षिप्त समाचार

### अदालत ने रोक दी ट्रम्प की नेशनल गार्ड तैनाती

**वाशिंगटन।** अमेरिका में इलिनाय राज्य में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा भेजी गई नेशनल गार्ड की टुकड़ियां अब राज्य में रह सकती हैं, लेकिन फिलहाल उन्हें किसी भी फेडरल प्रापर्टी की सुरक्षा या गश्त पर तैनात नहीं किया जा सकता। यह आदेश अपील्स कोर्ट ने सुनाया। इससे पहले फेडरल जज एप्रिल पेरी ने गुरुवार को नेशनल गार्ड की तैनाती को कम से कम दो सप्ताह के लिए अस्थाई रूप से रोक दिया था। जज ने यह भी कहा कि ट्रम्प के इमिग्रेशन क्रैकडाउन के दौरान इलिनाय में विद्रोह का कोई स्पष्ट खतरा मौजूद नहीं है। अपील्स कोर्ट ने इस मामले में सुनवाई को रोकते हुए आगे के तर्कों की प्रतीक्षा करने का आदेश दिया।

### बांग्लादेश में सेना के 15 अधिकारियों को लिया हिरासत में

**ढाका।** बांग्लादेश से एक बड़ी खबर सामने आ रही है। जहां 15 सेना के अधिकारियों को हिरासत में लिया गया है। मामले में बांग्लादेश की सेना ने कहा कि देश के अंतर्राष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण के आदेश पर 15 सेवा में रह रहे अधिकारियों को हिरासत में लिया गया है। इन अधिकारियों पर पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के शासनकाल में कथित मानवता के खिलाफ अपराधों का आरोप है। सेना के एडजुटेंट जनरल मेजर जनरल मोहम्मद हाकिमुज्जामान ने बताया कि कुल 16 अधिकारियों को सेना मुख्यालय में हाजिर होने के निर्देश दिए गए थे, जिनमें से 15 ने हाजिरी लगाई।

### अमेरिकी सैन्य संयंत्र में विस्फोट में 16 लोगों की मौत

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका के टेनेसी में शुक्रवार को एक सैन्य संयंत्र में हुए विस्फोट में 16 लोगों के मारे जाने की आशंका है। हालांकि विस्फोट में कोई भी जीवित नहीं बचा है। स्थानीय अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। टेनेसी आपातकालीन प्रबंधन एजेंसी (टीईएमए) ने एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि यह विस्फोट सैन्य विस्फोटकों के उत्पादन वाली कंपनी एक्यूरेट एनर्जेटिक सिस्टम्स, एलएलसी में स्थानीय समयानुसार सुबह लगभग 7:45 बजे नैशविले, टेनेसी के दक्षिण-पश्चिम में हुआ। विस्फोट के कारणों की जांच अभी जारी है। विज्ञप्ति के अनुसार काफी मात्रा में मलबे और विस्फोटक पदार्थों की संभावित उपस्थिति के कारण प्रतिक्रिया अभियान धीरे-धीरे और व्यवस्थित रूप से आगे बढ़ रहा हैं।

## चीन 100% टैरिफ पर उठाएगा सख्त कदम

### दुर्लभ खनिज निर्यात पर प्रतिबंध का किया बचाव, वैश्विक शांति की रक्षा में जायज कदम बताया

**बीजिंग।** चीन ने रविवार को दुर्लभ खनिजों और उनसे जुड़ी वस्तुओं पर अपने नए निर्यात नियंत्रण उपायों का बचाव किया और कहा कि यह वैश्विक शांति की रक्षा के लिए उठाया गया जायज कदम है। इसके साथ ही चीन ने अमेरिका को चेतावनी दी कि अगर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प चीनी निर्यात पर सौ फीसदी टैरिफ लगाने की धमकी को अमल में लाते हैं, तो वह सख्त कदम उठाएगा।

बीजिंग ने दुर्लभ खनिजों, लिथियम बैटरियों और इन खनिजों से बनी अत्यधिक कठोर सामग्री के खनन और प्रसंस्करण (प्रोसेसिंग) से जुड़ी तकनीकों और उपकरणों के निर्यात पर नए प्रतिबंधों की घोषणा की थी। ये नए नियंत्रण उपाय तत्काल प्रभाव से लागू हो गए और इसमें उत्पादन तकनीकों का विदेशी स्थानांतरण भी शामिल है। इन नियंत्रण उपायों (जो तत्काल प्रभाव से लागू हो गए) में उत्पादन तकनीकों का विदेशी स्थानांतरण भी शामिल है। चीन ने कहा कि यह फैसला इस वजह से लिया गया है, क्योंकि कुछ विदेशी कंपनियां चीन से मिली सामग्री का उपयोग सैन्य उद्देश्यों के लिए कर रही थीं। चीन के इस कदम पर प्रतिक्रिया देते हुए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने एक नवम्बर से चीनी वस्तुओं पर 100 फीसदी टैरिफ लगाने की धमकी दी। उन्होंने यह भी संकेत दिया कि वह 'सभी जरूरी साफ्टवेयर' के निर्यात पर रोक लगा सकते हैं।

## ट्रम्प की मौजूदगी में होगी इजरायली बंधकों की रिहाई

### मिस्र में 20 से ज्यादा देशों के नेता जुटेंगे

**तेल अवीव।** गाजा सीजफायर समझौते के पहले चरण के तहत 48 बंधकों की रिहाई सोमवार सुबह से शुरू हो सकती है, जिनमें से 20 जीवित व्यक्ति और 28 शव सौंपे जाएंगे। इजरायली सेना ने शुक्रवार दोपहर तक गाजा से अपनी प्रारंभिक वापसी पूरी कर ली, जिसके बाद हमास को 72 घंटे का समय दिया गया है।

वहीं, सोमवार को मिस्र में गाजा युद्ध समाप्त करने के समझौते पर चर्चा होगी। इसमें अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प सहित 20 से अधिक विश्व नेता भाग लेंगे। दूसरी ओर, हमास ने मिस्र में सोमवार को होने वाले गाजा पीस समिट के आधिकारिक हस्ताक्षर समारोह (दूसरा चरण) में शामिल होने से इन्कार कर दिया है। संगठन के वरिष्ठ नेता होस्साम बडरान ने कहा कि वे अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की योजना के कुछ हिस्सों से असहमत हैं। बडरान ने कहा कि फलस्तीनियों को (हमास का सदस्य हो या नहीं) उनकी जमीन से निकालने की बात बेतुकी है। उन्होंने समझौते के दूसरे चरण की बातचीत को जटिल और कठिन बताया। हमास के एक दूसरे अधिकारी ने कहा कि संगठन का निरस्त्रीकरण (हथियार छोड़ना) बिल्कुल असंभव है, भले ही वे गाजा की सत्ता छोड़ दें। इजरायल लगभग 2,000 फलस्तीनी कैदियों को रिहा करेगा। टाईम्स आफ इजरायल के मुताबिक, अंतर्राष्ट्रीय रेड क्रास समिति इस अदला-बदली की देखरेख करेगी। रिपोर्ट में कहा गया कि अगर हालात अनुकूल रहे तो रिहाई रविवार रात से भी शुरू हो सकती है।



हमास का गाजा पीस समिट में शामिल होने से इन्कार

## अमेरिका के नए राजदूत ने पीएम मोदी से की मुलाकात

### ट्रम्प के साइन वाली तस्वीर भी प्रधानमंत्री को भेंट की, इस पर लिखा: पीएम मोदी आप महान हैं


**नई दिल्ली।** अमेरिका के नए नामिनेटेड राजदूत सर्जियो गोर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। गोर ने पीएम मोदी को एक तस्वीर भी भेंट की। इस तस्वीर में मोदी और ट्रम्प प्रेस कान्फ्रेंस करते नजर आ रहे हैं। इस पर ट्रम्प का संदेश और हस्ताक्षर थे, जिसमें लिखा था: प्रधानमंत्री मोदी आप महान हैं। पीएम मोदी ने इस मौके पर कहा कि उन्हें विश्वास है कि गोर के कार्यकाल में भारत-अमेरिका के संबंध और मजबूत होंगे।

प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया पर लिखा कि अमेरिका के राजदूत-निर्धारित सर्जियो गोर का भारत में स्वागत करके खुशी हुई। मुझे भरोसा है कि उनके कार्यकाल में भारत-अमेरिका की साझेदारी और मजबूत होगी। पीएम मोदी ने इस साल जनवरी में ट्रम्प के शपथग्रहण के बाद अमेरिका का दौरा किया था। इस दौरान नेताओं ने प्रेस कान्फ्रेंस की थी। इससे पहले सर्जियो गोर ने आज विदेश मंत्री जयशंकर और विदेश सचिव विक्रम मिसरी से भी मुलाकात की। इन बैठकों में दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी पर चर्चा हुई। अमेरिका के राजदूत गोर का अमेरिकी दूतावास ने भी आधिकारिक रूप से स्वागत किया और कहा कि वह भारत-अमेरिका संबंधों को और मजबूत बनाने के लिए काम करेंगे। गोर ने अमेरिकी दूतावास के बाहर खड़े होकर तस्वीर भी खिचाई। इसे दूतावास ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर शेयर किया है।

# अमन-मुहब्बत, सुकून, भाईचारे की जगह है आगरा की शहीद-ए-सालिस की दरगाह

**-शहीद-ए-सालिस की दरगाह देती है इंसानियत और भाईचारे का पैगाम**
**-दरगाह की पहचान हिन्दू, मुस्लिम, सिक्ख, ईसाई आते हैं मन्नतें व मुरादें मांगने**

उत्तर प्रदेश का शहर आगरा जहां एक ओर ताजमहल जैसी विश्व धरोहर के लिए मशहूर है, वहीं दूसरी ओर यह शहर अपनी रूहानी हस्तियों और सूफी संतों की वजह से भी खास पहचान रखता है। इसी सिलसिले की एक महान शख्सियत हैं हजरत शहीद-ए-सालिस रहमतुल्लाह अलैह। उनकी दरगाह आज भी हर उस इंसान के लिए रोशनी का चिराग है, जो अमन, मुहब्बत और सुकून व भाईचारे को तलाश करता है।





**इतिहास और जीवन**- माना जाता है कि हजरत शहीद-ए-सालिस अपनी जिन्दगी में बड़े परहेजगार, इंसान-नवाज और खुदा के नेक बंदों में से थे। उन्होंने अपनी पूरी जिन्दगी इंसानियत की सेवा, नेक सलाह और मुहब्बत फैलाने में गुजारी। उनकी तालीमात यही कहती है कि इंसान का असल धर्म मुहब्बत और भलाई है।

उनकी शहादत ने उन्हें 'शहीद' का दर्जा दिलाया और उनकी याद आज भी लोगों के दिलों में ताजा है। आगरा की इस दरगाह पर लोग हर रोज दुआओं के लिए आते हैं और अपनी मुरादें मांगते हैं।

**मजलिसों व अकीदत का केंद्र**-शहीद-ए-सालिस की दरगाह पर हर साल मजलिसों का आयोजन होता है। आगरा ही नहीं बल्कि देश के अलग-अलग हिस्सों से जायरीन पहुंचते हैं। चादरपोशी, कुरआनख्वानी से माहौल रूहानी रंग में रंग जाता है। यह केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि भाईचारे और मोहब्बत का पैगाम देने वाला एक बड़ा सामाजिक उत्सव भी है।

**मजहब और जाति से परे अकीदत**-दरगाह की सबसे बड़ी खूबी यह है कि यहां आने वालों पर कोई बंधन नहीं है। चाहे वह हिंदू हों, मुसलमान, सिख हो या ईसाई सब यहां एक ही मकसद से आते हैं और वह है दुआ और सुकून। यह दरगाह इंसानियत की उस मिसाल को पेश करती है, जो सदियों से भारत की गंगा-जमुनी तहजीब की पहचान रही है।

**आज के दौर में अहमियत**-आज जब समाज में नफरत और दूरी पैदा करने की कोशिशें होती हैं, ऐसे समय में शहीद-ए-सालिस की दरगाह मुहब्बत और अमन का झंडा बुलंद करती नजर आती है। यहां आने वाला हर शख्स यही पैगाम लेकर लौटता है कि इंसानियत सबसे बड़ा मजहब है।

**शहीद-ए-सालिस (तीसरे शहीद) का संक्षिप्त परिचय**

पूरा नाम: काजी नूरुल्लाह शुस्तरी, उपनाम- शहीद-ए-सालिस (तीसरे शहीद) जन्म:1549 ईस्वी (956 हिजरी), शुस्तार, ईरान, भारत आगमन: मशहद से होकर आगरा आए, जहां उन्होंने अकबर के दरबार में न्याय व्यवस्था में योगदान दिया। मुकदमा और शहादत- जब जाहिरुद्दीन मुगल (जहांगीर) सत्ता में आए, काजी की धार्मिक किताबों विशेषकर अहकाक-उल-हक को आधार बनाकर उन पर बहिष्कार हेरिसी का आरोप लगाया गया और उन्हें खुदा-खुद दंडित कर शहीद कर दिया गया (1610)। मजार का प्रयास: उनके शव को पहले नीलाम कर छोड़ा गया, लेकिन बाद में कुछ अफगान अनुयायियों और एक ईरानी सरदार ने उनके दफन का प्रबंध किया, जो आज आगरा में उनकी दरगाह के रूप में स्थित है। विरासत- आगरा में उनकी दरगाह पर आज भी सबकी आस्था का केंद्र है, जहां विविध धर्म और तबके के लोग सिर झुकाकर श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं।

## आगरा में शहीदे सालिस की चार दिवसीय मजलिसे होंगी 20 अक्टूबर 25 से शुरू

**मौलाना डा. मिर्जा शफ़ीक हुसैन शफ़क बनाए गए हैं मजलिसों के कॉर्डिनेटर**





**आगरा/लखनऊ।** आगामी माह अक्टूबर की 20 तारीख से 23 अक्टूबर 2025 तक चार दिवसीय मजलिसों की तैयारियां का अंतिम दौर चल रहा है। आगरा में दयाल बाग रोड स्थित मज़ार शहीद-ए-सालिस पर हर साल की तरह इस साल भी मजलिस प्रोग्राम तय हो गए हैं। मजलिस कार्यक्रम के कॉर्डिनेटर मौलाना डा. मिर्जा शफ़ीक हुसैन शफ़क ने जानकारी देते हुए बताया कि आगामी माह अक्टूबर 2025 की 20, 21, 22 व 23 तारीख पर चार दिवसीय सालाना मजलिसें शुरू हो जाएंगी, जिसके लिए तैयारियां भी जारी हैं और चार दिवसीय मजलिस में उलेमाओं के तकरीर देने के कार्यक्रम भी तय किए जा चुके हैं। उन्होंने बताया कि मौलाना सैयद कल्बे जव्वाद के ज़ेरे परस्त में आयोजित होने वाली मजलिसों व दूरदराज से आने वाले जायरीनों के लिए अच्छे इंतज़ाम किए जा रहे हैं। पूरे प्रोग्राम शिया सेंट्रल वक्फ बोर्ड उप्र लखनऊ के चेयरमैन अली ज़ैदी की देखरेख में आयोजित होंगे। डा. मिर्ज़ा शफ़ीक हुसैन 'शफ़क' ने जानकारी देते हुए बताया कि सालाना मजालिस बयादे शहीदे सालिस 'काजी नुरुल्लाह शूस्तरी' आगरा की याद में होंगी। इसके अलावा मैनेजर अली अब्बास रिज़्वी भी मजलिसों के प्रोग्राम को सफल बनाने की तैयारियों में लगे हुए हैं। उन्होंने बताया कि 21 अक्टूबर को रात्रि आठ बजे महफिल-ए-मिदहत प्रोग्राम भी होगा।




जिया अब्बास ज़ैदी
वरिष्ठ पत्रकार
मोबाइल नंबर-9837776610,
ई-मेल- ziaabbaszaidist@gmail.com


## अमेरिका के साथ निष्पक्ष बात करने को तैयार: ईरान

**तेहरान।** ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची ने शनिवार को कहा कि उनकी सरकार अमेरिका से निष्पक्ष और संतुलित बात करने के लिए तैयार है। अराघची ने सरकार समर्थित आईआरआईबी टीवी पर दिए अपने साक्षात्कार में परमाणु मुद्दे पर अमेरिका के साथ दोबारा बातचीत शुरू करने और प्रतिबंधों को हटाने के संबंध में ईरान का रुख बताया। उन्होंने कहा कि अगर अमेरिका ईरान के हितों की सुरक्षा करने की कोई सक्षम योजना पेश करता है, तो निश्चित रूप से उस पर गौर किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अमेरिका के सामने हमारा रुख हमेशा स्पष्ट रहा है।

## इराक ने की अमेरिकी प्रतिबंधों की आलोचना

**बगदाद।** इराक ने शनिवार को उसकी संस्थाओं पर हाल ही में लगाए गए अमेरिकी प्रतिबंधों की आलोचना की और इस कदम को एक 'बेहद खेदजनक' और एकतरफ़ा कार्रवाई बताया। इराकी सरकार के प्रवक्ता बसीम अल-अवदी ने एक बयान में कहा कि अमेरिकी कानूनी उपायों के अधीन पक्षों के साथ उनके कथित संबंधों के बहाने इराकी संस्थाओं पर अमेरिकी प्रतिबंध बिना किसी पूर्व परामर्श या बातचीत के लगाए गए, जो सहयोगी देशों के बीच संबंधों के प्रति दृष्टिकोण में एक नकारात्मक मिसाल पेश करता है।